WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार, 16 जुलाई 2024 वर्ष-10 अंक- 96 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सही बात है। पैसा बोलता है। यदि पैसा जरूरत से ज्यादा हो तो वो बोलता नहीं बल्कि जोर जोर से चीखता और चिल्लाता भी है। सबको अपनी असीमित ताकत दिखाता भी है। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में देश ही नहीं दुनिया ने पैसे को बोलते, डोलते, नाचते और गाते देखा है। सीधी सी बात है जिसके पास जो चीज होती है उसका वह प्रदर्शन करता ही है। इसमें कोई हर्ज नहीं है लेकिन इस शाही शादी में भी कुछ लोग मीन मेख निकालकर चिल्ल पौं मचा रहे हैं। नाराज फूफा की तरह मुंह फुला रहे हैं।

हिंद महासागर में भारत-अमेरिका की नौसेनाओं ने किया युद्धाभ्यास

चीन की चुनौती से निपटने की तैयारी

नई दिल्ली । भारतीय नौसेना के अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों ने हिंद महासागर में अमेरिका के थियोडोर रूजवेल्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ एक सैन्य अभ्यास किया। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के बीच समुद्री क्षेत्र में बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है। यह युद्धाभ्यास 12 जुलाई को आयोजित किया गया। अमेरिकी दूतावास ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।

अमेरिकी दूतावास ने जारी किया बयान

अमेरिकी नौसेना का कैरियर बैटल ग्रुप या कैरियर स्ट्राइक ग्रुप एक मेगा नौसेना बेड़ा है, जिसमें एक विमानवाहक पोत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट, बड़ी संख्या में विध्वंसक, फ्रिगेट और

अन्य जहाज शामिल हैं। यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट अमेरिकी नौसेना का निमित्ज-श्रेणी का परमाणु ऊर्जा से चलने वाला विमानवाहक पोत है। अमेरिकी दूतावास ने बयान जारी कर कहा कि थियोडोर रूजवेल्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप ने 12 जुलाई को हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की सेनाओं के साथ युद्धाभ्यास किया। यह युद्धाभ्यास ऐसे समय में हुआ है जब इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर भारत-अमेरिका चिंतित हैं।

भारतीय नौसेना के विध्वंसक पोत हुए शामिल

भारतीय नौसेना की तरफ से गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम और आईएनएस आदित्य शामिल हुए। अमेरिकी दूतावास के बयान में कहा गया है कि इस संयुक्त समुद्री गतिविधि ने दो प्रमुख रक्षा भागीदारों के बीच अंतर-संचालन को बढ़ावा दिया और एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को बनाए रखने के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। युद्धाभ्यास के दौरान सूचनाओं के आदान-प्रदान, पुनः पूर्ति और रसद आपूर्ति के साथ ही हवाई क्षमताओं में सुधार करने पर फोकस किया गया।

प्यार में कैसे मरा जाता है; मैं बताता हूं

मेरठ। मेरठ के गंगानगर में अम्हेड़ा में किराए पर कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अभिषेक गुर्जर (19) ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले अभिषेक ने एक नंबर पर आखिरी मेसेज भेजा। इसमें लिखा था कि प्यार में कैसे मरा जाता है, ये मैं बताता हूं। इसके बाद उसने तीन लाइन का सुसाइड नोट लिखा, जिसमें अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात कही। इसके बाद बेड की चादर से पंखे पर फंदा बनाकर जान दे दी।

फिर नई ऊंचाइयों पर शेयर

मुंबई । घरेलू बाजारों में सोमवार को शुरुआती

कारोबार में भी तेजी रही। निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि सेंसेक्स 290 अंक चढ़ा। वैश्विक बाजारों में तेजी से भी शेयर बाजार में आशावादी रुख को बल मिला। सेंसेक्स 145.52 अंक चढ़कर 80,664.86 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। इसके साथ ही निफ्टी 84.55 अंक की बढ़त के साथ 24,586.70 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 83.60 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आज आई उछाल में विदेशी फंडों की ताजा आमद और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में खरीदारी की अहम भूमिका रही।

22 तक बढ़ाई गई सिसोदिया की रिमांड

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के

एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया।

अनुयायियों ने बैरियर पर ही मत्था टेका

मैनपुरी(ए.) । मैनपुरी में रविवार को साकार हरि के जन्मदिन पर बिछवां कस्बा स्थित आश्रम पर

हजारों की संख्या में अनुयायी पहुंचे। पहले से ही सतर्क आश्रम की सुरक्षा में लगी पुलिस ने सभी को बैरियर पर ही रोक दिया। आश्रम के अंदर किसी को नहीं जाने दिया। रोके जाने के बाद अनुयायी बैरियर के पास ही दंडवंत हो गए। पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए अनुयायियों की भीड़ एकत्र नहीं होने दी। हाथरस कांड के बाद लगातार कस्बा स्थित साकार विश्व हरि के आश्रम पर अनुयायियों के आने का सिलसिला जारी है।

भाजपा विधायक के बिगड़े बोल

गुना (ए.)। बीजेपी विधायक का एक और अजीबोगरीब बयान सामने आया है। भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा है कि ये कॉलेज की डिग्री से कुछ होने वाला नहीं है। मोटरसाइकिल की पंचर की दुकान खोल लेना। उससे कम से कम अपना जीवनयापन चलता रहे। यह बात गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह में कही। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने फीता काटकर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया।

भोजशाला विवाद : एएसआई ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में सौंपी दो हजार पेज की रिपोर्ट

22 जुलाई को होगी सुनवाई, धार जिले के 11वीं सदी में बने परिसर का विवाद नया नहीं

इंदौर(ए.)। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने धार जिले में स्थित भोजशाला का सर्वे पूरा कर अपनी दो हजार पेज की रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच को सौंप दी है। अब 22 जुलाई को इस मसले पर सुनवाई होगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 23 साल पहले लागू की गई व्यवस्था को क्या हाईकोर्ट इस रिपोर्ट के आधार पर बदल देगा?

धार जिले के इस 11वीं सदी में बने परिसर का विवाद नया नहीं है। हिंदू समुदाय भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है। मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद कहता है। हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस की याचिका पर हाईकोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को आदेश दिया था कि वह छह हफ्ते में भोजशाला परिसर की साइंटिफिक स्टडी कर अपनी रिपोर्ट सौंपे। हालांकि, रिपोर्ट सौंपने के लिए एएसआई ने और वक्त मांगा। तीन बार समय बढ़ाया गया। चार जुलाई को हाईकोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिए थे कि 15 जुलाई तक अपनी पूरी रिपोर्ट सौंप दें।

यह है आदेश, जिस पर है विवाद: एएसआई ने 22 मार्च को इस विवादित परिसर का सर्वे शुरू किया था। करीब तीन महीने यह सर्वे चला। दरअसल, पूरा विवाद एजेंसी के सात अप्रैल 2003 के आदेश को लेकर है। हिंदुओं और मुस्लिमों में विवाद बढने पर एएसआई ने आदेश जारी कर परिसर में प्रवेश को सीमित किया था। आदेश के बाद 21 साल से हिंदू सिर्फ मंगलवार को भोजशाला में पूजा-अर्चना कर सकते हैं। मुस्लिम सिर्फ ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

हिंदू पक्षकार ने कहा- हमारा पक्ष मजबूत, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस के वकील एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इस मामले में एएसआई रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। एएसआई रिपोर्ट ने हमारे केस को मजबूत किया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच के सामने हमने कहा था कि यह परिसर एक हिंदू मंदिर का है। इसका इस्तेमाल मस्जिद की तरह हो रहा है। 2003 में एएसआई ने जो आदेश पारित किया था, वह पूरी तरह गलत है। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। हमने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने एएसआई को साइंटिफिक स्टडी के निर्देश दिए थे। दो हजार पेज की रिपोर्ट में हमारा पक्ष मजबूत हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की कार्यवाही पर स्टे दे रखा है। इस वजह से हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं।

सुको भी जाएगा मामला

भोजशाला के मसले पर एक पक्ष पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिया था कि साइंटिफिक स्टडी करने के दौरान भोजशाला के भौतिक ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। साथ ही हाईकोर्ट को यह सख्त निर्देश दिए थे कि वह फिलहाल इस पर कोई निर्णय नहीं ले सकेगा। इसी वजह से हिंदू पक्ष अब एएसआई की रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कह रहा है।

सार्वजनिक नहीं होगी रिपोर्ट

एएसआई की रिपोर्ट की प्रतियां दोनों ही पक्षों को सौंपी जाएगी। कोर्ट ने दोनों ही पक्षों को सख्त निर्देश दिए हैं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक न करें। एएसआई ने कार्बन डेटिंग, जीपीएस सहित अन्य तकनीक इस सर्वे में अपनाई है। भोजशाला के बड़े हिस्से में खुदाई भी की गई है। दावा किया गया है कि खुदाई के दौरान पुरानी मूर्तियों के अवशेष, धार्मिक चिह्न मिले हैं। अफसरों ने सर्वे की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई है। सर्वे रिपोर्ट में खुदाई में मिले अवशेषों के फोटो भी प्रस्तुत किए गए।

ट्रंप के सुरक्षा घेरे में शामिल महिला कर्मियों पर छिड़ी बहस

किसी ने चश्मे तो किसी ने कद पर उठाए सवाल

वॉशिंगटन(ए.)। एक कहावत है जाको राखे साइयां, मार सके न कोय, यह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बिल्कुल सटीक साबित होती है। ट्रंप के ऊपर शनिवार को पेंसिल्वेनिया में जानलेवा हमला किया गया। वह यहां एक रैली को संबोधित कर रहे थे, इसी दौरान एक हमलावर ने दूर एक बिल्डिंग की छत से एक के बाद एक कई गोलियां चलाईं। एक गोली डोनाल्ड ट्रंप को छूते हुए निकली। हालांकि वह बाल-बाल बच गए। ट्रंप तुरंत झुककर नीचे बैठे और इसके साथ ही उनकी सुरक्षा में लगे सीक्रेट सर्विस के एजेंट ने उन्हें घेर लिया। कुछ ही पल में जब ट्रंप को सीक्रेट सर्विस के एजेंट ने उठाया तो उनके चेहरे पर खून लगा दिखाई दे रहा था। ट्रंप पर हमले की खबर पूरी दुनिया में तेजी से फैली, लेकिन अमेरिका में इसके बाद एक बहस छिड़ गई है। ट्रंप की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर पूर्व सीक्रेट सर्विस के रहते राष्ट्रपति पर जानलेवा हमला कैसे हुआ।

सीक्रेट सर्विस की चीफ पर गिरी गाज

गौरतलब है, अमेरिका में राष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीक्रेट सर्विस के ऊपर होती है। इसे बेहद ही चुस्त सुरक्षा एजेंसी माना जाता है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के बाद इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। हमले के बाद अमेरिकी कांग्रेस के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के पैनल ने सीक्रेट सर्विस की डायरेक्टर किंबर्ली ए चीटल को बयान देने के लिए पेश होने को कहा है। किंबर्ली को हमले के बारे में 22 जुलाई को अपनी गवाही देनी होगी।

ट्रंप पर हमले की मीडिया रिपोर्टिंग पर उठे सवाल

डोनाल्ड ट्रंप पर हमले को लेकर कहा जा रहा है कि अमेरिकी समाज राजनीतिक रूप से इतना बंट गया है कि इसकी वजह से वहां हिंसा भड़कने का खतरा पैदा हो गया है। राष्ट्रपति बाइडन ने भी देश के नाम अपने संबोधन में इस राजनीतिक प्रतिद्वंदिता को कम करने की अपील की। हालांकि ऐसा लगता है कि ट्रंप पर हमले के बाद ये राजनीतिक प्रतिद्वंदिता कम होने की बजाय और बढ़ गई है। दरअसल ट्रंप समर्थकों का मानना है कि पूर्व राष्ट्रपति पर हमले की अमेरिकी मीडिया ने भ्रामक रिपोर्टिंग की।

शाह ने तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बाढ़ और बारिश की ली जानकारी

नई (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया। साथ ही केंद्र की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। सूत्रों ने बताया कि शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने मौजूदा स्थिति और अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की। केंद्रीय गृह मंत्री ने दोनों राज्यों में भारी बारिश के बाद नदियों में बढ़ते जलस्तर के कारण पैदा हुई स्थिति का जायजा लिया। शाह ने तीनों मुख्यमंत्रियों को स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव

मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया। सैकड़ों जानें जा चुकी हैं

बता दें, असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में लगभग 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बारिश से संबंधित घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच हुआ अहम समझौता

हिंद-प्रशांत देश में चार परियोजनाएं विकसित की जाएंगी

नई दिल्ली । भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच सोमवार को अहम समझौता हुआ है, जिसके तहत हिंद-प्रशांत देश में चार परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। इन योजनाओं के संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर आयोजित

सिग्नेचर प्रोग्राम में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने परस्पर एकजुटता और सहयोग बढ़ाने का संदेश दिया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, मार्शल द्वीप गणराज्य में चार सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर का अवसर खुशी देने वाला है, क्योंकि इसकी मदद से मार्शल आइलैंड को काफी फायदा होगा और ये उसके बुनियादी ढांचे के विकास का भी आधार बनेगा

संबंधों का लंबा है इतिहास

विदेश मंत्री बोले, भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य की दोस्ती का लंबा इतिहास है और गुजरते वक्त के साथ इसमें विस्तार हुआ है। उन्होंने एफआईपीआईसी शिखर सम्मेलन के दौरान प्रशांत द्वीप समूह के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

इमरान खान की पार्टी पीटीआई पर बैन लगाने की तैयारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सरकार जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इमरान खान राज्य विरोधी गतिविधियों के आरोप में पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार इस बात की जानकारी साझा की है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

जवानों ने नक्सली स्मारक को किया ध्वस्त

सुकमा /नवप्रदेश। सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार ऑपरेशन तेज किए गए हैं और बारिश के बीच ऑपरेशन मानसून जारी है। जहां नक्सलियों की मांद में घुसकर नक्सलियों के कैंपों तक सुरक्षाबल अपनी पहुंच मजबूत कर रहे हैं और नक्सलियों की डंप की गई सामग्री को भी बरामद की जा रही है।

वहीं स्मारकों के जरिए नक्सलियों द्वारा विचारधारा के प्रचार प्रसार पर भी सुरक्षाबलों के द्वारा अंकुश लगाने का काम किया जा रहा है । इसी के तहत किस्टाराम इलाके में सुरक्षा बलों ने लंबे समय से नक्सलियों द्वारा बनाए गए नक्सली स्मारक ध्वस्त कर दिया है। मामले की पुष्टि करते हुए सुकमा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव ने बताया कि ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

धर्म-कर्म...

केदारनाथ से गायब हुआ 228 किलो सोना, पीएम मोदी से मुलाकात पर कही शंकराचार्य ने यह बात

केदारनाथ में सोने का घोटाला हुआ है, उस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया जाता: अविमुक्तेश्वरानंद

मुंबई । दिल्ली के बुराड़ी में केदारनाथ मंदिर बनाने को लेकर देश के कई जगहों पर विरोध हो रहे हैं। अब ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इसे लेकर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, केदारनाथ में सोने का घोटाला हुआ है, उस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया जाता है? उन्होंने पूछा, वहां घोटाला करने के बाद अब दिल्ली में केदारनाथ का निर्माण कराया जाएगा। फिर एक घोटाला होगा।

उस पर कोई जांच नहीं बैठाई गई

उन्होंने कहा, केदारनाथ से 228 किलो सोना गायब कर दिया गया है। आज तक उस पर कोई जांच नहीं बैठाई गई है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। अब यह कहा जा रहा है कि दिल्ली में केदारनाथ बनाएंगे, ऐसा नहीं हो सकता है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने लगाया आरोप

पीएम मोदी पर पूछे सवाल पर उन्होंने कहा, वो मेरे पास आए और प्रणाण किया. हमारा जो नियम है हमने उन्हें आशीर्वाद दिया. नरेंद्र मोदी हमारे दुश्मन थोड़े हैं। हम उनके हितैषी हैं, हमेशा उनका हित चाहते हैं। जब उनसे कोई गलती होती है हम उसको लेकर बोलते हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के बाद शनिवार (13 जुलाई 2024) को आयोजित शुभ आशीर्वाद सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र पहुंचे थे। वहां शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भी मौजूद थे। पीएम मोदी अनंत राधिका को आशीर्वाद देने के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पास गए और उनसे आशीर्वाद लिया था। दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बनाए जाने को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार (14 जुलाई 2024) को भी नराजगी जाहिर की थी। उन्होंने पूछा था, आखिर क्यों केदारनाथ धाम के नाम से राजधानी दिल्ली में मंदिर बनाने की जरूरत पड़ रही है. उन्होंने इसे केदारनाथ धाम की गरिमा और महत्व को कम करने का प्रयास बताया था।

उद्धव विश्वासघात के शिकार : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

मुंबई। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने वाले उत्तराखंड के ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) नेता विश्वासघात के शिकार हैं। उन्होंने ठाकरे के बांद्रा स्थित आवास मातोश्री में उनसे मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात हुआ है। कई लोग इससे दुखी हैं। मैंने आज उनके अनुरोध पर उनसे मुलाकात की। मैंने उनसे कहा कि जब तक वह दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन जाते, लोगों का दर्द कम नहीं होगा।

जो विश्वासघात को सहन करता है, वह हिंदू है : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने

कहा, उद्धव ने कहा कि वह हमारे आशीर्वाद के बाद जो भी करना होगा, करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वासघात सबसे बड़ा पाप है। जो विश्वासघात करता है, वह हिंदू नहीं हो सकता। जो विश्वासघात को सहन करता है, वह हिंदू है।

बाहुड़ा यात्रा
गुंडिचा से श्री मंदिर लौटे जगन्नाथ

पुरी। पुरी में बाहुड़ा यात्रा सोमवार को शुरू हो गई। यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बाहुड़ा यात्रा भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के नौ दिन के प्रवास के अंत का प्रतीक है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई-बहन के साथ तीन अलग-अलग रथों पर सवार होकर श्री गुंडिचा मंदिर से श्री मंदिर लौटे। भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा इन रथों को खींचा गया। बाहुड़ा यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

बाहुड़ा यात्रा के लिए सभी अनुष्ठानों का कार्यक्रम तय है। परंपरा के अनुसार गुंडिचा मंदिर में सभी अनुष्ठान पूरे होने के बाद, दोपहर 12 बजे देवताओं की 'पहांडी' निकाली गई। रथों को खींचने की परंपरा निभाई गई। रथों को खींचने की विधि पूरी होने के बाद, रथों के ऊपर अन्य अनुष्ठान किए गए। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के अनुसार सभी अनुष्ठानों को सुचारू और अनुशासित तरीके से आयोजित करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

ओडिशा के एडीजी (कानून और व्यवस्था) संजय कुमार ने बताया कि 'अनुष्ठानों के अनुसार, सुबह 8 बजे से ही कार्यक्रम शुरू हुआ। सुबह 6 बजे से ही पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। उन्होंने बताया कि हमारी मुख्य चिंता यातायात है। इस साल की यातायात व्यवस्था, सबसे बेहतरीन यातायात व्यवस्थाओं में से एक, हर कोई इसकी सराहना कर रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को भी उन्नत किया गया है और हमारा प्रयास है कि जब भक्त देवताओं को खींच रहे होंगे, तब कोई समस्या न हो। न ही कोई भी अप्रिय घटना घटे, सब कुछ ठीक से व्यवस्थित है। पूरा शहर सीसीटीवी से कवर है। एआई भी अच्छी तरह से काम कर रहा है।'

न्यूज़ गैलरी

डिप्टी सीएम शिवकुमार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को झटका दिया है। कोर्ट ने शिवकुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने ऊपर आय से अधिक संपत्ति के कथित मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की थी। बताया गया है कि शिवकुमार ने मामले के भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताई थी और सुप्रीम कोर्ट से जांच को खत्म करने की मांग की थी। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय से उनकी याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने कहा कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप के लिए तैयार नहीं हैं, इसलिए शिवकुमार की याचिका को खारिज किया जाता है। गौरतलब है कि शिवकुमार ने इससे पहले सीबीआई केस रद्द करवाने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। तब उन्हें उच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली थी। हाईकोर्ट ने मामले में सीबीआई से तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था।

मुंबई से गोरखपुर आ रही ट्रेन में ठाणे के पास लगी आग, कोई यात्री हताहत नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर आ रही एक ट्रेन के डिब्बे में सोमवार सुबह आग लग गई। इस घटना में किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है। बताया गया है कि ठाणे जिले के पास यह आग ब्रेक बाइंडिंग की वजह से ट्रेन के एक पहिए में लगी थी। इस आग पर तुरंत ही काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गोरखपुर जा रही इस ट्रेन को ठाणे जिले के ठाकुरली स्टेशन पर ही रोक लिया गया। इसके एस-8 कोच में आई गड़बड़ी को बाद में ठीक कर लिया गया। ठाकुरली स्टेशन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर है। इस घटना के बाद यात्रियों में डर फैल गया। उन्होंने तुरंत ही ट्रेन में सवार रेलवे स्टाफको इसकी सूचना दी। आग बुझाने के 20 मिनट बाद ही इस ट्रेन को आगे रवाना कर दिया गया।

व्यवसायी से कॉल सेंटर का लाइसेंस दिलाने के नाम पर 17 करोड़ की धोखाधड़ी

सूरत। गुजरात के सूरत के एक व्यवसायी को कॉल सेंटर का लाइसेंस दिलाने के नाम पर 17 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामले सामने आया है. साथ ही लाइसेंस देने के नाम पर न्यूटाउन के एक होटल में बुलाकर उसे बंदूक की नोक पर बंधक बनाकर रखने का भी आरोप लगा है. कोर्ट के आदेश के बाद अंत में जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी शुभोजीत मुखर्जी को गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक, पीड़ित व्यवसायी का नाम निखिल कुमार प्रकाश भाई पटेल है. गुजरात के सूरत के साई श्रद्धा आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निखिल ने गत पांच मई 2023 को बारासात कोर्ट में एक शिकायत दर्ज करायी थी.

व्यवसायी से सामान और उसके पासपोर्ट भी छीन लिये थे आरोपी

शिकायत के आधार पर अदालत के निर्देश पर बागुईहाटी थाने की पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार किया. निखिल का आरोप है कि 2009 में शुभोजीत मुखर्जी और सौमेन सेनगुप्ता नामक दो लोगों से उसका परिचय हुआ था. उन लोगों ने निखिल को खुद को एक प्रतिष्ठित कंपनी का निदेशक बताते हुए परिचय दिया था. व्यवसायी से संपर्क कर उसे तरह तरह से झांसा दे रहे थे. उसे कॉल सेंटर का लाइसेंस दिलाने के नाम पर 2009 से 2015 तक बैंक के माध्यम से 17 करोड़ रुपये लिया गया.

संसद सुरक्षा चूक : दिल्ली पुलिस ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

नई दिल्ली। संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस मामले में अब आरोपियों को दो अगस्त को कोर्ट में पेश किया जाएगा और सुनवाई होगी।

आरोप है कि मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम, ललित झा और महेश कुमावत नामक लोगों ने संसद में अवैध रूप से प्रवेश किया। साथ ही चालू सत्र के दौरान लोकसभा में धुएं के कैन फेंके। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने उपराज्यपाल से यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत उनके अभियोजन का अनुरोध किया था। एलजी ने रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री पाए जाने पर अभियोजन स्वीकृति प्रदान की।

इस मंजूरी से पहले समीक्षा समिति (डीओपी, तीस हजारी, दिल्ली) ने भी 30 मई को जांच एजेंसी द्वारा एकत्र किए गए संपूर्ण साक्ष्यों की जांच की। जांच में संसद हमले के मामले में आरोपियों की संलिप्तता पाई गई थी। इसे देखते हुए समीक्षा समिति ने पाया कि प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला बनता है। दिल्ली पुलिस ने लोकसभा में सुरक्षा अधिकारी द्वारा की गई शिकायत पर संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की तहत एफआईआर दर्ज की।

1000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सात जून को इस मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद के खिलाफ करीब 1000 पन्नों का आरोपपत्र दायर किया था।

आरोपियों पर यूएपीए के तहत चलेगा केस

इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छह आरोपियों पर गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। इन लोगों पर 13 दिसंबर 2023 को सदन की कार्यवाही के दौरान संसद पर कथित रूप से हमला करने का आरोप है।

बाद में मामले की जांच संसद मार्ग पुलिस स्टेशन से पीएस स्पेशल सेल, नई दिल्ली की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट को स्थानांतरित कर दी गई थी। जांच के दौरान उपरोक्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और वर्तमान में वे सभी न्यायिक हिरासत में हैं।

वाल्मिकी कॉरपोरेशन घोटाले पर हंगामा
भाजपा का आरोप दिल्ली कांग्रेस का एटीएम बनी कर्नाटक सरकार

बेंगलुरू। कर्नाटक में भाजपा ने सोमवार को महर्षि वाल्मिकी जनजातीय विकास निगम में हुए कथित घोटाले के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने सरकार के खिलाफ विधानसभा तक विरोध मार्च निकाला। कर्नाटक में महर्षि वाल्मिकी जनजातीय विकास निगम में कथित तौर पर 180 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला हुआ है। एसआईटी द्वारा इसकी जांच की जा रही है।

भाजपा का आरोप- दलितों की रकम को लूटा गया

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि सिद्धारमैया सरकार में कई घोटाले और धांधली का खुलासा हुआ है। इस सरकार ने लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने का वादा किया था। सिद्धारमैया ने सीएम बनने से पहले दलितों और आदिवासियों की बेहतरी के लिए काम करने की बात कही थी, लेकिन ये सरकार पूरी तरह से असफल हुई है। भाजपा नेता सीटी रवि ने कहा कि 'उन्होंने (कांग्रेस) महर्षि वाल्मिकी जनजातीय विकास निगम के पैसे को लूटा। कांग्रेस ने इस पैसे का इस्तेमाल चुनाव में किया। यह हमारा कर्तव्य है कि हम दलितों को न्याय दिलाएं। दलितों का पैसा लूटा गया है। हम इस पर चुप नहीं रह सकते। दूध, पेट्रोल समेत कई अन्य चीजों के दाम बढ़ा दिए गए हैं।'

कर्नाटक विधानसभा में नेता विपक्ष आर अशोक ने कहा कि 180 करोड़ का ये बड़ा घोटाला है। सरकार के पास पैसे नहीं बचा है और इसलिए वे हर चीज के दाम बढ़ा रहे हैं। दूध और पेट्रोल के दाम बढ़ा ही चुके हैं। उन्हें आम आदमी की चिंता नहीं है। कर्नाटक कांग्रेस, दिल्ली कांग्रेस का एटीएम बन गई है।

ओली के बेमेल गठबंधन में क्या चल पाएगा चीन का खेल

नई दिल्ली। कहते हैं कि राजनीति में न कोई स्थाई दोस्त होता है और न ही स्थाई दुश्मन, सिर्फ हित स्थाई होते हैं. और यही हित राजनीति में बेमेल गठबंधन बनाते हैं. नेपाल में ही एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है. दो पूर्व प्रधानमंत्रियों की पार्टियों ने मिलकर सरकार बनाई है।

केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) और शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस (NC) के बीच गठबंधन हो गया है. इस कारण पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' को प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ा है.

ओली और देउबा की पार्टियों की बीच गठबंधन से पहले एक राजनीतिक समझौता भी हुआ था. समझौते के तहत, बाकी के बचे कार्यकाल में दोनों ही बारी-बारी से प्रधानमंत्री पद संभालेंगे. शुरुआत में केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री बनेंगे. उनके 21 महीने बाद देउबा प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। 13 जुलाई को नेपाल की संसद में विश्वास मत पर वोटिंग हुई थी. 275 सीटों वाली संसद में प्रचंड के समर्थन में सिर्फ 63 तो विरोध में 194 वोट पड़े थे। प्रचंड के विश्वास मत हारने के बाद अब ओली और देउबा की गठबंधन सरकार बन गई है. हालांकि, इस गठबंधन को 'बेमेल' कहा जा रहा है. वो इसलिए क्योंकि दोनों की ही विचारधारा काफी जुदा है. बहरहाल, केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं और अब उन्हें 30 दिन के भीतर संसद में विश्वास मत

संसद में किसकी कितनी ताकत?

नेपाल की संसद को प्रतिनिधि सभा कहा जाता है. 275 सीटों वाली संसद में सबसे बड़ी पार्टी देउबा की है. उनकी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीटें हैं. जबकि, ओली की पार्टी CPN-UML की 78 सीटें हैं। दूसरी ओर, प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के पास महज 32 सीटें हैं. इनके अलावा जनता समाजवादी पार्टी की 5, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी की 14 और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की 4 सीटें हैं।

धन विधेयक के सहारे कानून बनाने के खिलाफ सुको में याचिका

नई दिल्ली। आधार अधिनियम जैसे कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। अब सुप्रीम कोर्ट इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए एक पीठ गठित करने पर विचार कर रहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से अपील करते हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि याचिकाओं को सूचीबद्ध करने की जरूरत है ताकि उन पर सुनवाई हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने पीएमएलए कानून की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था, लेकिन इसने इस मुद्दे को खुला रखा कि क्या पीएमएलए में संशोधन को धन विधेयक के रूप में पारित किया जा सकता है। इस सवाल पर सात न्यायाधीशों की पीठ द्वारा विचार किया जाना था। सात जजों की पीठ पहले से ही धन विधेयक को परिभाषित करने के संवैधानिक

प्रश्न और किसी विधेयक को धन विधेयक के रूप में प्रमाणित करने के लोकसभा स्पीकर के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र के दायरे पर विचार कर रही है।

क्या होता है धन विधेयक

गौरतलब है कि धन विधेयक एक ऐसा विशेष विधेयक है, जिसे केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है। और राज्यसभा उसमें संशोधन या अस्वीकृति नहीं कर सकती। उच्च सदन सिर्फसिफारिशें कर सकता है और लोकसभा द्वारा उन सिफारिशों को माना भी जा सकता है और नहीं भी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 110 के तहत परिभाषित मनी बिल, टैक्स, सार्वजनिक खर्च आदि जैसे वित्तीय मामलों से संबंधित है।

याचिकाओं में सरकार पर लगाए गए आरोप

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 'जब मैं संविधान पीठों का गठन करूंगा, तब इस पर फैसला लूंगा।' दरअसल धन विधेयक को लेकर विवाद तब उठा जब सरकार ने आधार अधिनियम और धन शोधन निवारण अधिनियम में कई संशोधनों को धन विधेयक के रूप में पेश किया था। इसके चलते इन विधेयकों को राज्यसभा में पेश नहीं किया गया, जहां सरकार के पास बहुमत नहीं था। इसके खिलाफसुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि सरकार ने राज्यसभा को दरकिनार करने के लिए ही कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित कराया।

राज्यसभा में बीजेपी को होगी मदद की दरकार! 86 रह गई सांसदों की संख्या

नई दिल्ली। राज्यसभा में बीजेपी के चार मनोनीत सदस्य शनिवार को रिटायर्ड हो गए। इसके बाद उच्च सदन में पार्टी की ताकत 86 और एनडीए की 101 रह गई है। राज्यसभा में मौजूदा सदस्यों की संख्या 226 है। फिलहाल 19 सीटें रिक्त हैं।

हालांकि एनडीए आगामी बजट सत्र के दौरान सात गुट निरपेक्ष मनोनीत सदस्यों, दो निर्दलीय और एआईएडीएमके और वाईएसआरसीपी जैसे मित्र दलों के समर्थन से सदन में प्रमुख विधेयक पारित करा सकता है, लेकिन मनोनीत श्रेणी के तहत रिक्तियों को जल्द से जल्द भरना गठबंधन की दूसरों पर निर्भरता को कम करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

बीजेपी को कितनी सीटें?

आगामी महीनों में इन 11 सीटों पर चुनाव होने से संभवतः एनडीए को आठ सीटें और इंडिया ब्लॉक को तीन सीटें मिलेंगी। इनमें तेलंगाना से कांग्रेस को मिलने वाली एक सीट भी शामिल है। इससे पार्टी की सीटों की संख्या 27 हो जाएगी - जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता का पद बरकरार रखने के लिए आवश्यक सीटों से दो अधिक है।

वर्तमान में इंडिया ब्लॉक के सदस्यों की संख्या 87 है। वहीं, गैर-एनडीए और गैर इंडिया विपक्षी दलों की संख्या 29 है।

राज्यसभा में 19 सीटें खाली

वर्तमान में, उच्च सदन में 19 रिक्तियां हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर और मनोनीत श्रेणी से चार-चार, और आठ विभिन्न राज्यों से 11 सीटें शामिल हैं। इन 11 सीटों में से 10 सीटें पिछले महीने लोकसभा के सदस्यों के चुनाव के कारण खाली हुई थीं, जबकि एक भारत राष्ट्र समिति के सदस्य के. केशव राव के इस्तीफे के कारण खाली हुई थी। राव बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए।

इन सदस्यों का पूरा हुआ कार्यकाल

राकेश सिन्हा, राम शकल, सोनल मानसिंह और महेश जेठमलानी चार मनोनीत सदस्य हैं जो शनिवार को रिटायर्ड हो गए। राज्यसभा में मनोनीत होने के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से बीजेपी से नाता जोड़ लिया था। मनोनीत श्रेणी में एक और सदस्य गुलाम अली हैं जो बीजेपी का हिस्सा हैं। वे सितंबर 2028 में रिटायर्ड होंगे। राष्ट्रपति सरकार की सिफारिश पर राज्य सभा में 12 सदस्यों को मनोनीत करते हैं। मौजूदा सदन में, उनमें से सात ने खुद को गुटनिरपेक्ष (भाजपा का हिस्सा नहीं) रखा, लेकिन ऐसे सदस्य किसी भी कानून या प्रस्ताव को पारित करने में हमेशा सत्ताधारी पार्टी का पक्ष लेते हैं।

फिर बंगाल के पुलिस महानिदेशक बने राजीव कुमार, चुनाव के दौरान हटाया था आयोग ने

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पुलिस के महानिदेशक (डीजी) के पद पर आईपीएस राजीव कुमार की सोमवार को फिर से वापसी हो गई. इसके पहले लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने राजीव को डीजी पद से हटा दिया था. आईपीएस संजय मुखर्जी को उनकी जगह राज्य पुलिस का डीजी बनाया गया था. ऐसी अटकलें थीं कि लोकसभा चुनाव और उपचुनाव के बाद उनकी डीजी पद पर वापसी हो सकती है. वह अटकलें सोमवार को सच निकली. संजय मुखर्जी को डीजी (फायर) के पद पर भी वापस भेज दिया गया है. वहीं राजीव कुमार को फिर से पश्चिम बंगाल पुलिस का महानिदेशक बनाया गया है. राज्य सचिवालय नबान्न की तरफ से सोमवार को इसे लेकर नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है. बताया जा रहा है कि, लोकसभा चुनाव से तीन महीने पहले राजीव कुमार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य का डीजी नियुक्त किया था. लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद ही आयोग ने उन्हें डीजी पद से हटा दिया था. वह इतने लंबे समय से राज्य सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे.

न्यूज गैलरी

शहर से कचरे का उठाव तुरंत करें : कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम सभी जोन में किसी भी स्थिति में कचरे का जमाव न होने दें। यह पाया जा रहा है कि कूड़े का देरी से उठाव होने से जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है, इससे संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना रहेगा। निगम का अमला रिस्पॉस टाईम में कचरे का उठाव करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने समय-सीमा की बैठक में सभी जोन कमिश्नरों को दी। उन्होंने कहा कि कंडम गाड़ियों के कारण सड़कों में, गलियों में यातायात बाधित हो रहा है। नगर निगम और पुलिस संयुक्त अभियान चलाकर इन्हें हटाएं और कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा डीकेएस, मेकाहारा तथा सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल-कॉलेजों के बाहर अवैध रूप से ठेलें-खोमचें का कब्जा हुआ है। जिससे इन स्थानों आवाजाही में बाधा और अन्य शिकायतें आ रही है। सड़कों के किनारे कबाड़ और कंडम गाड़ियों सहित यातायात बाधित हो रहें है। पुलिस विभाग, नगर निगम ऐसे मामलों पर समय-समय पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी अपने क्षेत्रों में सरकारी जमीन में कब्जा और अतिक्रमण जैसी सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम सड़कों में वीडियो वैन चलाकर दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण के रिकॉर्डिंग फोटोकॉपी करें और दुकानदार को वीडियो, फोटो सहित नोटिस भेजकर चालानी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा कि धनेली, मंदिर हसौद, व्हीआईपी रोड सहित अन्य स्थानों पर विचरण कर रहें आवारा मवेशी धर-पकड़ करें और संबंधित गौठानों, कांजीहाउस में भेजें। इस संबंध में एनएचए पुलिस और नगर निगम संयुक्त रूप से अभियान चलायें। ध्वनि प्रदूषण के मामलों पर पुलिस विभाग कड़ी कार्रवाई करें और प्रतिवेदन प्रदान करें।

कलेक्टर ने ली स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी गरिमापूर्वक मनाया जाएगा।कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तमाम तैयारियों के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा एवं समस्त कार्यालयों में प्रातः 07:30 बजे तथा कलेक्टोरेट में प्रातः 08 बजे ध्वजारोहण होगा। कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय पुरस्कार का वितरण किया जाएगा।

राजधानी में सीबीआई की दो जगह छापे

- **तत्कालीन पीएससी अध्यक्ष सचिव समेत कई अधिकारीयों के घर और दफ्तर में चल रही जांच**

रायपुर/नवप्रदेश। तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में हुए पीएससी भर्ती में गड़बड़ी की जांच करते हुए सीबीआई ने 2020-22 में हुई पीएससी की परीक्षा के दौरान छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से डिप्टी कलेक्टरों, डीएसपी और अन्य वरिष्ठ पदों के चयन में पक्षपात के आरोपों के मामले की जांच शुरू कर दी है। सीबीआई ने सीजी पीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष और सचिव के आवासीय परिसरों में सोमवार को तलाशी ली। इसके अलावा रायपुर और भिलाई में परीक्षा नियंत्रक के परिसरों पर भी सीबीआई ने दबिश दी।

राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने मामला दर्ज किया था और छत्तीसगढ़ के मामलों की जांच के लिए पूर्व में तत्कालीन अध्यक्ष, तत्कालीन सचिव, तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक, सभी के खिलाफ पीएस ईओडब्ल्यू/एसीबी रायपुर में अपराध क्रमांक 05/2024 और पीएस अर्जुंदा जिला-बालोद में अपराध क्रमांक 28/2024 के तहत दर्ज किया गया था। सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) और अन्य पर अपने बेटे, बेटी, रिश्तेदारों, उनके परिचितों आदि की भर्ती करके अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाया है, जो छत्तीसगढ़ राज्य सरकार में विभिन्न पदों के लिए कथित रूप से अयोग्य उम्मीदवार थे। वर्ष 2020-2022 में तत्कालीन अध्यक्ष के बेटे को कथित तौर पर डिप्टी कलेक्टर के रूप में चुना गया था, उनके बड़े भाई के बेटे को डिप्टी एसपी के रूप में चुना गया था और उनकी बहन की बेटी को श्रम अधिकारी, उनके बेटे की पत्नी को डिप्टी कलेक्टर और उनके भाई की बहू जिला आबकारी अधिकारी के रूप में चुना गया था।

विरागमुनि के मंगल प्रवेश पर निकली शोभायात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। सदर बाजार जैन मंदिर से एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी तक आज भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रास्ते भर में जिन शासन के जयकारे गूंजते रहे और गुरुभक्ति का उल्लास छाया रहा। वरघोड़े के साथ हाथी, घोड़े और ऊंट की पालकी यात्रा के साथ चलती रही। गुरू के सम्मान में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर मंगल कलश यात्रा निकाली, जो शोभायात्रा के साथ चल रहीं थी। दादाबाड़ी में सुमधुर संगीतमयी प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

खाद्य मंत्री बघेल ने गुणवत्तापूर्ण चावल पर विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

- **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के सभा कक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर खाद्य विभाग के सचिव बसवराजू एस. विशेष सचिव के डी कुंजाम और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि विभाग का दायित्व एवं प्राथमिकता सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है और समय पर उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन उपलब्ध कराना है। दूरस्थ क्षेत्रों में चना, गुड़, शक्कर, राशन आदि की आपूर्ति समय पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य वस्तुओं के आपूर्ति, भण्डारण एवं वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। खाद्य मंत्री ने चावल के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए हैं और उचित मूल्य दुकानों आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास में गुणवत्ता युक्त चावल भण्डारण एवं वितरण करने के लिए कहा है।

समीक्षा बैठक में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 के लक्ष्य के विरूद्ध चावल उपार्जन की स्थिति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चना वितरण करने के संबंध में चर्चा कह गई। शक्कर, नमक तथा केरोसिन उपभोक्ताओं को वर्षा ऋतु से पूर्व अग्रिम भण्डारण सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर जनदर्शन में मिली त्वरित सहायता

- **झमिता के बच्चे को मिलेगा हॉस्टल में दाखिला**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के जनदर्शन में त्वरित सहायता मिलने से आम नागरिकों की खुशियां लौट आई है। झमिता के उम्मीदों की आस कुछ ही मिनटों में पूरी हो गई, जब कलेक्टर डॉ. सिंह ने उनके बच्चे को हॉस्टल में दाखिला दिलाने का निर्देश दिया और निर्देश का पालन तुरंत हुआ फिर बच्चे को हॉस्टल में प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इसकी खबर सुनते ही परिजन खुश हुए और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। समता कॉलोनी के राखी नगर निवासी भारत साहू के पुत्र गौतम साहू छठवीं कक्षा में अध्ययनरत है। श्री साहू मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते है। उनकी माता श्रीमती झमिता साहू गृहणी है।

श्रीमती झमिता बताती हैं कि आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं है और बच्चे को पढ़ाने में भी असमर्थ हूं। वे बताती हैं कि बेहतर पालन-पोषण भी बच्चे का नहीं हो पा रहा है। गौतम के आगे की पढ़ाई में काफी दिक्कते हो रही थी। इस वजह से बेटे को उनके पिता कलेक्टर के जनदर्शन में लेकर पहुंचे और बच्चे को हॉस्टल में दाखिला दिलाने के लिए गुहार लगाई।

स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से किया गया ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल

- **कोरबा के बिजलीघरों को पुन :संचालित करने बांगो से भेजा गया पॉवर**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुर्नसंचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने हेतु लगभग 43 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। 12 जुलाई को यह मॉक ड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक क्रमशः आरके शुक्ला तथा संजीव कुमार कटियार की उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ ।

बुजुर्गों ने जताई थी राजिम दर्शन की इच्छा

मंत्री लक्ष्मी स्वयं लेकर गई बुजुर्ग को राजीव लोचन के दर्शन कराने

- **बुजुर्गों के आशीर्वाद से जन सेवा करने की मिलती है शक्ति : श्रीमती राजवाड़े**

रायपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने माना स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया था और वहां रहने वाले वृद्धजनों के मन की बात जानने की कोशिश की थी। इस दौरान कुछ वृद्धजनों ने राजीव लोचन के दर्शन की इच्छा जतायी थी, यह इच्छा जल्दी पूरी हुई कि बुजुर्ग बहुत खुश है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बुजुर्गो के इच्छा का मान रखते हुए उन्हें स्वयं राजीव लोचन दर्शन कराने के बारे में सोचा और रविवार को वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को घटारानी और राजीव लोचन मंदिर राजिम का दर्शन कराने स्वयं अपने साथ लेकर गई। इस दौरान श्रीमती राजवाड़े ने बुजुर्गों के साथ भजन-कीर्तन किया और साथ ही स्वाल्पाहार का भी आनंद लिया। घटारानी और भगवान राजीव लोचन के दर्शन से वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के हृदय की प्रसन्नता उनके चेहरे से झलक रही थी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि उनसे मिले आशीर्वाद ने जन सेवा करने के लिए मुझे और शक्ति मिलेगी इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू शामिल थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। राज्य के निराश्रितों के लिए सरकार सहारा बन रही है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग के माध्यम से राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

क्राइम ब्रांच पहुंची कोयला कारोबारी के दफ्तर में फायरिंग करने वाले शूटरों के करीब

- **पड़ोसी राज्य ओडिशा से जुड़े हमलावरों के तार**
- **पुलिस की तीन टीमें खंगाल रही हमलावरों का लोकल नेटवर्क**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर क्राइम ब्रांच शनिवार की सुबह रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित पीआरए बिल्डिंग में हुए गोली काण्ड की गुत्थी सुलझाने के अब काफी नज़दीक पहुँच चुकी है। पुलिस को हमलावरों से जुड़े कई अहम् साबुत हाँथ लगे हैं जिसकी निशानदेही पर शूटर जल्द रायपुर पुलिस की गिरफ्त में होने की पूर्ण सम्भावना जताई जा रह।

वारदात के तत्काल बाद रायपुर पुलिस कप्तान ने मामले को काफी गंभीरता से लेते हुए हमलावरों की तलाश के लिए कुल 8 टीमों का गठन किया था जिसमे पुलिस की 5 टीमें देश के अलग अलग राज्यों में शूटरों की तलाश में भेजी गई थी और वाहन 3 टीमों को अमन साहू के गुर्गों के लोकल नेटवर्क को खंगालने का काम में लगाया गया था। सूत्रों की माने तो पुलिस के हाँथ अब तक लगे सबूतों के आधार पर हमलावारों की पहचान ओडिशा के रहने वालों के रूप में हुई है।



हवाई फायरिंग कर फैलाते हैं दहशत

अमन साहू और मयंक सिंह गैंग का कारोबारियों से रंगदारी वसूलने का तरीका उनके मन में मौत का भय पैदा कर मोती रकम वसूलना है। यह गैंग अक्सर गरीब कुनबे के अशिक्षित नवजवानों को पैसे का लालच देकर उनको हायर करता है और फिर उन भटके हुए युवाओं का लाभ उठा कर उनसे वारदात को अंजाम दिला कर कारोबारियों से मोती रकम वसूली जाती है। वहीँ बीते कुछ सालों से इस गैंग ने ओडिशा में अपना बड़ा समूह तैयार कर लिया है जिनके एक इशारे पर इनके गुर्गे किसी भी वारदात को अंजाम देने के लिए तत्पर रहते हैं।

हमलावरों की हो रही तलाश

रायपुर एसएसपी संतोष सिंह ने जिन 5 टीमों को हमलावरों की तलाश करने दूसरे राज्य भेजा है उनमे उत्तरप्रदेश , दिल्ली , झारखण्ड , बिहार और ओडिशा शामिल हैं। वहीं पुलिसिया सूत्रों की माने तो दोनों हमलावर ओडिशा के ही बताए जा रहे हैं जिनकी जल्द गिरफ्तारी की प्रबल संभावनाएं जताई जा रही है।

हथियार देने वाले की रायपुर में की जा रही तलाश

दोनों हमलावरों को जो व्यक्ति होटल में मिलने आता था पुलिस की तीन टीमें उसकी तलाश में जुटी हुई हैं। शूटरों को जिसने बाइक और हथियार मोहैय्या कराया था पुलिस को शक है की वो अज्ञात व्यक्ति रायपुर का ही रहने वाला है और उसी ने हमलोवरों को कोयला कारोबारी प्रशांत अग्रवाल के दफ्तर का पता ठिकाना भी बताया था। फिलहाल क्राइम ब्रांच और थाना तेलीबांधा की टीम उसकी तलाश में मुस्तैदी से जुटी हुई है।

सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज में आकाशवाणी ने किया वर्कशॉप का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। महाविद्यालय स्तर पर चिंता और तनाव का प्रबंधन करने के लिए आकाशवाणी रायपुर द्वारा सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मनोविशेषज्ञ डॉ. डोगेन्द्र सिंह परिहार ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को चिंता एवं तनाव का प्रबंधन करने हेतु महत्वपूर्ण बातें बताई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुलदीप दुबे ने छात्र-छात्राओं को सफलता एवं असफलता के बीच सामंजस्य बनाने तथा कठिन परिस्थितियों में हार ना मानने की सीख दी।

उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में दी जाने वाली कोई भी परीक्षा जीवन से महत्वपूर्ण नहीं होती । इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर फादर अमित तिर्की ,उप प्राचार्य डॉ. जी. पदमा गौरी ,आकाशवाणी के डिप्टी डायरेक्टर लखन लाल भौर्या , असिस्टेंट डायरेक्टर पंकज मेषराम ,युववाणी प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव श्रीमती सुमिता रॉय बर्मन, धर्मदीप डोंगरे ,ट्रांसमिशन एग्जीक्यूटिव आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम की प्रभारी महाविद्यालय की श्रीमती तृप्ति पशीने सिंह थी । आकाशवाणी की तरफ से कार्यक्रम की प्रस्तुति कुमारी ममता सोनी और अभिषेक बघेल ने दी। अंत में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा पूछे गए प्रश्नो के जवाब के साथ सत्र का समापन हुआ। कार्यक्रम में सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राओं में भाग लिया।

फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

- **किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से फसल नुकसान से मिलेगी राहत**
- **ऋणी और अऋणी किसान हो सकते हैं शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कृषि विभाग के मैदानी अमले के अधिकारियों को इस बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सकें।

छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि विभाग द्वारा खरीफवर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। किसान मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित तथा अन्य फसल मक्का, उड़द, कुटकी इत्यादि फसलों का बीमा करा सकते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाली नुकसान से राहत दिलाई जाती है। योजना में ऋणी और अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो, शामिल हो सकते हैं। ऐसे किसान जो अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराना चाहते हैं वे नियत तिथि के पूर्व अपना फसल बीमा करा सकते हैं। इसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1 पॉचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। किसान बैंक अथवा चॉईस सेंटरों के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। शासन द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार बेमेतरा, बस्तर, कोरिया बीजापुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, गरियाबंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सक्ती और कांकेर जिला के लिए बजाज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, राजनांदगांव, धमतरी, कोरबा, जशपुर, नारायणुर, खैरागढ-छुईखदान-गंडई, महासमुन्द, रायगढ़, सूरजपुर और कोण्डागांव जिला के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा दुर्ग, बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सुकमा, मुंगेली, सरगुजा, बलौदाबाजार-भाटापारा, बालोद, रायपुर, दंतेवाड़ा, बलरामपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा हेतु अधिकृत किया गया है।

सुविचार

खुशी एक खुशबू की तरह होती है। जब तक हम खुद नहीं महकेंगे दूसरों को नहीं महका सकते। - अज्ञात

अति सर्वत्र वर्जते

लोकसभा चुनाव में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में भाजपा की सीटें कम होने के कारणों की अभी तक समीक्षा हो रही है। यूपी की राजधानी लखनऊ में भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेशभर से जुटे तीन हजार से अधिक भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बीती ताही बिसार कर आगे की सुध लेने की समझाइश दी। लोकसभा चुनाव भाजपा के प्रदर्शन को लेकर योगी आदित्यनाथ ने एक पंक्ति में ही सारी बात कह दी। उन्होंने कहा कि अतिआत्मविश्वास नुकसानदायक होता है। सही बात यही है कि उत्तरप्रदेश में भाजपा को कम सीटें मिलने की एक बड़ी वजह भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का अतिआत्मविश्वास भी रहा है। कहा जाता है कि अति सर्वत्र वर्जते अतिआत्मविश्वास भी वर्जित माना जाता है। उत्तरप्रदेश में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को इसी अतिआत्मविश्वास का शिकार होने की कीमत चुकानी पड़ी है। उन्होंने यह मान लिया था कि भाजपा जिसे भी टिकट दे देगी। वह इस बार प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करने में सफल हो जाएगा। इसी आत्मविश्वास के चलते ऐसे लोगों को भी टिकट दे दी गई। जिनके प्रति उनके लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं के बीच असंतोष व्याप्त था। इसका ज्वलंत उदाहरण फैजाबाद लोकसभा सीट से तीसरी बार प्रत्याशी बनाए गए लल्लू सिंह हैं। उनके खिलाफ लोगों में नाराजगी थी। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने यह बड़बोलापन भी दिखाया था कि यदि भाजपा इस बार चार सौ सीटें पार कर जाएगी तो संविधान में बड़े बदलाव किए जाएंगे। उनके इस विवादास्पद बयान को समाजवादी पार्टी ने बड़ा मुद्दा बना दिया और पूरे लोकसभा क्षेत्र में यह बात फैला दी कि यदि भाजपा जीत जाएगी तो संविधान में संशोधन कर दलितों और पिछड़े वर्ग का आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। इस झूठ ने भाजपा का खेल बिगाड़ दिया और लल्लू सिंह को फैजाबाद सीट से हार का सामना करना पड़ गया। अब इसे विपक्ष भाजपा की अयोध्या में हार के रूप में प्रचारित कर रहा है। गौरतलब है कि फैजाबाद से लल्लू सिंह को फिर से प्रत्याशी बनाए जाने के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नहीं थे। किन्तु भाजपा संगठन ने लल्लू सिंह पर ही विश्वास जताया और उसे हार का सामना करना पड़ गया। उत्तरप्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन ठीक न होने के पीछे और भी कई कारण इस समीक्षा बैठक में गिनाए गए। जिसमें एक कारण भीतरघात भी बताया गया है। यह भी सही है। दरअसल भाजपा कार्यकर्ताओं की रायशुमारी के बावजूद ऐसे लोगों को टिकट दी गई। जिनके प्रति क्षेत्र में असंतोष फैला हुआ था। नतीजतन भाजपा कार्यकर्ता निराश होकर घर बैठ गए और कोई बड़ी बात नहीं की। इनमें से कुछ लोगों ने भीतरघात भी किया हो। बहरहाल जो हुआ सो हुआ। भाजपा को अब अपनी खामियों को दूर करने का प्रयास करना होगा क्योंकि विधानसभा की दस सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद 2027 में उत्तरप्रदेश विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया जाए। इस बाबत् उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने उक्त समीक्षा बैठक में ठीक ही कहा है कि संगठन सरकार से बड़ा होता है यह सही बात भी है संगठन किसी भी पार्टी की रीढ़ की हड्डी होती है। संगठन की उपेक्षा करने का दुष्परिणाम पार्टी को चुनाव में भुगतना पड़ता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब उत्तरप्रदेश में भाजपा अपने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देगी तभी उसके आगे की राह आसान होगी।

संक्रामक रोगों के खिलाफ प्रभावी पहल जरूरी

छत्तीसगढ़ में बारिश का मौसम शुरू होते ही मलेरिया और डायरिया जैसे संक्रामक रोगों ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। खासतौर पर आदिवासी अंचल में इन संक्रामक रोगों से बड़ी संख्या में लोग ग्रसित हो रहे हैं। कवर्धा जिले में बैगा आदिवासियों के भी पीड़ित होने का समाचार सामने आया है। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। जिसकी वजह से बस्तर में मलेरिया से बच्चे की मौत हो गई और कवर्धा जिले में भी बैगा आदिवासी की मौत हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही से आदिवासी मर रहे हैं। उनकी सरकार ने अपने कार्यकाल में आदिवासी बहुल बस्तर को मलेरिया मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया था किन्तु साय सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस पर सफाई दी है कि कवर्धा में डायरिया के कारण नहीं अन्य कारणों से बैगा आदिवासियों की मौत हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं यदि उनके कार्यकाल में स्वास्थ्य विभाग का काम ठीक होता हो आज यह नौबत नहीं आती। कुल मिलाकर अब इस मामले में सियासत हो रही है। जबकि होना यह चाहिए कि इन संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी पहल की जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदिवासी क्षेत्रों में फैल रहे मलेरिया और डायरिया को देखते हुए वहां विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं और आदिवासियों को हर संभव चिकित्सा सुविधा सुलभ कराई जाए।

प्रेरक प्रसंग

इस दुनिया में कोई गरीब नहीं

एक समय की बात है भगवान गौतम बुद्ध एक गाँव में धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे। लोग अपनी विभिन्न परेशानियों को लेकर उनके पास जाते और उसका हल लेकर खुशी-खुशी वहां से लौटते। उसी गांव के सड़क के किनारे एक गरीब व्यक्ति बैठा रहता तथा महात्मा बुद्ध के उपदेश शिविर में आने जाने वाले लोगों को बड़े ध्यान से देखता। उसे बड़ा आश्चर्य होता कि लोग अंदर तो बड़े दुःखी चेहरें लेकर जाते है लेकिन जब वापस आते है तो बड़े खुश और प्रसन्न दिखाई देते है। उस गरीब को लगा कि क्यों न वो भी अपनी समस्या को भगवान के समक्ष रखे? मन में यह विचार लिए वह भी महात्मा बुद्ध के पास पहुंचा। लोग पंक्तिबध खड़े होकर अपनी समस्या को बता रहे थे। जब उसकी बारी आई तो उसने सबसे पहले महात्ममा बुद्ध को प्रणाम किया और फिर कहा - 'भगवान इस गाँव में लगभग सभी लोग खुश और समृध है। फिर मैं ही क्यो गरीब हूं?'

इस पर उन्होने मुस्कुराते हुए कहा - 'तुम गरीब और निर्धन इसलिए हो क्योंकि तुमने आज तक किसी को कुछ दिया ही नहीं।'

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:34, सूर्यास्तः 19:17
चन्द्रोदयः 07:19, चन्द्रास्तः 21:24

अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय) ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), कलियुगाब्धः 5126, मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी , नक्षत्र : पुष्य (06:03 से आश्लेशा), योग : वज्र (26:06 से सिद्धि), प्रथम करण : तैतिल (17:29 तक), द्वितीय करण : गर (पूर्ण रात्रि)

गोचर ग्रहा

सूर्य : मिथुन, चंद्र : कर्क, मंगल : मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:50, सर्वार्थसिद्धि योग 05:22 से 06:03, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:20 से 19:40, सायाह्न सन्ध्या 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त 24:02 से 24:42, राहुकाल 13:30 से 15:00, राहुवास उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड 10:37 से 12:22, होमाहुति सूर्य, दिशाशूल पूर्व अग्निवास पाताल चन्द्र वास उत्तर, शिववास सभा में

राजीव खंडेलवाल

दूसरे, यदि वस्तुतः संविधान की हत्या हो गई थी, तब 1975 से लेकर आज तक हम किस संविधान के अंतर्गत संचालित है? इस प्रश्न का उत्तर हमें कहां मिलेगा? यह जारी अधिसूचना में स्पष्ट नहीं है। हत्या द्वारा मृत्यु हो जाने के बाद जिस प्रकार व्यक्ति की आत्मा इस सृष्टि में घूमती है, वैसे ही क्या संविधान की आत्मा घूम रही है? जिसमें हम संचालित है? "सुनहरे भविष्य" के लिए "आपातकाल जैसे प्रतिगामी, आत्मघाती" कदम को भूलकर आगे बढ़ना होगा? 140 करोड़ की जनसंख्या वाले इस देश में एक भी वयस्क जिसे आपातकाल के बाबत जानकारी दी गई हो, ऐसा नहीं होगा जो उसके समर्थन की कल्पना भी कर सकता हो? जिन लोगों ने सत्ता बचाने के लिये आपातकाल लगा कर लोकतंत्र को कुचला था, उन समस्त लोगों ने बारी बारी से इस दुष्कृत पर समय-समय पर माफी मांग ली। देश की जनता ने भी मात्र 3 वर्ष से कम समय में ही वर्ष 1980 के आम चुनाव में आपातकाल की दोषी उस कांग्रेस को माफकर पुनः सत्तासीन कर दिया। हमें मानना होगा कि जनता उसको गलत नहीं मानती है, क्योंकि लोकतंत्र में चुनाव की जीत ही समस्त मुद्दों की जीत व हार तय करती है। इसलिए आपातकाल को यदि हम राजनीति का टूल बनायेगें तो यह द्विआधारी तलवार सिद्ध हो सकती है। "हड्डी खाना आसान लेकिन पचाना मुश्किल" है। सिख दंगों के बाद पंजाब में कांग्रेस की सरकार वापस आयी। इसका यह मतलब कदापि नहीं निकाला जाना चाहिए कि सिखों के दिल में पहुँची ठेस खत्म हो गई? उसी प्रकार वर्ष 1980 में कांग्रेस की जीत को आपातकाल के विरुद्ध निर्णय ठहरा कर तथा सरकार द्वारा दिया गया सम्मान और सम्मान निधि, लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवारों के दिलों से आपातकाल की टीस व दर्द को समाप्त नहीं कर सकती हैं।

संविधान हत्या दिवस! औचित्य?

स्वतंत्र भारत का याद न करने वाला काला दिन-अध्याय?

हालांकि वक्त बड़े से बड़े घाव को भर देता है लेकिन "आपातकाल" शब्द का मैं जैसे ही उच्चारण करता हूं, सुनता हूं या सुनाता हूं, शरीर में एक झुनझुनी व सिहरन सी आ जाती है। क्योंकि मैं उस परिवार का सदस्य हूं, जिसने आपातकाल को भुगता है। मेरे स्व. पिताजी श्री जी डी खंडेलवाल मीसा में 18 महीने जेल में बंद रहे थे। जेल में जो थे, वे जेल की "चार दीवारियों के साथ" अपनी जिंदगी को शनैः शनैः बसा चुके थे। जेल के बाहर रहकर भी मैंने आपातकाल को भुगता है। जेल के बाहर मीसाबंदी परिवारों के सदस्यों की स्थिति तो यह हो गई थी कि डर व खौफ के वातावरण के कारण उनका सामाजिक मेल मिलाप दुष्कर होकर बहिष्कृत सा हो गया था। ऐसे आपातकाल के बुरे दिनों को कोई क्यों याद करना या रखना चाहेगा? फिर "हत्या दिवस" के रूप में? "देर आयद दुरुस्त आयद" का सहारा लेते हुए यदि सरकार आपातकाल रूपी काले कालखंड को वर्तमान युवा पीढ़ी को काले सपने के रूप में किस स्वरूप में याद दिलाना चाहती है? जिसके औचित्य पर प्रश्नवाचक चिन्ह लगना लाजिमी ही है। सरकार "काले अध्याय को अच्छे अध्याय रचकर क्यों नहीं प्रतिस्थापित" करना चाहती है? क्योंकि भविष्य में "जब भी शाह ख़ानम की आंखें दुखेंगी, शहर के चिराग गुल कर दिये जाएंगे"। वर्तमान में जब भी मीडिया की निष्पक्षता और साहस की चर्चा की जाती है, तब आपातकाल के समय की मीडिया की दुर्दशा और साहस से तुलना की जाती है और तब वर्तमान मीडिया बगलें झाँकने लग जाती है। वर्तमान सरकार मूलतः अपने मूल रूप में आपातकाल की ही तो पैदाइश है? जैसे 'मीसा भारती"।

अधिसूचना में उल्लेखित "श्रद्धांजलि" शब्द कितना उचित ?

मीसा बंदी जिन्हें वर्ष 2014 में केंद्रीय सरकार ने लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया तथा साहसी, संघर्षशील जनता व निडर मीडिया (जैसे इंडियन एक्सप्रेस) जिन्होंने अपने संपादकीय पेज को "खाली" छोड़कर आपातकाल का दृढ़ विरोध प्रदर्शित किया था, ऐसे समस्त संघर्षशील व्यक्तियों को 49 साल बाद "श्रद्धांजलि" देने हेतु केन्द्रीय सरकार ने दिनांक 12 जुलाई 2024 को जारी एक गजट अधिसूचना द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है। केंद्रीय सरकार का उक्त रूप में निर्णय एक पहेली सी लगती है? क्योंकि इस संबंध में जारी अधिसूचना में दी गई प्रस्तावना, नामकरण की शब्दावली न केवल समझ से परे हैं, बल्कि सिर से ऊपर 'सिरे' से निकल जाने वाली है? 50वें साल में की गई यह घोषणा कुछ आश्चर्यचकित भी करती है। अभी 25 जून को ही आपातकाल का 49 वां वर्ष गुजरा है। जब किसी दिवस को महत्वपूर्ण बनाना होता है, तब उसे उस दिन या उसके पूर्व अधिसूचित किया जाता है, न कि 15 दिन बाद। अधिसूचना में "श्रद्धांजलि" शब्द का उपयोग बेहद आपत्तिजनक और गैर जिम्मेदार है। वैसे अधिसूचना में उल्लेखित वाक्य संविधान की हत्या दिवस भी सकारात्मक शब्द नहीं है। सरकार सकारात्मक होती है, तो विपक्ष नकारात्मक होता है। इसकी जगह संविधान रक्षा दिवस, संविधान बलिदान दिवस, संविधान शोक दिवस, संविधान बचाओ दिवस, संविधान संकल्प दिवस, इत्यादि भी हो सकता था। क्योंकि किसी नकारात्मकता को सकारात्मकता के द्वारा ही नकारा जा सकता है। अभी भी देश में हजारों लोकतंत्र सेनानियों में से सैकड़ो लोकतंत्र सेनानी जीवित है। मेरे बैतूल में भी 6 जीवित है।

क्या उन्हें भी संविधान हत्या दिवस के दिन याद कर श्रद्धांजलि दी जाएगी? जीवित व्यक्ति की आपातकाल से लड़ने की जीवटता का कार्य क्या "क्षिति जल पावक गगन समीरा से बनी काया" के समान मृत हो गया है? इसलिए श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए? क्या सरकार जिंदा व्यक्तियों के साहसिक कार्यों को अ-मृत मानकर श्रद्धांजलि देने की नई रेखा खींचने तो नहीं जा रही है? वैसे हमारी संस्कृति में जिंदा व्यक्ति जिनका कोई नहीं होता है, के द्वारा जीवन के दौर में ही स्वयं की श्राद्ध करने की प्रथा है, जैसे साधु-संत। आखिर सरकार में किस तरह की सोच लिए हुए लोग बैठे है, जो मानते हैं कि "अपना सर सलामत तो पगड़ी हजार", चाहे भले ही वो अपनी करतूतों से बार-बार सरकार का सिर (मुकुट) जनता के सामने नीचा कर देते हैं?

अनुच्छेद 352 में और प्रभावी संशोधन किया जाना आवश्यक है। यदि वास्तव में सरकार लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि देना ही चाहती है तो उसे अनुच्छेद 352 में ऐसा संशोधन करना चाहिए, ताकि किसी भी स्थिति में राजनीतिक द्वेष के चलते देश में आपातकाल फिर कभी न लगाया जाना संभव हो सकेस क्योंकि "पिंजरा तो सोने का भी बुरा होता है"। अभी भी वर्ष 1978 में संशोधित अनुच्छेद 352 में जो राज्य के किसी भाग की सुरक्षा के लिए शब्दों का उल्लेख है, का दुरुपयोग आपातकाल लगाने में पुनः संभव है। संविधान के किसी भी अनुच्छेद जैसे 352 के दुरुपयोगों का यह पहला उदाहरण नहीं है। हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य देश संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों और संविधान के अधीन बनाए गए विभिन्न कानूनों के दुरुपयोगों से भरा पड़ा है। राज्य की आपात व्यवस्था अनुच्छेद 356 की स्थिति को ही देख लीजिए? किस शासन ने इसका दुरुपयोग कब कहां, नहीं किया है? "हमाम की लुंगी जिसने चाही बांध ली क्योंकि हमाम में तो सब नंगे हैं"।

संविधान की हत्या या हत्या का प्रयास? अथवा लोकतंत्र की हत्या।

मध्य प्रदेश सरकार ने 26 जून 2024 को आपातकाल में लागू किये गये आंतरिक सुरक्षा अधिनियम एवं भारतीय सुरक्षा अधिनियम (डीआरआई) के अंतर्गत निरोधक, निवारक हिरासत (गिरफ्तार) किये गये समस्त लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिवारों का अभिनंदन किया गया है। एक तरफ "अभिनंदन" वहीं दूसरी ओर "हत्या" कुछ कुछ अजीब सा नहीं लगता है? सर्वप्रथम हत्या व हत्या के प्रयास के अंतर को समझ ले।

भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (पुराना कानून) (नया कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा 103) के अंतर्गत किसी व्यक्ति की जान ले लेना हत्या है, जबकि हत्या का प्रयास करना धारा 307 (नई धारा 109) के अंतर्गत अपराध है। यदि हत्या शब्द को उचित मान भी लिया जाए तब भी क्या 25 जून 1975 को देश की संविधान की हत्या की गई थी? वास्तव में उस दिन संविधान की तो नहीं हो, "लोकतंत्र की हत्या" जरूर की गई थी। लोकतंत्र के चार स्तंभों में से एक प्रमुख मीडिया को सेंसर कर अनुच्छेद 19 में दी गई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कैंची चला दी गई, वहीं दूसरी ओर एक नागरिक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को तब छीना गया। जब अनुच्छेद 21 के मौलिक अधिकार को किसी भी स्थिति भी निलंबित नहीं किया जा सकता है। 44 वें संविधान संशोधन द्वारा इस स्थिति की ओर से पुख्ता किया गया। उच्चतम न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा है कि स्वतंत्रता का अधिकार मानव अधिकार है संविधान का उपहार नहीं किसी भी स्थिति में जीवन (20) व्यक्तिगत स्वतंत्रता (21) के अधिकार को छीना नहीं जा सकता है। तथापि उक्त दोनों असंवैधानिक कार्य भी संविधान में प्रावधित प्रावधान अनुच्छेद 352 जिसमें आंतरिक अशांति शब्द का उल्लेख था, का दुरुपयोग करके ही किया गया था। इसलिए वर्ष 1978 में जनता पार्टी सरकार ने 44वें संविधान संशोधन द्वारा "आंतरिक अशांति" को "सशक्त विद्रोह" शब्द से प्रतिस्थापित कर दिया गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1909 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाली प्रमुख महिलाओं में से एक अरुणा आसफ़ अली का जन्म हुआ। 1925- इराक में राजा फैसल ने बगदाद में पहली संसद स्थापित की। 1945- अमेरिका ने परमाणु बम का पहला परीक्षण किया। 1999 - जॉन एफ़ कैनेडी के पुत्र जॉन एफ़ कैनेडी जूनियर की विमान दुर्घटना में मृत्यु। 2001 - जैक्स रोगे (बेल्जियम) अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के आठवें अध्यक्ष बने। 2002 - पराग्वे में आपातकाल की घोषणा। 2003 - पाकिस्तान, सऊदी अरब और 53 अन्य इस्लामी देश, इस्रायल को 2005 तक मान्यता देने पर राजी। 2004 - चीन ने उत्तरी चीन के सबसे बड़े तटीय शहर त्यानचिन में पहला आनलाइन वायु सुरक्षा अभ्यास किया। 2006 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोरिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित। 2007 - बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री शेख़ हसीना वाजिद को धन वसूली के एक मामले में गिरफ़्तार किया गया। 2008 - ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने गाजा क्षेत्र की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द की। अमेरिका ने अगले पांच सालों में पाकिस्तान को साढ़े सात अरब डॉलर की असैनिक मदद के लिए एक विधेयक पेश किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इतने सारे कथावाचक

इतने सारे कथावाचक ब्याह में गए छोटी छोट बात पर जो आम जनता को सीखाते रहते है ऐसे करो वैसे करो तो क्या वहाँ जाकर इनकी भावना आहत नहीं हुई क्या मनैं अभी थोड़ी देर पहले दोस्त ने बताया की लहंगे साड़ी आदि कपड़ो पर.भगवान की तस्वीरें और वैदिक मंत्रों को उकेरा गया है तो अब बताये कोई कि क्या ये लोग उधर बढ़िया जीमण करने और दक्षिणा लेने ही गए थे क्या - **मीना सोनी**

सावन शिव मलमास

सावन शिव मलमास पुनीता ,वेद पुराण वरणि नवनीता । द्वादश ज्योतिर्लिंग प्रधाना , सोमनाथ मल्लिकार्जुन नामा ।। महाकालेश्वर ओंकारेश्वर, केदारनाथ भीमाशंकर। काशी विश्वनाथ त्र्यंबकेश्वर, बाबा वैद्यनाथ नागेश्वर ।। रामेश्वर [रामेश्वरम्] एकादश लिंगम ,- घृष्णेश्वर शिव ज्योतिर्लिंगम। श्रद्धा सुमन करें समर्पण शिव बाबा को अर्पण तर्पण।। - **राजकिशोर मिश्र**

ख़ास पाती | रहेगी ज़िन्दगी में आखिरश ये तीरगी

रहेगी ज़िन्दगी में आखिरश ये तीरगी कब तक! हमारे दर पे आएगी बताओ रौशनी कब तक!! कमाले हुस्न के जलवे निगाहे-नाज़ के फ़ित्ने - तेरी जादूगरी से बच सकेगी सादगी कब तक! बड़ी मुद्दत से तेरी दीद को आँखें ये प्यासी हैं - मुझे इतना बता दे तू मिटेगी तिश्नगी कब तक ! सदाक़त के चरागों को जरा दिल में जला के रख - फ़रेबी नाज़ बरदारी यह झूटी बन्दिगी कब तक ! हुई जो शाम तो छाये ग़मों के आज फिर बादल - बचायेगी सफीना अब 'वफ़ा' का ज़िन्दगी कब तक ! - **कविता सिंह**

आओ तुम्हे चांद पे ले जाए

आओ तुम्हे चांद पे ले जाए अपना कर्तव्य पूरा कर जाए सात फेरो का कर्ज निभा जाए इक चुटकी सिंदूर जो भरी मांग पे उसका रंग और गहरा कर जाए जीवन पथ पर पे चले थे साथ.. कदम से कदम मिला जाए इक दूजे का साथ निभा कर सबको जीवन सार सीखा जाए दुख को भूले,सुख को कर याद आओ एक इतिहास बना जाए आओ तुम्हे चांद पे ले जाए अपना कर्तव्य पूरा कर जाए... - **सत्रुंजय तिवारी**

पीठ पर छुप के वार मत करना

पीठ पर छुप के वार मत करना। दोस्ती ऐसी यार मत करना। जान बन के वो जान ले लेंगे, सब पे यूं जां निसार मत करना । कुछ मगरमच्छ आ गए इसमें, तैर कर दरिया पार मत करना । तोड़ना दिल भी तो जराइम है , जुर्म ये बार बार मत करना । बोले शीरी जुबां, झुका के नज़र, भूल कर एतबार मत करना। बात पर अपनी जो नहीं कायम , ज़िंदगी में शुमार मत करना । लोग छिड़केंगे ही नमक केवल, ज़ख्मो का इश्तिहार मत करना। मंज़िलों के मुहाने आके प्रखर , जीत को अपनी हार मत करना । - **राजेश श्रीवास्तव प्रखर**

मैं हर दिन बिकती हूँ आपकी नजरों से

मैं हर दिन बिकती हूँ आपकी नजरों से आपकी कैसी वहशी नजर है बाबूजी जब भी आंखों से मेरे तन को उघेरते हो मैं खुद में निवस्त्र हो जाती हूँ बाबूजी कुछ कह नही सकती आपकी पत्नी को जिनकी नजर में भगवान बन बैठे हो बाबूजी गिलतें निगलते हो आंखों से मेरे तन को कभी पेट नही भरता आपका क्या बाबूजी मेरे बच्चों के पीठ से सटे भूखी आंत से अपने मन का भूख क्यों मिटाते हो बाबूजी मेरे थके हारे बोझिल क्लांत शरीर देख आपको लोलुपता का लार क्यों टपकती है बाबूजी नही उघाड़ती आपकी बहन बीवी को औरत हूँ औरत का इज्जत समझती हूँ बाबूजी डरती हूँ किस्से कहुँ कौड़ी में बिकते है यहाँ हम जैसे गरीबों की इज्जत बाबूजी ऊपर से चरित्र पर लगे लांछन कौन सहे हमारी सुनने वाला यहाँ हैं कौन बाबूजी मुझे अपने बच्चों के भूख मिटाना है इसलिए सब कुछ सहते रहना है बाबूजी हर के घर मे बाबू होते है आपके जैसे पर सब आपके जैसे नही होते हैं बाबूजी कुछ तो शर्म करो अपनी आँखें नीची करो गरीब है हम सब की इज्जत है बाबूजी - **प्रीति श्रीवास्तव**

विराट कोहली ने ब्रिटेन कि नागरिकता

विराट कोहली ने ब्रिटेन कि नागरिकता शायद ले लिए है !! बहरहाल देश के सभी सेलिब्रिटी और उद्योगपति दोहरी नागरिकता या विदेशी नागरिकता ले लिए है। बहरहाल वे तुम्हारे लिए सेक्युलरिजम कि घुट्टी देकर भविष्य में भारत कि स्तिथि से अवगत है। बस तुम? शुतुरमुर्ग बने हुए हो - **अंबर दानी**

बावफ़ा और बाअदब आँखें जाने

बावफ़ा और बाअदब आँखें। जाने मिल पाए ऐसी कब आँखे ।। दिल से रुख़्सत हुई हर इक ख़्वाहिश। और भर आई बेसबब आँखें ।। टूट जाए भरम ये लफ़्ज़ों का । बात कर लेंगी बनके लब आँखें ।। चांद तारे गवाह इसके हैं । जागती है तमाम शब आँखे।। क्या क़यामत की रात वो होगी। हमनशीं से मिलेंगी जब आँखे।। वो इनायत के जब करीब आया। दिल के मानिंद धड़की तब आँखे।। - **शोभा किरण**

QUIZ TIME

1) किस मंडल को संवहन मंडल कहते हैं?

2) एस्किमो लोगों का ग्रीष्मकालीन निवास क्या है?

3) कौन-सी जनजाति नील नदी घाटी क्षेत्र में रहती है?

4) कौन-सा बंदरगाह यूरोपोर्ट के नाम से जाना जाता है?

5) जॉन डिर्क कनाडा गेर्डनर ग्लोबल हेल्थ अवॉर्ड किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) क्षोभ मंडल (2) ट्यूपिक (3) टोडा (4) रॉटरडैम (5) डॉ. गगनदीप कंग

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन भी थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा। संबंधो में चाह कर भी मधुरता नहीं रख पाएंगे।

वृष : आज के दिन खर्च विशेष रहेंगे लेकिन धन लाभ के अवसर भी मिलने से तालमेल बना रहेगा। कार्य क्षेत्र के साथ साथ घरेलु कार्य अधिक रहने से व्यस्तता बढ़ेगी।

मिथुनः आज आपके कार्यो में लचरता रहेगी। किसी भी निर्णय पर ज्यादा देर नही टिकेंगे।

कर्कः आपका दिन आनंद से बीतेगा दिन के पूर्वार्ध में कार्य व्यवसाय बेहतर चलेगा इसमें व्यस्तता भी अधिक रहेगी।

सिंहः आज आप किसी के बहकावे अथवा प्रलोभन में ना आये संवेदनशीलता अधिक रहने से आँख बंद करके किसी भी कार्य के लिए सहमति ना दें अन्यथा भारी हानि हो सकती है।

कन्याः आपका आज का दिन सामान्य से अधिक शुभ फल देने वाला रहेगा। सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुअवसर मिलेगा फिर भी इससे आर्थिक लाभ की आशा ना रखे सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे।

तुला : आज आपको सरकारी कार्यो से आकस्मिक लाभ होगा। पिता से संबंध बेहतर होने का लाभ मिलेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप लाभ-हानि की परवाह नही करेंगे। सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र पर आज आप भाग्यशाली माने जाएंगे।

धनुः आपका आज का दिन शारीरिक रूप से अशुभ रहेगा। प्रातः काल से ही आँख में जलन अथवा अंगों में दर्द रहने से निष्क्रियता रहेगी।

मकर : आज आप पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर स्वास्थ्य अनुभव करेंगे। बड़े लोगो से व्यवहारिक ज्ञान मिलेगा।

कुंभः आज के दिन सेहत में थोड़ी गिरावट रह सकती है। परंतु बाकि सब कार्य एवं व्यवहार यथावत चलते रहेंगे।

मीन : आपको आज का दिन मिश्रित फल देगा। दिन के पूर्वार्ध में पूर्व में बनाई योजनाये सही दिशा में आगे बढ़ेगी। परन्तु कुछ समय बाद किसी के विरोध अथवा अन्य कारणों से इनमे बदलाव करना पड़ेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाड़ला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 118 का हल

अं	त		म	री	ज			
ग	ह	न	ता		ब	र	ब	स
	की		धि	क्का	र		र	मा
	का		का		द	वा	खा	ना
प	त	वा	र		स्त	र		
ह						दा	मि	नी
ना		ए	ह	ति	या	त		लां
वा	च	क		हा			खू	ब
		ता	ब	ड़	तो	ड़		र

न्यूज गैलरी

डिप्टी सीएम साव ने डायरिया पीड़ितों का हालचाल जाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में डायरिया के नए मरीजों का सिलसिला जारी है। रविवार को 14 और मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें रतनपुर क्षेत्र के मदनपुर में चार, बिल्हा क्षेत्र के कर्मा में तीन और बेलतरा के 7 मरीज शामिल हैं। 35 मरीजों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। डायरिया की गंभीर स्थिति की सूचना के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव शाम 7 बजे रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने मरीज व परिजनों से बात की। उनसे पूछा कि डॉक्टर आते हैं या नहीं और इलाज ठीक से किया जा रहा है, या नहीं। उन्होंने डॉक्टरों से साफ-सफाई रखने और बेहतर इलाज के निर्देश दिए। पिछले हफ्तेभर से जिले में डायरिया का प्रकोप है। इसके बाद भी तमाम अमला रोकथाम नहीं कर पा रहा है। बिल्हा में दो लोगों की जान जा चुकी है। रतनपुर में लगातार मरीज आ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 21 मरीज भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर सर्वे करने के अलावा जिन घरों में शादी हो रही है, वहां खाना और पानी साफ-सुथरा रखने के लिए जागरूक कर रही है। यहां जर्जर पाइपलाइन को बदला जा रहा है। पानी का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा के अंतर्गत ग्राम कर्मा में डायरिया पीडितों से मुलाकात करने के बाद गांव के लोगों को शादी में दूषित खाना नहीं खिलाने इसके अलावा साफ सुथरा पानी पीने का निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग डायरिया पर नियंत्रण नहीं कर पा रहा है। पिछले एक सप्ताह से लगातार डायरिया के मरीज मिल रहे हैं। डिप्टी सीएम साव ने डॉक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली और इलाज में कोई कोर कसर नहीं रखने को कहा। एसडीएम ने डायरिया नियंत्रण के लिए की गई प्रशासनिक व्यवस्था से उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साव ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सजग है। घर-घर जाकर मरीजों की पहचान की जा रही है। जरा भी लक्षण दिख रहे हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। उम्मीद है बहुत जल्दी सब ठीक हो जाएगा।

नाबालिग ने लगाई फांसी किशोरी ने पीया सिरप

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी क्षेत्र में 17 साल के नाबालिग प्रेमी ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इधर, 15 साल की किशोरी ने घर में गर्भवती महिलाओं के लिए रखा आयरन सीरप पी लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक दिन पहले दोनों को रायपुर पुलिस ने संदेह के आधार पर रोका था। बाद में सूचना पर पचपेड़ी पुलिस उन्हें लेकर आई थी और परिजनों के हवाले किया था। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। पचपेड़ी क्षेत्र में सुबह 5 बजे 17 साल के किशोर ने अपने ही घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। इसी बीच गांव के दूसरे मोहल्ले की किशोरी ने आयरन सीरप पी लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात रायपुर पुलिस ने किशोर-किशोरी व एक अन्य को बाइक में घूमते पकड़ा था। उनसे गाड़ी के दस्तावेज मांगे पर उनसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला और किशोरी होने से संदेह के आधार पर इसकी सूचना पचपेड़ी पुलिस को दी। इसके बाद परिजनों को लेकर पचपेड़ी पुलिस रायपुर गई और देर रात उन्हें लेकर वापस लौटी। थाने में जरूरी पूछताछ के बाद तीनों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

हैवंस पार्क में मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित बार में देर रात शराब पीने के दौरान युवकों ने व्यवसायी की पिटाई कर दी। घायल ने सिविल लाइन थाने में हंगामा मचाया। युवक के हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। रायपुर के गुढियारी निवासी मनीष ठाकुर व्यवसायी हैं। शनिवार को भाटापारा गए थे। वहां से साथी नीरज नागवानी, संजय नागवानी व निखिल ठाकुर के साथ बिलासपुर पहुंचे। टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित होटल हैवंस पार्क के बार एलआइटी क्लब में आकर खाना खा रहे थे। इसी बीच करीब एक बजे विशेष ताम्रकार व उसके साथियों ने व्यवसायी पर शराब फेंकी। विरोध करने पर युवकों ने जान से मारने की धमकी देते हुए लात घूंसों से पिटाई की। उसे सड़क पर ले आए। घसीट कर पिटाई की। दोस्तों ने बीच-बचाव किया। सूचना पर पुलिस टीम पहुंच गई। मारपीट करने वाले वहां से भाग निकले। घायल नशे में था। उसने सिविल लाइन थाने में हंगामा मचाया। इसका किसी ने वीडियो बना लिया। यह वायरल हो रहा है। घायल की शिकायत पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

पिकनिक मनाने गया युवक नदी में डूबा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बलौदा देवरी पिकनिक स्पॉट में पिकनिक मनाने गया शहर का युवक नदी में नहाते समय डूब गया। मौके पर नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, बलौदा, पंतोरा चौकी प्रभारी मौजूद है। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल पाया। रात में खोजबीन में हो रही परेशानी को देखते हुए गोताखोरों से युवक को निकाला जाएगा। घटना रविवार को देर शाम 6 बजे की है। बिलासपुर के 6 युवक राहुल यादव 24 वर्ष लिंगियाडीह रामनगर, धीरेंद्र प्रताप सिंह 24 वर्ष बहतराई, शिवम यादव रामनगर लिंगियाडीह, ऋषि अनंत 22 वर्ष राजकिशोर नगर देविका बिहार, आर्यन सिंह 25 वर्ष व आयुष यादव 22 वर्ष मोपका बिलासपुर से दोपहर 2 बजे कार में बलौदा ब्लाक के पिकनिक स्पॉट देवरी गए थे। देर शाम नहाते समय शिवम का पैर फिसला और डूब गया।

नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी गाड़ियों पर कल से कार्रवाई

रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में आवागमन सुगम, बनाने में जुटा रेल प्रशासन

बिलासपुर/नवप्रदेश। यात्रियों के वाहनों की बेहतर यातायात व्यवस्था के साथ ही एकीकृत सुरक्षा प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु रेलवे प्रशासन प्रतिबद्ध है। यात्रियों के वाहनों की व्यवस्थित व सुरक्षित पार्किंग हेतु पार्किंग स्टैंड का प्रावधान किया गया है, जिससे वे निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अपने वाहनों को खड़ा कर निश्चिंत रह सके। पार्किंग के लिए अधिसूचित स्थानों के अलावा ज़ीरो गेट से स्टेशन चौक, आरक्षण कार्यालय भवन से चुचुहिया आरयूबी तक, स्टेशन चौक से तितली चौक एवं रेल्वे कोच रेस्टोरेन्ट से महेश स्वीट्स तक रेलवे क्षेत्र को नो पार्किंग क्षेत्र घोषित किया गया है ताकि स्टेशन परिसर में यात्रियों के व्यवधान रहित आवागमन तथा स्टेशन का सौदर्यीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

वरि.मंडल वाणिज्य प्रबन्धक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नागरिक सुरक्षा संगठन स्पेशल सेल के टीम द्वारा जागरूकता अभियान चला कर यात्रियों व उनके परिजनो को नो पार्किंग क्षेत्र में गाड़ी नहीं खड़ी करने की समझाइस दी जा रही है। रेलवे प्रशासन ने निर्णय लिया है कि 17 जुलाई से नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी दो-तीन पहिया गाड़ियों को उठाकर (Tow) एक निर्धारित स्थान गेट नं 4 के आगे टीआरडी ऑफिस के पास TOWAWAY ZONE ले जाया जाएगा। इन गाड़ियों को 200 रुपये शुल्क का भुगतान करने के बाद ही छोड़ा जाएगा, 06 घंटे के भीतर नहीं छुड़ाने की दशा में अतिरिक्त 20 रुपये प्रतिघंटे की दर से शुल्क की वसूली की जाएगी। इसी प्रकार नो पार्किंग में खड़ी चार पहिया वाहनों को वहीं पर क्लेंपिंग किया जाएगा तथा 500 रुपये शुल्क का भुगतान करने पर ही छोड़ा जाएगा, इसके अलावा 06 घंटे के भीतर नहीं छुड़ाने की दशा में अतिरिक्त 50 रुपये प्रति घंटे की दर से अतिरिक्त शुल्क की वसूली होगी। शुल्क की रसीद इस कार्य के प्रभारी रेलवे कर्मचारी द्वारा दिया जाएगा।

ट्रेनों व स्टेशनों में स्वच्छ वातावरण

भारतीय रेलवे सभी ट्रेनों में स्वच्छता और परिचालन अनुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में क्रम में यात्रियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने मंडल से चलने/गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस/सुपरफास्ट ट्रेनों में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहें है। इसी उद्देश्य से बिलासपुर स्टेशन में क्लीन ट्रेन स्टेशन एवं मंडल से चलने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में ऑन बोर्डिंग हाउस किपिंग स्टाफ जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा के दौरान पेंट्रीकार से सृजित कूड़े के निस्तारण के लिए इसको एकत्र करने हेतु विभिन्न स्थानों पर गार्बेज कलेक्शन पॉइंट बनाया बनाए गए हैं ताकि न केवल रेल गाड़ियों एवं रेल परिसर में सफाई बनी रहे बल्कि रेल पटरियों के किनारे भी सफाई व्यवस्था बनी रहे और यात्रियों की यात्रा पर्यावरणीय रूप से एवं हाइजीन की दृष्टि से उत्कृष्ट रहे। ट्रेनों व स्टेशनों में स्वच्छता मानकों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने नियमित रूप से अभियान भी चलाये जा रहे हैं। साथ ही सभी पेंट्रीकार एवं फूड स्टाल संचालकों को स्वच्छता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया है। सर्वत्र स्वच्छता सुनिश्चित करने की हर प्रकार से पहल की गई है।

जजों को अब नौकरी छोड़ने के 3 माह पहले देनी होगी सूचना

हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत जजों के लिए विधि विधायी विभाग ने नया नियम लागू कर दिया है। त्यागपत्र देने के तीन पहले विधि विधायी विभाग को इस संबंध में सूचना देनी होगी। किसी कारणवश तय समयावधि में सूचना नहीं दे पाए तो ऐसी स्थिति में तीन महीने का वेतन सरेंडर करना होगा। नए नियम को तत्काल प्रभाव से छत्तीसगढ़ में लागू कर दिया है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 व 309 में दी गई शक्तियों का उपयोग करते हुए विधि विधायी विभाग ने छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 में दी गई पूर्व की व्यवस्था में जरुरी संशोधन कर दिया है। संशोधन आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में पदस्थ अगर इस्तीफा देने का मन बनाते हैं तो उनको तीन महीने पहले इसकी सूचना विभाग को देनी होगी। सूचना देना जरुरी नहीं समझते हैं तो इस्तीफा स्वीकार होने से पहले तीन महीने का वेतन जमा करना होगा। पूर्व में यह व्यवस्था एक महीने पहले सूचना या फिर एक महीने का वेतन सरेंडर करने की शर्त रखी गई थी। संविधान के अनुच्छेद 233 व 309 के नियम 12 उप नियम (पांच) में कुछ इस तरह की व्यवस्था थी। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट व राज्य लोक सेवा आयोग के परामर्श और दिए गए सलाह के आधार पर विधि विधायी ने जरुरी संशोधन किया है। विधि विधायी विभाग ने एक और संशोधन कर सिविल जज परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए विधि में स्नातक की डिग्री के साथ ही राज्य अधिवक्ता परिषद में पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। संशोधन के साथ ही राज्यपाल के अनुमोदन व आदेश के बाद विधि विधायी विभाग के अतिरिक्त सचिव सहाबुद्दीन कुरैशी ने छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है।

राजपत्र में प्रकाशन

भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 व अनुच्छेद 309 के द्वारा दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, हाईकोर्ट व राज्य लोक सेवा आयोग के परामर्श से छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा भर्ती शर्तें) नियम 2006 में जरुरी संशोधन किया गया है। राजपत्र में इसका प्रकाशन कर दिया गया है।

शहाबुद्दीन कुरैशी, अतिरिक्त सचिव विधि एवं विधायी विभाग छग

एक महत्वपूर्ण बदलाव यह भी

विधि विधायी विभाग ने विधि के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया है। सिविल जज प्रारंभिक परीक्षा के पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान को शामिल किया है। इसे शामिल करने का लाभ स्थानीय युवाओं को मिलेगा। प्रदेश से संबंधित सवालों के जवाब स्थानीय युवा जो सिविल जज की परीक्षा दिलाने की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए फायदेमंद होगा। विधि विधायी विभाग के इस बदलाव को स्थानीय युवाओं के लिए बोनस अंक के रूप में देखा जा रहा है।

नवविवाहिता की हत्या को हाईकोर्ट ने दहेज हत्या माना

गला घोंटकर पत्नी की जान ली, हत्या या दहेज हत्या? हाईकोर्ट ने साक्ष्य का परीक्षण उपरांत मामले को दहेज हत्या का माना है। हाईकोर्ट ने अपीलकर्ता को दहेज हत्या के आरोप में सजा को दस वर्ष किया है। मुंगेली सिटी कोतवाली क्षेत्र के फास्टरपुर चौकी के ग्राम लगरा निवासी पुलिस कर्मी राजकुमार सोनकर ने 5 जुलाई 2013 को पत्नी बदन बाई से दहेज में मोटरसाइकिल व अन्य सामान की मांग किया व गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने नवब्याहता की मौत को गंभीरता से लेते हुए जांच की। मृतका के पिता ने दामाद राजकुमार सोनकर के विरुद्ध दहेज के लिए बेटी की गला घोंटकर हत्या करने की रिपोर्ट लिखाई। पीएम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि होने पर पुलिस ने धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पति राजकुमार, सास, ससुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया। पुलिस ने आगे विवेचना व गवाहों के बयान के बाद मामले में धारा 304 बी जोड़कर न्यायालय में चालान पेश किया। सत्र न्यायाधीश ने सुनवाई के उपरांत आरोपी पति के खिलाफ पत्नी की हत्या के आरोप में धारा 304 बी व विकल्प में धारा 302 का चार्जफ्रेम किया। गवाह व साक्ष्य का प्रतिपरीक्षण उपरांत अदालत ने सास, ससुर को संदेह का लाभ देते हुए रिहा किया व पति को धारा 304 बी व 302 दोनों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। निर्णय के विरुद्ध आरोपी ने अपील पेश की। अपील में कहा गया कि मामला दहेज हत्या का है व धारा 304 बी में सजा 7 वर्ष का होना चाहिए। आरोपी 10 वर्ष से जेल में है। उसे रिहा करने की मांग की गई। हाई कोर्ट ने आरोपी को किस धारा में सजा होनी चाहिये इस पर विचार करने अदालत की सहायता करने अधिवक्ता आशीष तिवारी को न्याय मित्र नियुक्त किया। न्याय मित्र ने विभिन्न हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत को पेश किया। उन्होंने मृतका के पिता व अन्य गवाहों के बयान के आधार पर मामले को दहेज हत्या का बनना बताया। सजा के प्रश्न पर दहेज हत्या के दुर्लभ मामले में आजीवन कारावास की सजा हो सकता है। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों के तर्क व न्यायदृष्टांत को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा आरोपी पुलिस कर्मचारी था और अपराध में अंकुश लगाने के बजाय खुद शामिल हो गया। इस लिए मामले में गंभीरता से विचार करना होगा। दूर्लभ मामला होने पर आरोपी को आजीवन कारावास हो सकता है किंतु यह दुर्लभ नहीं है। न्याय की पूर्ति के लिए आरोपी की धारा 304 बी की सात वर्ष की सजा को बढ़ाकर 10 वर्ष किया गया। आरोपी 30 सितंबर 2013 से जेल में बंद है। कोर्ट ने 10 वर्ष पूरा होने पर उसे रिहा करने का निर्देश दिया है।

दो कबाड़ियों से साढ़े 5 क्विंटल कबाड़ जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के दो कबाड़ी दुकानों से पुलिस ने साढ़े 5 क्विंटल कबाड़ जब्त किया है। एक दुकान से डेढ़ क्विंटल और दूसरे से चार क्विंटल कबाड़ बरामद किया है। दोनों कबाड़ियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर अवेध कबाड़ियों के विरूद्ध अभियान के तहत खपरगंज में नटराज स्टेशनरी गली कबाड़ दुकान मालिक मोहम्मद इरफान के कबाड दुकान चेक की गई जहां अधिक मात्रा में में अवैध कबाड रखा हुआ पाया गया इस संबंध में बील प्रस्तुत करने तथा गुमास्ता लायसेंस पेश करने नोटिस दिया गया जो बील व गुमस्ता लायसेंस नहीं होना बताया, जो कबाड चोरी की होने की सेंदेह पर कबाड दुकान में पाये गये अवैध रूप रखे, जिसमें बाइक चक्का 3 नग, आटो चक्का 1 नग, डिस्क 1 नग, कार का रिड्येटर 2 नग, कटर मशीन 2 नग, बाईक इंजन 1 नग, शबमर्शिबल पंप 3 नग, गटर जाली 2 नग, एल्यूमिनियम तार- 1 गुच्छा, कम्प्यूटर समान 3 नग एवं अन्य समान वजन करीबन ढेढ क्विंटल कीमती 20,0000 रू. को मुताबिक गवाहों के समक्ष धारा 35 (1), (ड.), बीएनएसएस/303 बीएनएस के तहत विधिवत जप्त कर कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही पर थाना प्रभारी निरीक्षक एस. आर. साहू, सउनि शीतला प्रसाद त्रिपाठी, आर. रतनाकर सिंह, टकेश साहू एवं सैय्यद नूरूल कादीर का विशेष योगदान रहा है। दूसरे मामले में आज थाना प्रभारी सरकंडा तोपसिंह नवरंग के नेतृत्व में टीम तैयार कर बसंत विहार चौक के पास स्थित कबाड़ी दुकान पर रेड कार्यवाही किया गया जहां लोहे का अलग अलग साइज का पाइप 18 नग, रॉड के कटे हुए टुकड़े, टिन आदि कबाड़ मिला। उक्त कबाड़ के दस्तावेज़ के सम्बन्ध में दुकान संचालक शिव कुमार चंद्रवशी से बिल तथा गुमास्ता लायसेंस पेश करने नोटिस दिया गया जो बिल व गुमस्ता लायसेंस नहीं होना बताया। जिस पर उक्त कबाड चोरी की होने की सेंदेह पर कबाड दुकान में पाये गये अवैध रूप रखे उक्त समान वजनी करीब 4 क्विंटल को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ति पत्रक के धारा 35 (1), (ई), बीएनएसएस / 303 बीएनएस के तहत विधिवत जप्त कर कार्रवाई की गई है।

वृद्ध आश्रम में कपड़े व भोजन के पैकेट बांटे

बिलासपुर/नवप्रदेश। यदि मन में सेवा का भाव हो तो फिर सेवा कार्य रोके नही रोके जा सकते। इसी उदेस्य को लेकर महिला एवं युवा यादव समाज बिलासपुर के महासचिव टीकाराम यादव ने अपनी जन्मदिन पर महिला व युवा यादव समाज के पदाधिकारी सदस्यों साथ वृद्ध आश्रम पर अपना जन्मदिन मनाया इस दौरान उन्होंने वृद्ध आश्रम में रहे बुजुर्गो को कपड़े और भोजन फल के पैकेट वितरित किया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक भरत यादव, तेरस यादव,अमित यादव, गौरीशंकर यादव, कोषा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, रंजीत यादव, दीपा यादव, अंकिता यादव, सरिता यादव ने कपड़े व खाने की सामग्री वितरित कर वृद्धजनो की सेवा कर उनसे आशीर्वाद लिया।

स्वर्ण पदक जीतने वाले कबड्डी खिलाड़ी सम्मानित

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से आए ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों की समस्याएं बड़े इत्मीनान से सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। आज कलेक्टर से लगभग 200 लोगों ने मुलाकात कर निजी और सामुदायिक मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जनदर्शन में कलेक्टर ने किसानों से खाद, बीज उपलब्धता की जानकारी ली। तत्काल निराकृत होने वाले प्रकरणों को मौके पर ही समाधान किया। कलेक्टर ने कुछ आवेदनों का स्वयं ही फोटो लेकर संबंधित अधिकारियों को वाट्सअप पर भेजते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर अवनीश शरण ने झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय शालेय कबड्डी अंडर 14 वर्ग प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को चेक दिया। छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक दिलाने वाली टीम में बिलासपुर जिले के भी 6 खिलाड़ी शामिल हैं। कलेक्टर ने सभी खिलाड़ियों को 21-21 हजार रूपए का चेक प्रदान कर उन्हे बधाई और शुभकामनाएं दी। इनमें नवीन साहू, तुषार देवांगन, शिवा खैरवार, भूषण पटेल, भव्य पटेल और भुवन भास्कर शामिल है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त सीएल जायसवाल, क्रीड़ा अधिकारी सुशील मिश्रा एवं कबड्डी प्रशिक्षक हेमंत यादव भी मौजूद थे। सकरी तहसील के बिसुन लाल साहू ने अपनी निजी जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। कलेक्टर ने इस मामले का परीक्षण करने का निर्देश तहसीलदार सकरी को दिए। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोरमी की सरपंच श्रीमती अंजू बंजारे ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के आहाता के अंदर से अवैध कब्जा हटाने की मांग की। इस मामले को बिलासपुर तहसीलदार देखेंगे। सेवानिवृत्त प्राचार्य श्याम लाल पुलस्त ने बकाया वेतन और पेंशन प्रकरण का जल्द निराकरण करवाने की मांग की।

उपलब्धि नगर निगम ने किया योजना का बेहतर क्रियान्वयन, केंद्र ने सराहा, 18 को मिलेगा अवार्ड, कमिश्नर अमित कुमार ग्रहण करेंगे

आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए बिलासपुर ननि को स्पार्क अवार्ड

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के पीएम स्वनिधि योजना के बेहतर क्रियान्वयन और असाधारण प्रदर्शन करने पर बिलासपुर नगर पालिक निगम को सिस्टमेटिक प्रोग्रेसिव एनालिटकल रियल टाइम रैकिंग स्पार्क 2023-24 अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। 18 जुलाई को नई दिल्ली में केंद्रीय शहरी एवं आवासन मंत्रालय द्वारा बिलासपुर को सम्मानित किया जाएगा जिसे ग्रहण करने नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार दिल्ली जाएंगे। पीएम स्वनिधि, याने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स निधि,जिसका एकमात्र उद्देश्य सड़क किनारे व्यापार करने वाले, रेहड़ी व्यापारी और लघु व्यापारियों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना।इस योजना के तहत छोटे व्यापारियों को 10 हजार से लेकर 50 हजार तक का ऋृण बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा है। जिससे स्ट्रीट वेंडर्स को अपना व्यापार शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने में काफी मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह एक ऐसी जन कल्याणकारी योजना है जिसने स्ट्रीट वेंडर्स की ज़िंदगी में उम्मीद और विश्वास जगाया है। कोरोना की महामारी से इन स्ट्रीट वेंडर्स का व्यापार सबसे अधिक प्रभावित हुआ था,ऐसे में व्यापार को फिर से खड़ा करना इनके लिए चुनौती के साथ ही चिंता का सबब था।इनकी समस्या के सामधान और देश में स्टार्टप की एक नई क्रांति की शुरूआत करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की गई। 18 जुलाई को नई दिल्ली के स्टीन आडिटोरियम में स्पार्क अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से केंद्रीय शहरी एवं आवासन मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू

ऐसे मिला बिलासपुर को अवार्ड

स्पार्क पुरस्कार आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है, जिन्होंने वार्षिक आधार पर डीएवाई-एनयूएलएम के तहत लक्षित योजनाओं को पूरा किया है। इसके अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है,प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण और लक्षित समय में हितग्राहियों को ऋृण का आबंटन हुआ है या नहीं।इस आधार पर 1 जनवरी 2024 को बिलासपुर नगर निगम को 12126 हितग्राहियों तक पहुंचने,उनसे आवेदन लेने का लक्ष्य दिया गया,जिस पर कार्य करते हुए बिलासपुर नगर निगम ने सिर्फ छः माह में ना सिर्फ लक्ष्य को हासिल किया बल्कि उससे कहीं आगे बढ़कर आवेदन प्राप्त किए और उसका समय से पहले निराकरण किया।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रहेगा-उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा की छ.ग.में नगरीय निकाय के अंतर्गत जारी योजनाओं का संचालन और विकास कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है,प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनहित की योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों को प्राथमिकता और गुणवत्ता के साथ मिलता रहेगा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रहेगा।

हमारे लिए बड़ी उपलब्धि-कमिश्नर

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा पीएम स्वनिधि योजना के सफल और बेहतर क्रियान्वयन के लिए नगर निगम बिलासपुर को श्रेष्ठ प्रदर्शन की श्रेणी में शामिल किया गया है,यह हमारे लिए उपलब्धि है। इसके लिए मैं निगम की टीम,हितग्राहियों और शहयवासियों को बधाई देता हूं। आगे और बेहतर करें इसके लिए प्रयास जारी रखेंगे।

न्यूज गैलरी

साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे खिले

कांकेर/नवप्रदेश। सोमवार को शासकीय कन्या हाई स्कूल माँझापारा (प्रैक्टिसिंग) कांकेर में सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं के छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महादेव वार्ड के पार्षद शादाब मोनू खान कांकेर रहे।जिसमें प्रभारी प्राचार्य प्रतुल कुमार बिस्वास एवं निम्न शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।गोपाल राम जैन, कृष्णा नाग,लीना ओटी.रश्मि चतुर्वेदी धीरज रजक, रामभजन नेताम सांतनु कलिहरी तुफैल अहमद रिज़वी बबीता ठाकुर नंदिता चतुर्वेदी नागेश्वर ओटी, गोदावरी जायसवाल वंदना झा नसीम बानो खान, ऑफिस कर्मचारी ललित मरकाम जगदीश यादव , धर्मेश चावला उपस्थित थे।

पैराडाइज स्कूल के छात्रों को यातायात नियमों की दी जानकारी

कांकेर/नवप्रदेश। यातायात पुलिस प्रभारी दीपक साव पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश अनुसार शहर की यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसी तारतम्य को लेकर यातायात पुलिस प्रभारी दीपक साव उनकी टीम शहर के निजी स्कूलों पर यातायात के नियम और नाबालिग बच्चों को वाहन नही देने सहित छात्राओं को महिला कानून की बारीकियां साझा करते नजर आ रहे हैं।

सोमवार को यातायात प्रभारी दीपक साव द्वारा पैराडाइस हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को सड़क दुर्घटना संबंधी जानकारी दिया की सड़कें बोलती है सड़क पर दिए गए रूल्स के बारे मे बताया की इस नियम को फॉलो कर वाहन चलाएंगे तो कभी भी किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं होंगी साथ सड़क पर लगे साइन बोर्ड के बारे मे बच्चों को बताया की ट्रैफिक नियमो का पालन करें और साथ अन्य व्यक्तियों को भी समझाये इस क्लास मे लगभग 200 बच्चे लाभान्वित हुए साथ ही टीचरस भी सम्मलित थे! आगे इस सप्ताह भर शहर के स्कूलों मे बच्चों को जानकारी दी जाएगी।

बढ़ते कदम संस्था के बैनर तले पौधरोपण

भाटापारा/नवप्रदेश। बढ़ते कदम का नाम सुनते ही मन में सेवा की भावना जागृत हो जाती है ये एक ऐसी समाजिक संस्था है जिसका विस्तार छत्तीसगढ़ के साथ साथ महाराष्ट्र और उड़ीसा तक हो चुका है। संस्था 2005 से न केवल जीवित इंसानों बल्कि मृत्यु के पश्चात की भी सेवाएं, पशु पक्षियों व विक्षिप्तों की सेवा करते आ रही है।संस्था का उद्देश्य है दुआ करने से बेहतर है किसी की मदद करना इसी कड़ी में बढ़ते कदम के संस्थापक स्व. अनिल गुरुबक्षाणी की पुण्यतिथि 14 जुलाई को श्रद्धांजलि देने हेतु संस्था के सदस्य और समाज सेवी कैलाश बालानी के सहयोग से दाल मिल व पोहा मिल एसोसिएशन द्वारा वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण का कार्य सिद्धबाबा रोड स्थित वासदेव परमानंद मिल परिसर में किया गया।

अनुज्ञा से ज्यादा निर्माण पर चला बुलडोजर, हटाए 5 अतिक्रमण

छह माह बाद जागा प्रशासन

खैरागढ़/नवप्रदेश। अतिक्रमण पर नगरपालिका, राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पहली बड़ी कार्यवाही करते शहर के अस्पताल चौक स्थित 5 व्यवसायिक दुकानों का अतिक्रमण जेसीबी से तुड़वाया। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान इन कब्जे वाली जमीनों को सरकार की व्यवस्थापन योजना के तहत 7500 वर्गफीट तक की जमीन का पंजीयन कर विस्थापित किया गया था। शहर में 23 से अधिक आवेदन इसके लिए जिला कार्यालय में जमा कराए गए थे । इसमें से आधे से अधिक लोगों ने पंजीयन भी कराया था । लेकिन निर्माण कार्य अनुज्ञा में दी गई निर्धारित जमीन से अधिक मे कराने की शिकायतें छह माह पहले आई थी । इसमे राजस्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर शहर के सात से आठ लोगों को निर्धारित अनुज्ञा से अधिक मे निर्माण किए जाने का दोषी पाया था। पांच दुकानों पर चला जेसीबी, तोड़ा अतिक्रमित निर्माण

पिछले सप्ताह मामले मे कलेक्टर की नाराजगी के बाद सक्रिय हूई पालिका और राजस्व प्रशासन की संयुक्त टीम ने इसकी तैयारी की थी । सोमवार को मौके पर पहुँची नगरपालिका राजस्व सहित पुलिस की संयुक्त टीम ने निर्माणाधीन भवन के मालिको को इसकी सूचना देकर तोड़फोड़ की कार्यवाही शुरू की । इस दौरान बड़ी संख्या मे तोड़ू दस्ता और पुलिस जवान भी मौजूद रहे । बताया गया कि तोड़े गए भवनो का निर्माण निर्धारित सीमा से %यादा मे किया गया था । इधर तोड़फोड़ की

कार्यवाही शुरू होते ही अन्य अतिक्रमण कारियों मे भी हड़क प मच गया । बताया गया कि मौका मुआयना मे प्रशासन को सात से आठ लोगो के निर्माण क्षमता से अधिक मिले है । इन अतिक्रमण कारियों ने निर्धारित अनूज्ञा से अधिक मे बकायदा दो और तीन मंजिला निर्माण करा लिया। मौके पर तोड़ू दस्ते की कार्यवाही सुबह से शुरू हूई जो शाम को पांच अतिक्रमित दुकानों मे अतिरिक्त जमीन पर किए गए निर्माण कोतोड़ने के बाद खत्म हूई । एक दुकान पर कार्यवाही देरी के चलते अटक गई जिसे आज फिर से तोड़ू दस्ता तोड़ने मे जूटेगा । अतिरिक्त कब्जे वाले भवनो और निर्माण को भी तोड़े जाने के निर्देश जारी किए गए है ।

फिर से हो अनुज्ञा वाले निर्माण की जांच

इधर किए गए निर्माणाधीन भवन के तोड़फोड़ से नाराज पीड़ित शिवानी परिहार ने कहा कि शहर मे 22 से 23 लोगो को अनुज्ञा जारी की गई थी । जांच समिति के मौका मुआयना के दौरान कई लोगों ने अधिकारियों की मिलीभगत से अपने अतिक्रमण और अवैध कब्जे को बचा लिया है । जबकि चुनिन्दा लोगो के निर्माण को ही अवैध बताकर प्रशासन तोड़फोड़ की कार्यवाही कर रहा है । परिहार ने कहा कि प्रशासन बिना भेदभाव सभी अनुज्ञा वाले भवनो और निर्माण कार्यो की जांच संयुक्त रूप से फिर से करे तो लगभग सभी के निर्माण अतिरिक्त निकलेगें । ऐसे मे भेदभाव से हो रही कार्यवाही से सामान्य लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है । जबकि रसूखदार कार्यवाही से बाहर हो गए है । उन्होने सोमवार को भी चेहरा देखकर कार्यवाही का प्रशासन पर आरोप लगाते कहा कि तोड़ने पहुँचे दस्ते ने एक के अतिक्रमण को छोड़ दिया है

> निर्धारित अनुज्ञा से अधिक मे निर्माण कार्य होने वाले भवनों मकानों को तोड़ने की कार्यवाही हूई है । बाकी बचे ऐसे निर्माण कार्यो पर भी कार्यवाही लगातार होगी ।
> **प्रमोद शुक्ला** सीएमओ
> नगरपालिका खैरागढ़

जिले के 20 स्कूलों में तकनीकी और व्यक्तिगत विकास से रू ब रू होंगे छात्र

■ **जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के 20 चयनित स्कूलों में 20 जुलाई से 03 अगस्त तक दस दिवसीय छात्र तकनीकी और व्यक्तिगत विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत नवीनतम तकनीकों के माध्यम से प्रभावी शिक्षा, एआई उपकरणों का परिचय एवं उपयोग, व्यक्तित्व विकास और सही करियर खोजने के मार्गदर्शन पर केंद्रित होगा।

जिला प्रशासन के सहयोग से इज लर्न नामक शैक्षिक समुदाय मंच द्वारा उक्त दस दिवसीय कार्यक्रम 20 स्कूलों में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकों और एआई उपकरणों के उपयोग से अवगत कराना है, जिससे उनकी शिक्षा में सुधार हो सके। साथ ही व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं और सही करियर का चयन करने के तरीकों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले के कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर और जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल की विशेष पहल पर उक्त संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

ये कार्यक्रम होंगे

प्रभावी शिक्षा हेतु नवीनतम तकनीकों का उपयोग विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों और उपकरणों का परिचय कराया जाएगा, जिससे वे अपनी शिक्षा को अधिक प्रभावी बना सकें।

एआई उपकरणों का परिचय

इसके तहत एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न उपकरणों और उनके उपयोग के तरीकों पर चर्चा की जाएगी, जिससे छात्र भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार हो सकें।

व्यक्तित्व विकास

यह भी बताया गया कि छात्रों को आत्मविश्वास, संचार कौशल और नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद की जाएगी।

सही, उपयुक्त करियर का चयन

छात्र-छात्राओं को उनकी रुचि और क्षमताओं के आधार पर सही और उपयुक्त करियर चुनने के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

साइबर सुरक्षा

इसके अलावा छात्रों को साइबर सुरक्षा के महत्व और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया जाएगा इज लर्न के संस्थापक मेराज मीर और सानिया शेख ने बताया कि छात्रों को आधुनिक तकनीकों और कौशलों से लैस करना है, जिससे वे अपने शैक्षिक और व्यक्तिगत जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। यह एक शुरुआत है, आगे इसी तरह के और भी कार्यक्रम अन्य स्कूलों में आयोजित करने की योजना है जिससे अधिक से अधिक छात्र इस अवसर का लाभ उठा सकें।

अधिकारियों की लापरवाही से सेवानिवृत्त कर्मी हो रहे परेशान

■ **नरहरपुर बीएमओ पर संघ ने लगाए लापरवाही का आरोप**

कांकेर/नवप्रदेश। अधिकारियों की निरंकुशता एवं लापरवाही से सेवानिवृत्त कर्मचारी परेशान हैं। कांकेर जिले के विकास खण्ड नरहरपुर में देवरी स्वास्थ्य केन्द्र में वार्ड वाय पद पर पदस्थ जगमोहन निषाद जो गम्भीर बीमारी को झेलते हुए एक अक्टूबर 2023 को उनकी मृत्यु हो गई ।

जगमोहन निषाद की पत्नी अहिल्या बाई के परिवार को पेन्शन मिलनी थी.उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिये, बीएमओ नरहरपुर और सीएमएचओ कांकेर में अनेकों बार सम्पर्क कर गुहार लगाई गई लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला।जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट उपाध्यक्ष सुरेशचंद्र श्रीवास्तव सचिव शिवसिंह भदौरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस प्रकरण को लेकर संगठन का प्रतिनिधि मंडल बीएमओ.नरहरपुर से मिलने पहुंचा तो उन्होंने व्यस्तता के कारण एक घण्टे बाद आने का समय दिया एक घण्टे बाद जाने पर बीएमओ घर एवं कार्यालय से गायब हो गये । संगठन के पदाधिकारियों से सामना नहीं करना चाह रहे हैं।इसी प्रकरण को लेकर सीएमएचओ कांकेर से संगठन का प्रतिनिधि मंडल अनेकों बार मिल चुका है।पर अभी तक समाधान नहीं हुआ है।जगमोहन निषाद के लड़के की अनुकम्पा नियुक्ति दिसम्बर 2023 को मिल चुकी है पर आज पर्यन्त उनको वेतन नहीं मिल पा रहा है।उनका परिवार क ई दिनों से परेशान हैं।

उनका परिवार भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय ले चुका है संगठन के समझाने पर एक सप्ताह के लिए मान गया है यदि समाधान नहीं होता है तो सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी।

रामलला दर्शन के लिए लॉटरी से 70 दर्शनार्थियों का चयन

कांकेर/नवप्रदेश। श्री रामलला दर्शन योजना के अन्तर्गत अयोध्या धाम की यात्रा के लिए दर्शनार्थियों के चयन हेतु में जिला पंचायत के सभाकक्ष में चयन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में श्री रामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में जिले के नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत लॉटरी के माध्यम से 70 दर्शनार्थियों का चयन किया गया। जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने बताया कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों से 53 दर्शनार्थियों का चयन किया गया एवं 14 दर्शनार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इसी

प्रकार शहरी क्षेत्रों से 17 दर्शनार्थियों का चयन किया गया, जिसमें 06 को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दर्शनार्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने के साथ स्वास्थ्य विभाग को विकासखण्ड स्तर पर ही चयनित हितग्राहियों का चिकित्सा मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर समिति के सदस्य श्री बृजेश चौहान सहित अन्य विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बाजारअतरिया में शाला प्रबंधन समिति की बैठक हुई

खैरागढ़ /बाजार अतरिया/नवप्रदेश। शा उ मा शाला बाजार अतरिया में नवगठित शाला प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष कमल शर्मा ने शाला प्रबंधन समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों को स्कूल के प्रति उत्तरदायित्व की विस्तृत जानकारी देते स्कूल के छात्रछात्राओं की पढ़ाई पर ध्यान देकर स्कूल का नाम जिले के साथ पूरे प्रदेश स्तर पर बढ़ाने और सहयोग प्रदान करने प्रेरित किया । प्रथम आयोजित बैठक मे सभी सदस्यों और शिक्षकों का परिचय हुआ। बैठक के दौरान स्कूल की मूलभूत समस्याओं मे स्कूल में बाउन्ड्रीवाल नही होने, कमरों की कमी, प्रायोगिक कक्ष की कमी जैसे मुद्दो पर चर्चा कर प्रबंधन समिति ने विभागीय अधिकारियों व जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मिलकर समस्या से अवगत कराने का प्रस्ताव किया । बैठक में समिति पदाधिकारियों ने सभी शिक्षको को समय पर स्कूल मे उपस्थित होकर अध्यापन कराने कहा ।

टोलागांव हाईस्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के टोलागांव उमा शाला मे छात्राओं को सरकार द्वारा प्रदाय की जाने वाले सरस्वती सायकल योजना के तहत निशुल्क सायकल का वितरण कर शाला पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया । कार्यक्रम जिपं सभापति घम्मन साहू के मुख्यआतिथ्य सरपंच मनोज साहू की अध्यक्षता और विष्णुदास साहू क विशेष आतिथ्य मे संपन्न हूआ । छात्राओं को सायकल वितरण कर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते घम्मन साहू ने सरकार निशुल्क साइकिल वितरण के लिए आभार जताते कहा कि ब%चों को शिक्षा के प्रति जागरूक होकर पढ़ाई कर भविष्य को उ%जवल बनाना आवश्यक है । इस दौरान शाला के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाए जाने के बाद उनके अधिकार और दायित्व बताते साहू ने कहा कि अपने अधिकार से शाला के विकास एवं अनुशासन को बनाए रखना जरूरी है ।

श्री राष्ट्रीय गौशाला जनकपुर में विराजे भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने उमड रहे हैं श्रद्धालु

धमतरी/नवप्रदेश। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र बहन सुभद्रा की रथ यात्रा जनकपुरी श्री राष्ट्रीय गौशाला विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे पहुंचने के पश्चात वहां विशेष रूप से बनाए गए आस्था के स्थल पर विराजे हैं, जहां प्रतिदिन महाप्रभु के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ रही है। भगवान के अलौकिक श्रृंगार के बाद महाआरती की जाती है तत्पश्चात श्री राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं सदस्योंगणो द्वारा प्रतिदिन महाप्रसाद की सेवा की जा रही है। पंडित बालकृष्ण शर्मा मुख्य पुजारी जी द्वारा भगवान जगन्नाथ जी की कथा का वर्णन किया जाता है। सभी श्रद्धालुगण आस्था से परिपूर्ण भाव से महाप्रभु की सेवा में समर्पित है।

राष्ट्रीय गौशाला में गौमाता की मधुर ध्वनि के गुंजन से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो जाता है और भक्तजनों को अत्यंत आनंद और मनचित्त शांति की अनुभूति होती है। शाम के समय भजन कीर्तन के साथ आस्था और श्रद्धा से परिपूर्ण वातावरण निर्मित हो रहा है। प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे और शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। महाप्रभु की सेवा में समर्पित भक्तजनों द्वारा 19 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमों श्री राष्ट्रीय गौशाला में आयोजन किया जाना है। कल शाम जहां रामधुनी समिति द्वारा अनेक भजनों के माध्यम से भक्तों को धर्म के बंधन में बांधते हुए झूमते हुए नाचते नाचते गाने के लिए मजबूर कर दिया तो दूसरी और आज रविवार को महिलाओं के द्वारा विशेष भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है। प्रतिदिन सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित में होने की अपील की जा रही है। श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किरण भाई गांधी ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर से अपने मौसी के घर जनकपुर श्री राष्ट्रीय गौशाला पहुंचे भगवान की रथ यात्रा वापस 19 जुलाई, शुक्रवार को दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय गौशाला से प्रारम्भ होगी जो शिहावा चौक होते हुए श्री जगदीश मंदिर पहुँचेगी । जिसमे ट्रस्ट के सभी सदस्यगण शहर के इस प्रमुख धार्मिक आयोजन रथ यात्रा को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए लगे हुए हैं सभी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील श्री राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और सभी ट्रस्टी सदस्यों द्वारा आम जनता से की गई है।

नेशनल लोक अदालत में निपटे 600 मामले

■ **एक करोड़ 8 लाख से अधिक का अवार्ड पारित**

■ **शादी में गई महिला ने वीसी से जुड़कर किया मामले में समझौता**

खैरागढ़/नवप्रदेश। शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों में पक्षकारों को भौतिक एवं वर्चुअल कांफ्रेंसिंग माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा मिली । व्यवहार न्यायालय मे आयोजित नेशनल लोक अदालत मे न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप अपर जिला एवं सत्र न्यायालय के 18 प्रकरणों को पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया । इनमें 11 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 79 लाख 32 हजार 855 रू., अन्य सिविल के 04 मामलों में 12 लाख 95 हजार 363 रू. ,138 चेक बाउंस के 03 मामले में 12,20,000 रु का निपटारा हुआ ।प्रीलिटिगेशन नगर पालिका खैरागढ़ के 01 मामले में 2320 रुपए, बीएसएनएल 11 केस में 18141 रू हुआ। विवेक गर्ग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय मे 138 चेक बाउंस के 01 मामले में 1,23,500 रू ट्रैफिक चालान में 238 मामलों में 23,800 और कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग

मजिस्ट्रेट के 95 प्रकरणों में 68000 रूपए,अदर सिविल केसेस 01 में 90 हजार रू. की अवार्ड राशि पारित हूई। इस दौरान 45 आपराधिक मामलों में भी समझौता हुआ । गुरुप्रसाद देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय में 138 चेक बाउंस के 02, अदर सिविल केसेस 01 मामले और ट्रैफिक चालान में 145 मामलों में 14500 , कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 10 प्रकरणों में 8500 रू अवार्ड राशि पास हुआ । राजीनामा करने हेतु तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। खैरागढ़ में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में कुल 600 केसों का निपटारा हुआ जिसमें कुल अवार्ड 1,08,17,140 रू राशि पारित हुआ।

शादी में शामिल महिला ने वी सी से किया राजीनामा

एक प्रकरण में आरोपी ओंकार साहू और परिवादी दीक्षा जैन के बीच मामले मे परिवादी के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के चलते राजीनामा के लिए तैयार होने पर परिवादिनी दीक्षा जैन को वीसी के माध्यम से लोकअदालत मे जोड़ा गया । वीसी उपरांत खंडपीठ पीठासीन अधिकारी चन्द्र कुमार कश्यप अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आवेदन को तस्दीक करने के उपरांत राजीनामा आवेदन को स्वीकार करते हुए आरोपी को आरोपित अपराध 1 धारा 138 परकाम्य अधिनियम से दोषमुक्त किया गया। लोक अदालत के दौरान व्यवहार न्यायालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया । जिसमें एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप, सीजेएम विवेक गर्ग, जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन,अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित समस्त अधिवक्ता गण शामिल हुए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भोजशाला विवाद: एएसआई ने ...

शुक्रवार को नमाज अदा कर सकते हैं। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने इस व्यवस्था को चुनौती दी है।

वर्ष 1902 में भी हुआ था सर्वे

धार भोजशाला का इतिहास वर्षों पुराना है। अंग्रेजों के शासनकाल में एएसआई ने धार भोजशाला का सर्वे किया था। तब की रिपोर्ट में मंदिर के अलावा परिसर के एक हिस्से में मस्जिद का उल्लेख भी किया गया था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नए सिरे से स्टडी के निर्देश दिए थे। यह सर्वे रिपोर्ट हाईकोर्ट में चल रही याचिका के लिए काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इमरान खान की पार्टी ...

मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पाकिस्तान में हुए पिछले चुनाव में इमरान खान की पार्टी को चुनाव लडऩे नहीं दिया गया था, जिसके बाद इमरान के समर्थकों ने स्वतंत्ररूप से चुनाव लड़ा था। सबसे अधिक सीटें जीतने के बाद भी इमरान खान पाकिस्तान में सरकार नहीं बना सके। इस दौरान इमरान की पार्टी के सदस्यों ने चुनाव में पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ी धांधली का आरोप लगाया था।

पीटीआई की हैं राष्ट्रविरोधी गतिविधियांः सूचना मंत्री

अब पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने सोमवार को बताया है कि पाकिस्तान की सरकार ने इमरान की पार्टी पीटीआई को बैन करने का प्लान बनाया है. हाल ही में पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित सीटों के मामले में पीटीआई को और इद्दत मामले में इमरान को राहत दी थी. पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सरकार ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की वजह से पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

पीटीआई पर बैन लगाने के लिए पुख्ता सबूत

तरार ने बताया कि सरकार इस मामले को सुप्रीम कोर्ट भेजेगी। सूचना मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने इमरान खान और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के खिलाफ अनुच्छेद 6 के तहत देशद्रोह का मामला दर्ज करने का निर्णय लिया है। सूचना मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान और पीटीआई एक साथ नहीं रह सकते हैं.। पीटीआई पर बैन लगाने की बात करते हुए तरार ने कहा कि इस कार्रवाई के पक्ष में हमारे पास पुख्ता सबूत हैं। पाकिस्तान में अनुच्छेद 6 के तहत ही परवेज मुशर्रफपर भी कार्रवाई हो चुकी है।

कोर्ट भी कर चुका है आतंकवादी से तुलना

पाकिस्तानी सूचना मंत्री ने कहा कि, विदेशी फंडिंग, 9 मई के दंगे, सिफर केस और अमेरिका में पारित प्रस्ताव समेत पीटीआई के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं। हाल ही में पाकिस्तान की एक कोर्ट ने इमरान खान को लेकर भी कुछ इसी तरह की टिप्पणी की थी. कोर्ट ने 9 मई को हुए दंगों की सुनवाई करते हुए कहा था कि इमरान खान के कारनामे आतंकवादी की तरह हैं।

जवानों ने नक्सली स्मारक...

पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण गंगाराम चव्हाण के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक ओर लगातार नक्सलियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान कार्रवाई जारी है। वहीं दूसरी ओर अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों के भय व हिंसा के प्रतीक के रूप में बने वृहद स्मारकों को हटाकर स्थानीय ग्रामीणों में भी नक्सलियों के विरुद्ध जागरूकता व क्षेत्र के माहौल को भय मुक्त बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि थाना किष्टाराम के जिला पुलिस बल व डीआरजी की टीम के द्वारा ग्राम पालोडी के कसाराम जंगलों में विगत कई वर्षों से स्थापित वृहद नक्सली स्मारक को ग्रामीणों के समक्ष ध्वस्त किया गया। उक्त ग्राम में नक्सलियों के रक्तपात, भय और हिंसा का प्रतीक बन चुके उक्त स्मारक को पुलिस और डीआरजी की टीम के द्वारा ग्रामीणों के समक्ष ध्वस्त किया गया तथा ग्रामीणों को नक्सलियों के विरुद्ध जागरूक किया गया।

■ न्यूज गैलरी

गौवंशों की सुरक्षा व सड़क दुर्घटना में कमी लाने बेरला में बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। एसपी रामकृष्ण साहू व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के निर्देशानुसार आम रास्ते पर बैठने वाले गौवंश की वजह से आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से तथा गौवंशो को रास्ते से हटाकर सुरक्षित स्थान पर व्यवस्थित रूप से पहुँचाने के लिए 14 जुलाई को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल की उपस्थिति में थाना प्रभारी बेरला मयंक मिश्रा द्वारा थाना बेरला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बेरला नगर पंचायत अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे, उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू, ग्राम पंचायत हतपान सरपंच संदीप वर्मा, ग्राम पंचायत सांकरा भागीरथी नेताम, ग्राम पंचायत देवरी सरपंच विमल कुमार साहू, ग्राम पंचायत खर्रा सरपंच वीरेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत सोढ़ सरपंच रूपेंद्र पाटिल, ग्राम पंचायत सरदा सरपंच जनक राम धीवर, ग्राम पंचायत भाड़ सरपंच, गौसेवक जगदीश प्रसाद सोनी व नितेश सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहें। जिसमें गौवंश की सुरक्षा के साथ वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी से सुझाव आमंत्रित करते हुए चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि प्रारम्भिक रूप से गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों से अपील की जाएगी कि अपने गौवंशो को अपने घर मे सुरक्षित रखें, जिससे उनकी सुरक्षा के साथ सड़क दुर्घटना में कमी आएगी।

शिक्षकों के देर से आने से परेशान प्राचार्य ने लगाया ताला

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के ग्राम पलारी में शनिवार को समय पर शिक्षकों के ना आने से नाराज़ प्राचार्य द्वारा अपने ही स्कूल में ताला लगा दिया गया। इसके बाद शिक्षक स्कूल के ही बाहर रहे उनके साथ देर से आने वाले बच्चे भी स्कूल के बाहर रहे। गौरतलब है कि प्राचार्य अपने शिक्षकों के समय में ना पहुंचने के आदत से परेशान था जिसपर प्राचार्य ने आज यह कदम उठा लिया। विद्यालय की दर्ज संख्या 100 है और वहां आज 72 बच्चों का भोजन बनाया गया था।

शिक्षकों की मनमर्जी से परेशान

स्कूल में देर से आने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं की मनमर्जी किस परेशान प्राचार्य ने आज कठिन कदम उठाया तो शिक्षिकाएं बाहर ही रहे। बालोद जिले में कई ऐसे विद्यालय हैं जहां पर शिक्षक समय को लेकर पाबंद नहीं है और इसका खामयाजा बच्चों को भुगतना पड़ता है प्राचार्य सीआर ध्रुव ने बताया कि शिक्षक समय पर नहीं पहुंचे आज सुबह स्कूल है समय से सभी शिक्षकों को आना चाहिए ऐसे में जब वो नहीं आते तो बच्चों का नुकसान होता है और आज के दिन कई सारी एक्टिविटी कराई जाती है।उक्त पलारी विद्यालय में समय से ना आने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं के नाम भी सामने आए हैं जिसमें व्याख्याता एके सोनी, टीएस उईके, एस राजपूत, जी मारकंडे, एस देवांगन, सहायक शिक्षक ए. साहू शामिल हैं और शिक्षिका का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमे वे ग्रामीणों को अपने समय के विषय में सफाई देते नजर आ रहे हैं।

वर्सन-पूरे मामले में जब जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले से जानकारी ले गई तो उन्होंने बताया कि मुझे इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है जानकारी लेकर कुछ कह पाऊंगा।

वर्सन-वहीं वहां के विकासखंड शिक्षा अधिकारी ललित चंद्राकर ने कहा कि मुझे इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है मुझे वहां के संकुल समन्वयक द्वारा किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई है। पता करवाते हैं कुछ गलत पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने कहा कि आज शनिवार है स्कूल बंद हो गया है सोमवार को मामले की जांच करेंगे।

किल्लेवाली माता के पहाड़ पर अधजले हालत में मिला युवक

बालोद/नवप्रदेश। विकासखंड डौंडी अंतर्गत महामाया माइंस जाने वाले मार्ग पर स्थित किल्लेवाली माता के पहाड़ पर स्थित मंदिर के पीछे एक अज्ञात युवक अधजली हालत में मिला। मंदिर दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी. मामले में पुलिस जांच में जुटी है और शव की पहचान करने की कोशिश में लगी है.महामाया थाना प्रभारी के अनुसार राजनांदगांव से किल्लेवाली मंदिर घूमने आए एक युवक और युवती को पहाड़ के ऊपर किल्लेवाली मंदिर के पीछे एक युवक बुरी तरह से अधजली अवस्था में पड़ा हुआ मिला. इस पर 108 एंबुलेंस को इसकी सूचना दी और जले हुए युवक को पहाड़ी से नीचे उतारा गया. प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार नीचे लाने तक युवक की सांसे चल रही थी और 108 एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई हो। बताया जा रहा है कि घायल अवस्था में युवक से उसका नाम पता पूछे जाने पर आशा टाकीज राजहरा इतना ही बता पाया था. घटना स्थल पर पानी की बोतल से ज्वलनशील पदार्थ और माचिस को तीली भी मिली. घटना स्थल में एक रेंजर साइकिल भी मिली है, जो इसी युवक की बताई जा रही है।

सात नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर में तर्रेम थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी ने एरिया डॉमिनेशन के दौरान तीन लाख के इनामी महिला और पुरुष समेत सात नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। पकड़े गए नक्सली छुटवाई कैम्प में हमला करने की घटना में शामिल रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान तर्रेम थाना, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी छुटवाई कैम्प से अभियान पर निकली हुई थी।

विधानसभा बिल्हा के 'मतदाता अभिनंदन समारोह' में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू

लोकसभा चुनाव की प्रचंड जीत, जीत नहीं बल्कि जनता का भाजपा पर अटूट विश्वास है-तोखन साहू

- मदाताओं और कार्यकर्ताओं का जताया आभार
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम लगातार नई उचाईयों को छुएँगे : कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अध्यक्षता में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रचण्ड बहुमत से विजयी होने पर बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के मंडी प्रांगण में आयोजित 'मतदाता अभिनंदन समारोह' में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू शामिल होकर लोकतंत्र के महापर्व में प्रतिभाग कर राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाले सभी मतदाताओं का हार्दिक अभिनदंन व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को समर्पित कार्यकर्ताओं और जनता का स्नेह और प्यार का ही परिणाम है कि लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीट से 10 लोकसभा सीट में जीत हासिल कि है यह जीत, जीत नहीं बल्कि जनता का भाजपा पर अटूट विश्वास है देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने छत्तीसगढ़ में बेहतर प्रदर्शन किया है और मोदी जी के नेतृत्व में हम लगातार एक नई उंचाईयों को छुएंगे और देश की तस्वीर भी बदलेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने भी भारी मतो से जीत हासिल की है जिसमे बिल्हा विधानसभा से भी प्रचंड मत प्राप्त किया है। यह जीत इस बात की तस्दीक भी कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के अपने उद्घोष में निहित 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के संकल्प के साथ काम किया है और इसलिए 'एंटी इन्कम्बेंसी' जैसे मिथक को 'प्रो-इन्कम्बेंसी' में तब्दील कर भारतीय राजनीति में बदला है। श्री कौशिक ने कहा कि भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन सत्ता सौंपी है। जनता का यह अटूट विश्वास है और जनता के विश्वास के कारण ही भाजपा इन चुनावों में तीसरी बार एक प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है।

पुलिस ने रंगे हाथों 23 जुआरियों को पकड़ा, 12.37 लाख जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। सायबर सेल बेमेतरा को 13 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना चंदनु क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवरी में खेत के बीच बने फार्म हाउस में रुपये पैसे का दाव लगाकर कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। सायबर सेल व थाना चंदनु की संयुक्त टीम ने मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआड़ी पुलिस को देखकर भाग गए। पकड़े गए जुआड़ियों में ललित यादव पिता कार्तिक राम यादव उम्र 34 वर्ष गिधवा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा, उमेश यादव पिता लक्ष्मण यादव उम्र 34 वर्ष साकिन सांकरा थाना धरसींवा जिला रायपुर, यशवंत चंद्रवंशी पिता मुरली चंद्रवंशी उम्र 32 वर्ष थान खमरिया जिला बेमेतरा, घनश्याम चंद्राकर पिता शत्रुहन चंद्राकर उम्र 45 वर्ष सा वार्ड 06 थान खमरिया, देवेंद्र कुमार वर्मा पिता रामकुमार वर्मा उम्र 36 वर्ष साकिन सुमा थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदा बाजार, लेखु साहू पिता ओंकार साहू उम्र 34 वर्ष साकिन सलधा चौकी देवरबीजा जिला बेमेतरा, सुरेंद्र कुरे पिता सखाराम कुरे उम्र 36 वर्ष सा बोरसी थाना भाटापारा, ईश्वर आडिल पिता श्यामलाल आडिल उम्र 38 वर्ष अकलतरा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार, ईश्वर सिंह पिता कल्याण सिंह उम्र 62 वर्ष सा परपोड़ा चौकी देवकर जिला बेमेतरा, दयादास बारले पिता बगश बारले उम्र 58 वर्ष सा हीरापुर चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया जिला कवर्धा, सनत साहू पिता हरिराम साहू उम्र 47 वर्ष पडकीडीह थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा, मनोज कुमार डोंडे पिता हरिश्चंद्र डोंडे उम्र 33 वर्ष हरिनभाटा सिमगा जिला बलौदा बाजार, सतीश कुमार पिता असदेव उम्र 43 वर्ष साकिन मुरकुटा थाना नवागढ़, राजकुमार पुरैना पिता समारू पुरैना उम्र 40 वर्ष सोनपुरी थाना चदनू, प्रदीप पिता परघन साहू उम्र 36 वर्ष गातापार थाना थान खमरिया, विजय कुमार पिता भुक्लापन दास उम्र 42 वर्ष सोनपुरी थाना कवर्धा जिला कवर्धा, बलदेव कुमार पिता नोहर राम उम्र 36 वर्ष साकिन सोनपुरी थाना कवर्धा जिला कवर्धा, विष्णु मंडले पिता स्वर्गीय संत राम मंडले उम्र 37 वर्ष थाना थान खमरिया, ज्ञानेश पिता द्वारिका उम्र 35 वर्ष साकिन इंदौरी थाना पिपरिया जिला कवर्धा, प्रकाश लोधी पिता तुलसीराम उम्र 42 वर्ष सेकंड तेंदुआ चौकी देवरबीजा, सुशील कुमार पिता प्यारेलाल उम्र 37 वर्ष सा वार्ड नंबर 1 थान खमरिया थाना थान खमरिया, घनश्याम ताम्रकार पिता वोश्कु ताम्रकार उम्र 52 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 19 मस्जिद गली बाजार पर बेमेतरा, प्रमोद वर्मा पिता लाला वर्मा उम्र 33 वर्ष साकिन कवर्धा थाना कवर्धा को रुपये पैसे का दाव लगाकर जुआ खेलते पकड़ा गया। पकड़े गये 23 जुआडियों के कब्जे से जुमला 1237500 नकदी रकम, 52 पत्ती ताश, तिरपाल को जप्त कर आरोपियों का कृत्य धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम का घटित करना पाए जाने से अपराध क्रमांक 49/24 धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम कायम कर विवेचना की जा रही हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय फोन/फैक्स नंबर 07857-231762. 230261, ईमेल cmobch@rediffmail.com
क्रमांक/867/तक. शा./न.पा.प./2024 बड़े बचेली, दिनांक 15/07/2024

ई-टेण्डर निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार एवं पंजीकृत फर्म/एजेंसी/ कंपनी से निम्नलिखित कार्य हेतु नगर पालिका परिषद बड़े बचेली द्वारा आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम ई-टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि (लाख में)	Bid Submit करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
156077	वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्लेंसमेंट श्रमिक एवं स्वच्छता कमांडो प्रदाय (31 मार्च 2025 तक) अंतर्गत बड़े बचेली के कार्यालयीन कार्य, सफाई कार्य, विद्युत कार्य, नलजल कार्य, वाहन चालक हेतु।	92.40 लाख	04.08.2024 समय 17.30 बजे तक

2. उपरोक्त श्रमिकों हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तत निविदा विज्ञप्ति, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल- https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बड़े बचेली
जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम के न्यायालय में मामला क्रमांक :

विषय-अ-2 मामले की श्रेणी- सन 2023-24
बारसूर प.ह.नं. 00006 (527/1/क/19 (0.0200 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सूर्यपाल सिंह पिता देवीसिंह
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सूर्यपाल सिंह पिता देवीसिंह जाति धाकड़ निवासी पाण्डेकर तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नंबर 7806091281 के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम के समक्ष भू राजस्व संहिता की धारा 172 तथा 59 (2) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किये है कि ग्राम बारसूर प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. व तहसील बारसूर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 527/1/क/19 रकबा 0.0200 हे. आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराना चाहते हैं। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भूखंड पर किसी को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में दिनांक 22/07/2024 तक अभिमत प्रस्तुत कर सकते हैं।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2024 को जारी किया जाता है।

सील
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
गीदम

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय तहसील मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)

शपथ पत्र

(पंजीयन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति बाबत)

मैं कु. मनीषा कोशले उम्र 24 वर्ष पिता अजय कोशले जाति सतनामी निवासी ग्राम देवरी (संगवा) थाना तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. की हूं जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूं :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मैं सन् 2022 में बी.एस. नर्सिंग की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हूं जिसमें पंजीयन प्रमाण पत्र की मूल प्रति मुझे प्रदान किया गया था जो कहीं खो गया है।
3. यह कि मेरे बी.एस.सी. नर्सिंग पंजीयन प्रमाण पत्र की मूल प्रति कहीं खो गया है जिसके कारण मुझे शासकीय कार्य एवं अन्य कार्यों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए पंजीयन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की प्राप्त करना चाहती हूं।
4. यह कि उक्त पंजीयन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के संबंध में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।
5. यह कि मैने कोई बात नहीं छिपाई है।

सत्यापन :- मैं कु. मनीषा कोशले यह सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की बातें मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही हैं जिसे आज दिनांक 11.07.2024 को स्थान मुंगेली में लिखाकर पढ़ाकर, पढ़कर सुनकर सुमझकर अपना हस्ताक्षर की।

शपथकर्ता

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 02.08.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 02.08.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम / खाता संख्या व आईएफएससी कोड
1) ए. सेन, नेताजी सुभाष चन्द्र रोड, राम नगर, सुपेला भिलाई, छत्तीसगढ़-490023, 2) भागीदार- ए. सेन, नेताजी सुभाष चन्द्र रोड, राम नगर, सुपेला भिलाई, छत्तीसगढ़-490023, 3) सुरजीत सेन पुत्र- आशुतोष सेन, नेताजी सुभाष चन्द्र रोड, राम नगर, सुपेला भिलाई, छत्तीसगढ़-490023	खसरा नं. 505/2 (भाग), प.ह.नं. 69, नया खाता नं. 9329, राम नगर, कोहका, भिलाई, जिला- दुर्ग में स्थित संपत्ति प्लॉट नं. 86. चौहद्दीः उत्तर- गोस्वामी का निवास, दक्षिण- मानव सेन का निवास, पूर्व- अन्य का निवास, पश्चिम- सड़क।	31.05.2015 / 18.06.2015 / ₹ 20,62,270.00 31.08.2015 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 24,00,000/- / ₹ 2,40,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Sanjay Kumar (Mo. 8839090565) SME BHILAI BRANCH A/c No. 209272434 IFSC CODE: : CNRB0002548 Email: cb2548@canarabank.com
मेसर्स श्री गणपति उद्योग, प्रोप. श्री सोमेश्वर प्रसाद सिंह पिता- कामेश्वर प्रसाद सिंह, एमसीडी गोदाम, धमधा रोड, चिखली, दुर्ग एवं जमानतदार- श्री कामेश्वर प्रसाद सिंह, प्लॉट नंबर 16/17, ब्लॉक नंबर 17, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई।	चल संपत्ति 1- मेसर्स गणपति उद्योग प्रोप. श्री सोमेश्वर प्रसाद सिंह के नाम पर एमसीडी गोडाउन, धमधा रोड, चिखली दुर्ग में स्थित प्लांट व मशीनरी। अचल संपत्ति 2- श्री कामेश्वर प्रसाद सिंह पिता- श्री सोमेश्वर प्रसाद सिंह के नाम पर प्लॉट नं. 17, ब्लॉक नं. 17, दक्षिण गंगोत्री, कामर्शियल मार्केट, सर्कस मैदान के पास, सुपेला, भिलाई छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 1308.00 वर्गफीट में स्थित लीज होल्ड भूतल + 1 मंजिला कामर्शियल सह आवासीय भवन। चौहद्दीः दक्षिण की ओर- प्लॉट नं. 16, उत्तर की ओर- प्लॉट नं. 18, पश्चिम की ओर- सड़क, पूर्व की ओर- प्लॉट नं. 2,	07.11.2022 / 09.01.2023 / ₹ 1,05,78,903.55 07.11.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	1: ₹ 3,40,000/- / ₹ 34,000/- / ₹ 10,000/-; 2: ₹ 66,50,000/- / ₹ 6,65,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Rabindra Kumar Sharma (Mo. 7718873373) Bhilai Main Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0000298 Email: cb0298@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.indianbankseauction.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 01.08.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 01.08.2024 को सायं 5.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s. PSB Alliance (ebkray), Helpline: Email ID- support.ebkray@psballiance.com अथवा Website: https://ebkray.in पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 16.07.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 15.07.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

रक्तदान जीवनदान के समतुल्य है : मधुसूदन

- छात्र युवा मंच व नगर निगम द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छात्र युवा मंच राजनांदगॉव एवं नगर पालिक निगम राजनांदगॉव के संयुक्त तत्वावधान में संस्कारधानी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जनहितार्थ आयोजित इस रक्तदान शिविर में शहर की जनता के लिये निःशुल्क सिकलसेल, हिमोग्लोबिन, बी.पी., शुगर जॉच हेल्थ कैंप भी आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन नगर पालिक निगम राजनांदगॉव के परिसर में स्थित टाउनहॉल में प्रातः आठ बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक किया गया, जिसमें रक्तवीरों ने 56 यूनिट रक्तदान किया। इस रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने रक्तदान कर रहे रक्तवीरों के बीच मौजूद रहकर उनका हॉलचाल जाना और रक्तवीरों का उत्सावर्धन किया तथा उन्हें अपने करकलमों से सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन के लिये निःशुल्क सेवा देने वाले जिला स्वास्थ्य विभाग, बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगॉव एवं मेडिकल कॉलेज राजनांदगॉव के पूरी टीम का आभार प्रदर्शित किया, साथ ही साथ आयोजक मंडल छात्र युवा मंच परिवार एवं नगर पालिक निगम राजनांदगॉव के द्वारा जनहित में आयोजित इस रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की प्रशंसा करते हुए, रक्तदान को जीवनदान के समतुल्य बताया। रक्तदान शिविर में गणमान्य अतिथिगण के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव सहित जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेतागण खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, सचिन बघेल, कोमल सिंह राजूपत, नंदू साहू, राजेश अग्रहरि, राजेन्द्र बन्टू जैन, रघुवीर वाधवा एवं अन्य मौजूद रहे। छात्र युवा मंच परिवार की ओर से संगठन प्रभारी नागेश यदु, संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, समीर गजभिये, आलोक बिंदल, सूरज बुद्धदेव, प्रियंक सोनी, प्रशांत गुप्ता, अजीत जैन, हेमलाल साहू सहित रक्तवीर लिकेश्वर सिन्हा, चंद्रभान जंघेल, अगेश्वर वर्मा, कृष्णकांत साहू, लोकेश बारापात्रे, सुरेश साहू, नोमेश वर्मा, हेमा साहू, बबीता साहू आदि उपस्थित रहे। नगर निगम परिवार की ओर से आयुक्त अभिषेक गुप्ता, महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु, सहित पार्षदगण सर्वश्री शिव वर्मा, शरद सिन्हा, पारस वर्मा, गगन आईच, शरद पटेल, सिद्धार्थ डोंगरे, विजय राय, मदन यादव, राजेश यादव, मणिभास्कर गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सुंदरकांड पाठ की सत्रहवीं माला की हुई पूर्णाहुति

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री श्याम के दीवानों संग हनुमान भक्तों द्वारा पिछ्ले नौ वर्षो से श्री सुंदरकांड के नियमित पाठ संस्कारधानी नगरी के अलावा प्रदेश एवं देश के अनेक हिस्सों में अनवरत रूप से चल रहे हं। देश के बाहर नेपाल में भी अनेक बार श्री सुंदरकांड के पाठ हो चुके हैं। श्री सुंदरकांड पाठ के मुख्य पाठकर्ता गणेश मिश्रा के अनुसार 17 वीं माला का 108 वां पाठ अर्थात 1836 वां श्री सुंदरकांड पाठ आज 14 जुलाई 2024 रविवार को बी एन सी मिल चाल स्थित श्री मानस राम मंदिर में संपन्न हुआ।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

क्रमांक/593/निर्वा./न.पा.परि./2024-25 बीजापुर, दिनांक 05/07/2024

प्रपत्र
(नियम 7 देखिए)

नगरपालिका क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना (संशोधित)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बीजापुर नगरपालिका परिषद क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जो बीजापुर नगरपालिका परिषद कार्यालय में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख 15/07/2024 से 22/07/2024 (सात दिवस) के भीतर लिखित रूप से अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थान- बीजापुर
दिनांक - 15/07/2024

(डी.आर. ध्रुव)
तहसीलदार
एवं नाम निर्दिष्ट अधिकारी
जिला- बीजापुर (छ.ग.)

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना-2024-25

सीसीआरटी विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों जैसे कि संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला, मूर्तिकला, शिल्पकला और साहित्यिक कला से परंपरागत रूपों में ऐसे दुर्लभ कला रूपों पर विशेष जोर देते हुए जो विलुप्ल होने के कगार पर है, विशिष्ट प्रशिक्षण दिलाने के लिए या तो मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ाई कर रहे अथवा परंपरागत प्रदर्शन कलाओं से जुड़े परिवारों के 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में (अंतिम पात्रता तिथियों के अनुसार)चयनित उत्कृष्ट प्रतिभा संपन्न बच्चों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना लागू करता है। इस योजना के अंतर्गत प्रदान की गई छात्रवृत्ति एक बार में दो वर्ष के लिए होती है जो शिक्षा की प्रथम विश्वविद्यालय डिग्री चरण या 20 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, छात्रवृत्तिधारक के संतोषजनक प्रगति बनाए रखने की शर्त के साथ प्रत्येक दो वर्ष के बाद नवीनकरणीय होती है। नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार प्रत्येक वर्ष 650 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है।

सामान्य श्रेणी और अन्य के लिए छात्रवृत्तियां 375	परंपरागत कलाकार परिवारों के लिए 125 छात्रवृत्तियां
जनजातीय संस्कृति/अनुसूचित जनजाति के लिए 100 छात्रवृत्तियां	अलग रूप से सक्षम (दिव्यांग) बच्चों के लिए 20 छात्रवृत्तियां
सृजनात्मक लेखन/साहित्यिक कलाओं के लिए 30 छात्रवृत्तियां	

छात्रवृत्ति का मूल्य रुपए 3600/- (रुपए तीन हजार छह सौ मात्र) प्रति वर्ष है और विशिष्ट प्रशिक्षण के लिए रुपए 9000/- (रुपए नौ हजार मात्र) प्रति वर्ष तक वास्तविक शिक्षण शुल्क का भी भुगतान किया जाता है। जिन बच्चों की जन्म तिथि- 01.07.2010 और 30.06.2014 (दोनों तिथियां शामिल है) के बीच है वे वर्ष 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के पात्र है। आवेदन पत्र और अन्य ब्यौरे सीसीआरटी की वेबसाईट www.ccrtindia.gov.in से उाडनलोड किए जा सकते हैं या निम्नलिखित में से किसी भी पते से स्वयं/डाक द्वारा निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, 15 ए, सेक्टर-07, द्वारका, नई दिल्ली-110075 दूरभाष- 011-25088638, ईमेल- ddsch.ccrt@nic.in वेबसाइट www.ccrtindia.gov.in	सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, 1-118/सीसीआरटी, सर्वे नं. 64, समीप गूगल आफिस माधापुर, हैदराबाद- 500084 दूरभाष-040-23117050 एवं 23111910 ई-मेल rchyd.ccrt@nic.in
सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, हवाला खुद, बड़गांव, उदयपुर, राजस्थान-313001 दूरभाष 0294-2430764 टैलीफैक्स- 0294-2430771 ई-मेल -rcud.ccrt@nic.in	सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, 58, जूरीपार, पंजाबाड़ी रोड, गुवाहाटी,-781037, असम दूरभाष 0361-2330152 टैलीफैक्स- 0361-2335316 ई-मेल- rcgwt.ccrt@nic.in
सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र पुरानी कलेक्ट्रेट बिल्डिंग, दमोह, मध्यप्रदेश -470661 दूरभाष- 07812-299187 ईमेल- rcdamoh-ccrt@gov.in	

संगत दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र शनिवार, 31 अगस्त 2024 को या इससे पहले सीसीआरटी, नई दिल्ली-110075 में पहुंच जाना चाहिए। डाक में किसी भी विलंब के लिए सीसीआरटी जिम्मेदार नहीं होगा और अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

CBC-09127/12/0004/2425

राजमोहिनी की समाधि स्थल की बाउंड्रीवॉल पहली ही बारिश में गिरी

भूपेश सरकार में 30 लाख की लागत से किया गया था सौंदर्यीकरण

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के प्रतापपुर ब्लॉक मुख्यालय में कांग्रेस के सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रतापपुर विकासखंड में स्थित पद्मश्री माता राज मोहनी देवी के समाधि स्थल पहुंचे थे जहां उन्होंने समाधि स्थल के विकास कार्य और सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए दिए थे लेकिन भ्रष्टाचारियों ने और लोक निर्माण विभाग सूरजपुर के अधिकारी व ठेकेदार ने उसे भी नहीं बख्शा पहली बारिश में बाउंड्री वॉल टूटकर गिर गई वहीं और हुवे अन्य निर्माण कार्य भी बेहद घटिया निर्माण की वजह से क्षतिग्रस्त हो गए। पूर्व में राजमोहिनी देवी संस्था के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने उक्त कार्य की शिकायत सूरजपुर कलेक्टर सहित विभागीय अधिकारियों को दी थी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग सूरजपुर द्वारा लगभग 50 लाख की लागत से राजमोहिनी देवी के समाधि स्थल ग्राम पंचायत गोविंदपुर के रजमेलान मे बाउंड्री वॉल शौचालय निर्माण से लेकर अन्य कार्य को भी स्वीकृति दी थी लेकिन जिस ठेकेदार के माध्यम से उक्त कार्य को कराया जा रहा था विभागीय उदासीनता के कारण अधिकारी और ठेकेदार के द्वारा मिली भगत कर घटिया निर्माण कार्य को अंजाम दिया गया पूर्ण किया जिसको लेकर संस्था के अध्यक्ष ने कई बार इसकी शिकायत सूरजपुर जिले के कलेक्टर व विभागीय अधिकारियों से की थी लेकिन अधिकारी और ठेकेदार के बीच ऐसी साठगांठ थी की खुली छूट दी रखी थी इसी का नतीजा है कि बीती रात बाउंड्री वॉल गिर गई जिससे भ्रष्टाचार की पोल खुल गई है माता राजमोहिनी देवी केवल सरगुजा संभाग ही नहीं बल्कि दूसरों प्रदेश उत्तर प्रदेश झारखंड बिहार व अन्य राज्यों में भी ख्याति प्राप्त महान संत हैं लेकिन अधिकारियों ने उनके समाधि स्थल को भी नहीं छोड़ा अब देखने वाली बात होगी कि समाचार प्रकाशन के बाद जिले के सवेदनशील कलेक्टर रोहित व्यास की उक्त मामले में क्या भूमिका होगी। यह कार्य कांग्रेस सरकार में स्वीकृत हुई थी और दिसंबर में चुनाव के बाद जनवरी-फरवरी में बनाई गई,, वर्तमान सरकार में हुई कार्य की इस घटिया निर्माण कार्य को लेकर जमकर सोशल मीडिया सहित आम जनों में भी चर्चा व्याप्त है तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की भारी किरकिरी हो रही है। तथा लोगों ने कहा कि ठेकेदार व नेता पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मिली भगत से इस तरह से बद से बत्तर और घटिया कार्य कराया गया है जहां पूरे छत्तीसगढ़ सहित में प्रसिद्ध माता राजमोहिनी के समाधि स्थल गोविंदपुर का यहां हाल है तो न जाने इस तरह का घटिया निर्माण का दंश अभी कितने ग्राम पंचायत सहित विकास कार्य की पोल खोलना बाकी है। भ्रष्टाचार का अड्डा बना प्रतापपुर विकासखंड में अधिकारी एवं ठेकेदारों की जंगल राज हो गई है। वही विकास कार्य में इस तरह का गुणवत्ता विहीन कार्य होने की वजह से एवं पहली बारिश में बाउंड्री वॉल के टूट जाने से ग्रामीणों सहित आम जनों में भारी आक्रोश है। जो भ्रष्टाचार का एक जीता जागता नमूना है। ग्रामीणों ने एवं आम जनता ने कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए अधिकारी और ठेकेदार के ऊपर में सख्त कार्रवाई की मांग किए हैं। जहां राज्य में बैठे भाजपा मुख्यमंत्री वा सरकार से आग्रह किया कि इस भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए कड़ी कार्रवाई किया जाए। इस मामले में एसडीएम ललिता भगत ने कहा कि मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन संबंधित विभाग एवं कलेक्टर को सौप जाएगा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

न्यूज गैलरी

पैसे लौटाने के बहाने महिला से छेड़छाड़

रायगढ़/नवप्रदेश। कल स्थानीय महिला द्वारा थाना जूटमिल में आरोपित मुन्ना यादव पर घर में अकेली पाकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। महिला ने बताया कि 12 जुलाई को सुबह पति ड्यूटी पर गया हुआ था। घर पर अकेली थी शाम करीब 4.30 बजे मुन्ना यादव आया और उधारी 50 लौटने की बात कह कर उल्टी-सीधी अश्लील बातें करने लगा, जब मुन्ना यादव को पति के नहीं होने की जानकारी हुई तो हाथ बांह पकड़कर छेड़खानी करने लगा। महिला शोर मचाई तो मुन्ना यादव अपनी बाइक लेकर भाग गया। महिला ने पति के वापस घर आने पर घटना बताई और थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई, रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 325/2014 धारा 74,75(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत छेड़खानी का अपराध दर्ज कर तत्काल थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिए और आरोपी को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार *आरोपी मुन्ना यादव (उम्र 30 साल) को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, महिला प्रधान रक्षक क्लोस्टिका खरे एवं पेट्रोलिंग आरक्षक सुशील यादव, जितेश चौहान की प्रमुख भूमिका रही है।

सही परवरिश योग्य भविष्य सेमिनार 28 को

रायगढ़/नवप्रदेश। शहर की जानी-मानी सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी अपने अनूठे कार्यक्रमों की बदौलत शहर में एक विशिष्ट पहचान बन चुकी है। संस्था द्वारा एक से बढ़कर एक व्यक्तित्व विकास एवं अनेक समाज उपयोगी कार्यक्रमों की सौगात दी जा चुकी है। इसी कड़ी को और आगे बढ़ाते हुए संस्था फिर से अपने बेहतरीन प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर पेरेंटिंग अर्थात उचित परवरिश नामक प्रशिक्षण कार्यक्रम लेकर आ रही है। आगामी 28 जुलाई को होटल अंश इंटरनेशनल ढिमरापुर रोड रायगढ़ में यह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें संस्था के जाने माने राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक जेसीआई सीनेटर जैसी केशव जैन जी चंडीगढ़ के द्वारा कैसे अपने बच्चों की उचित ढंग से परवरिश की जाए ताकि वे आगे चलकर अपना तथा देश का भविष्य सुरक्षित कर सकें एवं राष्ट्र के लिए एक संपत्ति बन सकें, जिससे कि हर माता-पिता को अपने बच्चों पर गर्व हो, इस विषय पर उनके द्वारा बहुत गहराई से प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनके द्वारा देश एवं विदेशों में इस विषय पर सैंकड़ों प्रशिक्षण सत्रों में अपने व्याख्यान दिए गए हैं और उनके व्याख्यानों के माध्यम से असंख्य परिवारों ने लाभ उठाया है। संस्था की ओर से इस प्रोग्राम के निदेशक जेसी आनंद मोदी (स्कूल जोन सुभाष चौक) एवं सह निदेशक जेसी सीए शुभम बोंदिया हैं एवं उनके द्वारा इस प्रोग्राम की भरपूर तैयारी की जा रही है। इस प्रोग्राम से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए एवं इस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए उनके मोबाइल नंबर 9893170177, 9907351232 पर संपर्क किया जा सकता है। उक्त जानकारी संस्था के पीआरओ जेसी सुमन दत्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

रायपुर में 400 लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर में एस.ई.सी.एल.(एस.ई.सी.एल.) बिलासपुर द्वारा प्रायोजित रोजगारोन्मुखी निःशुल्क आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 400 जरूरतमंद युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त जानकारी देते हुए सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि आवेदकों के चयन हेतु 16 जुलाई को विकासखण्ड लखनपुर के जनपद पंचायत सभाकक्ष लखनपुर में और 18 जुलाई को विकासखण्ड अम्बिकापुर के जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज भवन, नमना रोड, गांधी चौक के पास, अम्बिकापुर में काउंसिलिंग हेतु शिविर आयोजित की गई है। जिसमें 6 कोर्स मशीन ऑपरेटर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग, मशीन ऑपरेटर, इन्जेक्सन मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर, प्लास्टिक एक्सट्रक्सन, मशीन ऑपरेटर, ब्लोव मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर, टूल रूम, मशीन ऑपरेटर, और प्रोग्रामर, सी.एन.सी.,6 माह के कोर्स में प्रशिक्षण हेतु जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं का चयन किया जायेगा।

प्लेसमेंट कैंप 19 को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, अम्बिकापुर के द्वारा 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैंप में महामाया होण्डा, मनेन्द्रगढ़ रोड, अम्बिकापुर नियोजक के रूप में शामिल होंगे जिसमें 26 रिक्त पद हैं। इसमें सेल्स एक्सक्लूसिव के 04 पद, न्यूनतम योग्यता स्नातक, पार्टस् मैनेजर का 01 पद न्यूनतम योग्यता स्नातकोत्तर, असिस्टेंट पार्टस् मैनेजर 02 पद न्यूनतम योग्यता स्नातक, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 03 पद न्यूनतम योग्यता डीसीए, सर्विस मैनेजर असिस्टेंट के 03 पद न्यूनतम योग्यता स्नातकोत्तर, फ्लोर सुपरवाईजर के 03 पद न्यूनतम योग्यता स्नातक, मिस्त्री मैकेनिक के 06 पद न्यूनतम योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, हेल्पर के 04 पद न्यूनतम योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, निर्धारित है। जिले के इच्छुक ऐसे समस्त आवेदक, जो उपरोक्त पदों हेतु योग्यता रखते हैं, वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय के जीवित पंजीयन कार्ड की मूल प्रति एवं इन सभी की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गंगापुर खुर्द, अम्बिकापुर में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

सर्पदंश से मासूम की मौत

सूरजपुर/नवप्रदेश। बरसात के मौसम में सर्प दंश सहित अन्य जहरीले जीव जंतुओं के काटने से होने वाली मौत को रोकने के लिए प्रशासनिक दावों की हकीकत एक दफा फिर से सामने आई है जहां सर्पदंश से एक 14 वर्षीय मासूम की मृत्यु हो गई है। इसके साथ ही दूरस्थ क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाओं की उपलब्धता की हकीकत बयां कर रहा है जहां पर सर्पदंश पर केवल बोटल चढ़ा कर रेफर कर दिया गया जिससे समय अधिक गुजरने से मासूम की मृत्यु हो गई है। बहरहाल मामले में आपकों बताते चलें कि प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाला दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत बोंगा के धनेश्वर आयाम उम्र 14 वर्ष रसल वाइपर स्नेक के काटने से हो गया मौत यह सांप काफी दुर्लभ प्रजाति विषैला सांप है जो की बहुत शांत जगह में रहना पसंद करता है और गलती से इसके शरीर में कुछ स्पर्श होता है तत्काल हमला कर देता है।मृतक धनेश्वर के पिता हीरालाल आयाम के अनुसार धनेश्वर परसापत्ता काटने के लिए घर के ही सामने तरफ़ दिन रविवार को 11. 30 बजे गया हुआ था इस दौरान रसल वाइबर के ऊपर ही पैर पड़ गया सांप पैर से लिपट के पैर को काट लिया और फटकारने के दौरान कई बार हमला किया तुरंत आनन फानन में बच्चे को स्वास्थ केन्द्र रमकोला ले जाया गया लेकिन यहां सिर्फ़ बच्चे को पानी बॉटल चढ़ा कर कुछ घंटे तक रखने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर रेफर कर दिया गया जिससे रास्ते में ही उस मासूम बच्चे की मौत हो गई। मामले पर थाना रामकोला पुलिस ने शव का मर्ग कायम कर पंचनामा प्रतिवेदन बनाकर शव को प्रतापपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एक ट्रक सीमेंट की हेराफेरी, फरार ड्राइवर गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर संदिग्ध व फरार आरोपियों की धरपकड़ के अभियान में कोतरारोड़ पुलिस को पिछले ढाई साल से फरार चले रहे खयानत के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी वाहन चालक का कोई निश्चित पता, ठिकाना नहीं होने से गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। थाना प्रभारी कोतरारोड निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा लगातार आरोपी की जानकारी जुटाई जा रही थी, पिछले दिनों आरोपों के रायपुर, खमतराई इलाके में रहने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम रायपुर रवाना होकर आरोपी को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया।

घटना को लेकर कृष्णा बिहार कालोनी कोतरारोड़ में रहने वाले लोकेश अग्रवाल द्वारा 28 अक्टूबर 2021 को थाना कोतरारोड़ में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका श्री कृष्णा लाजिस्टिक का आफिस पतरापाली ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित है। जहां ट्रांसपोटिंग का काम किया जाता है। 4 सितंबर 2021 को ट्रक क्रमांक सीजी 04 ME 5722 के चालक पप्पू कुमार यादव के माध्यम से JSPL कम्पनी पतरापाली से 620 बोरी सीमेंट (कीमती 164299/- रूपये) लोड कराकर अक्षत इंटरप्राजेंज रमानुजगंज के लिए रवाना किया गया था। उक्त माल को ड्रायवर रमानुजगंज ना ले जाकर अपने वाहन मालिक इमाम खान गढवा ने आपस में मिलकर बेईमानी से सीमेंट को कहीं और बिक्री कर दिये जिस पर दोनों आरोपियों के

विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में अप.क्र. 317/2021 धारा 407, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायम होने के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। वाहन चालक का निश्चित पता, ठिकाना नहीं होने से गिरफ्तारी में समय लग रहा था, थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा डीएसपी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन पर लंबित मामलों के फरार आरोपियों की लगातार जानकारी मुखबीरों से ली जा रही थी। इसी बीच आरोपी के कुछ दिनों से रायपुर खमतराई में होने की जानकारी पर तत्काल पुलिस अधीक्षक की अनुमति पर कोतरारोड़ की टीम रायपुर रवाना होकर खमराई पुलिस के साथ दबिश देकर आरोपी पप्पू यादव उर्फ प्रेम कुमार यादव पिता मंगऊ यादव 25 साल निवासी वार्ड क्रमांक 3 थाना केरार, जिला गढवा (झारखंड) को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी ने गाड़ी का किश्त नहीं अदा करने पर मालिक के साथ मिलकर 620 बोरी सीमेंट अन्यत्र बेच देना बताया। आरोपी वाहन मालिक इमाम खान माननीय हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर है। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा वाहन जप्ती आदि की कार्यवाही पूर्व में की जा चुकी है। आरोपी के विरूद्ध शीघ्र चालानी कार्यवाही की जाएगी।

असाक्षरों का सर्वे जारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नूतन कंवर के नेतृत्व में सरगुजा जिले में संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सरगुजा जिले में शिक्षा की मुख्य धारा से कटे 15 वर्ष आयु वर्ग से अधिक के नागरिकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने बताया कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को 200 घण्टे का अध्यापन कराकर नवसाक्षर बनाना है। साथ ही वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजीटल साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, मतदान साक्षरता, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य जागरूकता, परिवार कल्याण आदि महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्वों को सिखाना, व्यवसायिक कौशल का विकास करना, समतुल्यता कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक एवं मध्य स्तर की समतुल्यता प्रदान करना, नवसाक्षरों को रोजगार प्रदान करना तथा कला विज्ञान प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल, मनोरंजन जैसे कार्यक्रमों से जोड़ना है।

नौकरी का झांसा देकर पौने 2 लाख की ठगी

सक्ती/नवप्रदेश। अख़बार में छपे वर्क फार्म होम फुल टाइम/पार्ट टाइम जॉब के विज्ञापन में जारी निर्देशों और फ़ोन नंबर पर योगेश राठौर निवासी दुरपा बाराद्वार द्वारा संपर्क कर व्हाट्सएप के ज़रिए आवेदक ने नौकरी के लिए अपना दस्तावेज भेजा था। इस दौरान रजिस्ट्रेशन फ़ीस, आईडी प्रूफ मेकिंग फ़ीस इत्यादि के नाम पर फ़ोन पे, ऑनलाइन माध्यम से प्रार्थी से 10 बार में 186481 माँग कर ठगी की गई थी। थाना बाराद्वार में अपराध क्रमांक 151/24 धारा 420. भा द वि पृथक से 120(B),201. भा द वि 66 (D) आईटी एक्ट जोड़कर विवेचना की जा रही थी। इस दौरान विभिन्न नंबरों से उसे पैसे भेजने का दबाव बना कर फ़ोन किया जा रहा था। इस प्रकरण का संज्ञान स्वयं पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा ले कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी को मॉनिटरिंग की ज़िमेदारी गई और थाना बारा द्वार तथा साइबर सेल सक्ति की संयुक्त टीम मामले के निकाल के लिये गठित की गई। साइबर साक्ष्य के आधार पर टीम राँची झारखंड रवाना हुई थी, जहांटीम द्वारा कुशलता और तत्परता का परिचय देते हुए ठगी में प्रयुक्त मोबाइल धारक दीपू कुमार पिता अविनाश प्रसाद निवासी फतेहपुर नवादा को हिरासत में ले कर पूछताछ

तलाशी ली गई ,जिसने पूछताछ में विषयांकित अपराध को करना स्वीकार किया,तत्समय तलाशी पर आरोपी के पास से एक बेग जिसमें घटना में प्रयुक्त मोबाइल मय अन्य मोबाइल 9 नग,2 नग चेक बुक, 4 नग ग्राहक रजिस्टर और नगदी एक लाख दो हज़ार रुपये आरोपी से विधिवत जप्त किया गया है। रेड कार्यवाही धरपकड़ के दौरान दीपू कुमार के अन्य साथी जो घटना में शामिल थे मौक़े से फ़रार हुए जिनकी तलाशी जारी हैं। आरोपी मुख्यतः हिन्दी भाषी प्रदेश महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश,राजस्थान, छत्तीसगढ़ के बेरोज़गार युवकों को ठगने का काम करते थे, प्राप्त रजिस्टर के विवरण से कुल 1125 लोगों का नाम और नंबर करोड़ों रुपये का विवरण मिला है। बैंक खाते डिटेल और आरोपी की संपत्ति के संबंध में विवेचना शेष है। कार्यवाही जारी है। इस कार्यवाही में थाना बाराद्वार से निरीक्षक राजेश खलखो, उप निरीक्षक अनवर अली प्रधान आरक्षक सुरेंद्र खांडेकर साइबर से निरीक्षक अमित सिंह,

समाज कल्याण विभाग की असहाय वृद्ध को मिली मदद

सक्ती/नवप्रदेश। उप संचालक समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुनील कुमार मिश्रा को अधिवक्ता उमाकांत साहू ने मोबाईल में सूचना दी कि कचहरी चौक के पास ओमप्रकाश यादव की चाय दुकान के पास एक वृद्ध जगदीश प्रसाद सोनी उम्र 65 वर्ष लगभग 4-5 महीने से बेघर लाचर अस्वस्थ्य अव्यस्था में रह रहा है। आम लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि जगदीश प्रसाद सोनी का विवाह नहीं हुआ है। वर्तमान में उसका देखभाल करने वाला कोई नहीं है। इस संबंध में सुनिल कुमार मिश्रा उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने उक्त वृद्धजन जगदीश प्रसाद सोनी को उसके वर्तमान एवं भविष्य में देखभाल करने की आवश्यकता को देखते हुये वृद्ध आश्रम खोखरा जांजगीर आवासीय संस्था में रखा जाना सुरक्षित होगा निम्नलिखित पांच गवाहों के समक्ष वृद्धजन जगदीश प्रसाद सोनी को वृद्धा आश्रम जिला जांजगीर ले जाने के लिये श्री मिश्रा संचालक समाज कल्याण विभाग सक्ती को सुपुर्द किया जाता है।

निरीक्षण आधा दर्जन स्कूलों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, कमजोर शैक्षणिक स्तर पर जताई नाराजगी

दो प्राचार्य व एचएम को कारण बताओ नोटिस

सभी संकुल समन्वयकों को स्कूलों में लगातार निरीक्षण के निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने सोमवार को लुण्ड्रा क्षेत्र का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से प्राथमिक शालाओं में सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री भोसकर लगातार औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने लखनपुर और उदयपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण की कड़ी में सबसे पहले प्राथमिक शाला डडगांव और आंगनबाड़ी केंद्र में कलेक्टर पहुंचे। प्राथमिक शाला संचालन में लापरवाही, कमजोर शैक्षणिक स्तर संज्ञान में आने पर प्रधानपाठिका श्रीमती ईशा लकड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने डीईओ सरगुजा को दिए। इसके बाद कलेक्टर प्रशासनिक अमले के साथ प्राथमिक शाला करौली पहुंचे। यहां उन्होंने शाला में बच्चों की अव्यवस्थित बैठक व्यवस्था को देख बेहद नाराजगी जाहिर की और एक दिन के भीतर बच्चों के बैठने की सुविधा को व्यवस्थित करने कहा। यहां अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर ने दो अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह कलेक्टर ने प्राथमिक शाला रघुपुर का भी निरीक्षण किया और बच्चों से गणवेश एवं मध्यान्ह भोजन मिलने की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी संकुल समन्वयकों को अपने प्रभार के स्कूलों में लगातार निरीक्षण करने और किसी भी तरह की समस्या अथवा आवश्यकता होने पर तत्काल संज्ञान ने लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षण सुविधा देना हमारी प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि सभी अधिकारी स्कूल निरीक्षण के दौरान पंजी में टीप अवश्य लिखें।

इसी तरह कलेक्टर स्वामी आत्मानंद विद्यालय, धौरपुर पहुंचे। यहां उन्होंने साइंस लैब, लाइब्रेरी, निःशुल्क साइकिल वितरण और कक्षाओं का निरीक्षण किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरी में भी कक्षा संचालन और शिक्षकों की उपस्थिति का निरीक्षण किया। दोनों स्कूलों में संतोषजनक शिक्षण कार्य ना होने और दायित्वों में लापरवाही पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय, धौरपुर के प्राचार्य अमित कुमार सिंह और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरी के प्राचार्य पन्नालाल पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा, सहायक परियोजना अधिकारी रविशंकर पांडे और खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला बनने के सात बाद विकास की एक ईंट तक नहीं रखी गई, घोषणा

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला अभी भी वास्तविक रुप से विकास से कोसों दूर है, जिले को मिलने वाली सौगात की आशा बनते-बनते निराशा मे बदल जाती है, अनेक घोषणाए केवल कागजो पर सिमट जाती है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या अधिकारियों की लापरवाही,जिले का समुचित विकास धरातल पर दृष्टिगोचर नहीं हो पाता है। जिले का हक देर सबेर मिल भी गया परन्तु रेल का सपना घोषणा के बाद अब तक पूरा नही हो पाया।

जिला बनने की सौगात मिले लगभग सात साल हो गए हैं परंतु जिला आज भी विकास की बाट जोह रहे है। जिले को आज भी अपने पुराने जिले बिलासपुर पर ही मोहताज रहना पड़ता है। जो अपने आप मे जिले वासियों के साथ एक छलावा है। जिला स्तर के लगभग 52 कार्यालय को खोल दिये गये किन्तु वर्तमान में अधिकांश कार्यालय में अधिकारी प्रभारी है या फिर रिक्त पड़े हुए है।जिला बने लगभग बारह वर्ष पूर्ण हो गए हैं, परंतु आज भी कई विभागीय कार्यो के लिये बिलासपुर को ताकना पड़ता है, जिले में जिला आयुर्वेद अधिकारी, सेतु निगम, गृह निर्माण मण्डल, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग कार्यालय सहित कई कार्यालय अभी भी नहीं खुल पाये है। इसके लिए आज भी बिलासपुर के भरोसे जिले का काम चल रहा है। जिले में कहने को 52 विभाग कार्यरत हैं, लेकिन अधिकतर विभाग उधार के कर्मचारियों के भरोसे ही चल रहा हैं या फिर एक अधिकारी के भरोसे 2 विभागो का जिम्मा है। जो या तो अधिकारियों के साथ नाइंसाफी है या फिर उस क्षेत्र की जनता के साथ छलावा है। कई चक्कर काटने के बाद अधिकरियों के दर्शन हो पाते है। कई कार्यालय में तो अधिकारी है ही नही और कई अधिकारियों को प्रभार मिला हुआ है। ऐसे में विकास की कल्पना कोसो दूर है। आम आदमी

के कार्य ही आसानी से नही निपट पा रहे है।

प्रभार के भरोसे कार्यालय- जिले के अधिकांश अधिकारी कार्यालयों में प्रभारी के पद पर है। कई अधिकारी दूसरे जिले के भी कार्यो का संचालन कर रहे है। जिससे न तो वो अधिकारी अपने मूल पद पर कार्य कर सकता हैं न जहां उसे प्रभार मिला है। जिसके चलते हितग्राहियों को अनेको चक्कर काटने पड़ते है। अनेक शासकीय योजनाएं भी प्रभावित होती है।महत्वपूर्ण विभागो में ही है दोहरा प्रभार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जैसे अनेक कार्यालय है उनमे या तो प्रभारी है या फिर दोहरे प्रभार में चल रहे हैं। जिसके चलते हितग्राहियों को उचित योजनाओं का उचित लाभ और जानकारी नही मिल पाता है। साथ ही लोगो को कार्यालय के कई चक्कर लगाने पड़ते है। यही कारण है कि जिले का विकास थम सा गया है। अधिकारियों की अनुपस्थिति में बाबूओ का बोलबाला है।

कई कार्यालय नही खुल पाए

जिला बनने से जहां लोगों में उत्साह था साथ ही जिला स्तर पर ही कार्यो का निपटारा होने की आशा थी वह फलीभूत होते हुए नजर नहीं आ रही है। जिले में जिला आयुर्वेद अधिकारी, सेतु निगम, गृह निर्माण मण्डल, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग कार्यालय सहित कई कार्यालय अभी भी नहीं खुल पाये है। कार्यालय नहीं खुल पाने के कारण लोगों को आये दिन बिलासपुर जाना पड़ता है।

न्यूज गैलरी

मोहर्रम शांति से मनाने की अपील

लखनपुर/नवप्रदेश। मुहर्रम त्यौहार में मुसलमान समुदाय के लोग दसवीं के दिन ताजिया के साथ दुला बाबा सवारी के साथ जुलूस निकलता है जिसमें आसपास के क्षेत्र के के लोग लोग शामिल होते हैं इस त्यौहार को लेकर लखनपुर थाना में शांति समिति का बैठक रखा गया जिसमें थानेदार अश्वनी सिंह द्वारा कहां कहां गया के शांतिपुर्ण तरीके से त्यौहार मनाये किसी तरह के कोई अनहोनी ना हो इस बात का कमेटी की सदस्य ध्यान रखें इस बैठक मैं मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष राम नारायण दुबे समीम खान शम्स खान गौहर अली एनुअल खान फिरोज खान मोहम्मद हासिम शेख आसिफ कोसगा पूर्व सरपंच लोचन सिंह थाना के स्टॉप गढ़ मौजूद है।

राजेंद्र दास देवरी तहसील अध्यक्ष चुने गए

मुंगेली/नवप्रदेश। कोटवार एशोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ तहसील शाखा मुंगेली मे जिलाध्यक्ष संतोष दास, जिला सचिव भरत दास की उपस्थिति में चुनाव सम्पन कराया गया। जिसमें सर्व सहमति से तहसील अध्यक्ष राजेंद्र दास देवरी, उपाध्यक्ष लक्ष्मण दिवाकर उदका, कोषाध्यक्ष विष्णु मानिकपुरी रोहरा खुर्द, सचिव पुरान दास पौनी, मीडिया प्रभारी छोटू दास, देवदास, तामेस को चुना गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुक्ति दास, गुलाब दास, प्रमोद, सुखदास, निगम, पुन्नी, चतुर, सुंदर दास, यशवंत, दिनेश, अशोक, चमेली, सुनीता, कामिनी, संतोषी आदि उपस्थित रहे। इसी तरह तहसील शाखा जरहागांव का जिलाध्यक्ष संतोष दास, जिला सचिव भरत दास की उपस्थिति मे चुनाव सम्पन कराया गया। जिसमे सर्व सहमति से तहसील अध्यक्ष अनिल दास, उपाध्यक्ष संजीत कुमार, कोषाध्यक्ष तोमेन्द्र दास, सचिव कपिल दास, मीडिया प्रभारी रविंद्रा दास को चुना गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गुलाबदास, सुमंत साहू, गणेश दास, पोषण, ताकेश्वर दास, नंद, प्रहलाद, संतोष गंधर्व, कनक, कमलेश्वर, रवि, यामिनी, शांति आदि उपस्थित रहे।

करंट लगने से महिला की मौत, टहनियां काटने जामुन के पेड़ पर चढ़ी थी

जांजगीर/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले में करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। घटना नैला चौकी उप थाना क्षेत्र के सरखो गांव की है। महिला परमेश्वरी बिंझवार (32) 3 महिलाओं के साथ सड़क किनारे जामुन के पेड़ से टहनियां लेने गई थी। महिला जामुन के पेड़ में चढ़कर टहनियां काट रही थी। 33 केवी का तार पेड़ से होकर गुजरा हुआ था। टहनियां काटते समय महिला बिजली तार की चपेट में आ गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई।नीचे खड़ी महिलाओं ने आसपास के लोगों को बुलाया। नैला चौकी उप थाना में घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरा और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी अनुसार सोमवार की सुबह परमेश्वरी बिंझवार घर की बाड़ी में लगे सब्जी के पौधों के नार को ऊपर करने के लिए टहनियां लेने गई थी। सड़क किनारे लगे जामुन के पेड़ की टहनियां काटते समय यह हादसा हो गया।

फेडरेशन की बैठक पंचायतअधिकारी-कर्मचारियों ने पदोन्नति मांगी

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी/कर्मचारी फेडरेशन का प्रदेश स्तरीय बैठक छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर में संपन्न हुआ।

जिसमें पंचायत विभाग मुंगेली के करारोपण अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद जिला संवर्ग के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बैठक में शामिल । फेडरेशन के प्रमुख मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते हुए रिक्त हुए पद पर भर्ती किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। संगठन को अधिक सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने के लिए फेडरेशन का विस्तार जिला स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर भी करने का निर्णय लिया गया एवं संभाग स्तरीय बैठक रखने का भी निर्णय लिया गया। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायती राज के तहत सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जिला जनपद संवर्ग के कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए राज्य सरकार व केंद्र सरकार के समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महती भूमिका निभाते हैं, किंतु पंचायत संचनालय के अधीन कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का 1965 से अभी तक पदोन्नति नहीं किए गए हैं, न हीं विभाग में कोई भर्ती अधिनियम है। कई वर्षों तक विभाग में भर्ती नहीं होने से बहुतो पद रिक्त है, छत्तीसगढ़ के सभी विभाग में पदोन्नति का सेटअप है जबकि पंचायत विभाग में कोई सेटअप नहीं है, अन्य राज्य के पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप है। एक सूत्रीय मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते हुए रिक्त पद पर भर्ती को सरकार तक पहुंचने का आज के बैठक में निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू, प्रांतीय सचिव टीआर निर्मलकर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गजेश यदु, महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, लखेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत आदिल, महासचिव अमर धनकर, सचिन साहू, कार्यालयीन सचिव कमल साहू, अभिनंदन वैष्णव, प्रवक्ता शंभू साहू, नितेश वैष्णव, मीडिया प्रभारी हेमंत साहू, श्रवण वर्मा, फेडरेशन के जिला अध्यक्षगण प्रफुल्ल यादव रायपुर, खड़ानंद वर्मा बलोदा बाजार, प्रवीण कौशिक गौरेला, धरम भारद्वाज कोरबा, डीआर साहू जांजगीर चांपा, निमेष भोईर दुर्ग, रामदुलार साहू राजनांदगांव, राकेश कश्यप दंतेवाड़ा, अरविंद पाठक कोंडागांव, श्याम बिहारी चौहान जशपुर, जितेंद्र गुप्ता सरगुजा, अर्जुन कलिहारे मोहल्ला, विनोद ठाकुर मोहला सहित फेडरेशन के सदस्यगण उपस्थित थे।

करमंदा में डायरिया का प्रकोप बरपा रहा कहर, 84 प्रभावित

जांजगीर/नवप्रदेश। करमंदा में डायरिया का प्रकोप जारी है। रविवार तक 84 मरीज मिल चुके हैं। शनिवार तक 64 मरीज थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 84 पर पहुंच गई है। इसमें 15 मरीजों को रेफर कर दिया गया है।

इसमें 9 मरीज को जिला अस्पताल, 4 को सीएचसी बलौदा व 2 मरीज का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। 9 मरीज जिनको जिला अस्पताल रेफर किया गया था, उसमें से 6 मरीज को बलौदा सीएससी में शिफ्ट कर दिया गया है। बीपीएम पार्थ प्रताप सिंह ने बताया कि अधिकांश पीड़ितो को डिस्चार्ज कर दिया गया है। वर्तमान में स्वस्थ विभाग बलौदा की टीम ग्राम करमंदा में कैम्प लगा कर

निरन्तर जांच कर रही है व घर घर जा कर सर्वे कर रही है। जब तक यहां मरीजों की संख्या जीरो नहीं होगी तब तक कैंप लगा रहेगा। शनिवार को सीएचएमओ डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया अपनी टीम के साथ डायरिया प्रभावित ग्राम करमंदा पहुंची थी और घर घर जा कर सर्वे किया। साथ ही सभी को साफ सफाई सहित कई बातों को विशेष ध्यान देते के लिए बोला गया।

प्राइमरी स्कूल जर्वे के शिक्षक ने विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज

जांजगीर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे न्योता भोज कार्यक्रम की कड़ी में जनपद प्राथमिक शाला जर्वे(च) संकुल -पिसौद विकासखंड बलौदा के शिक्षक यशपाल सिंह ने अपनी माता स्व. प्रमिला सिंह की याद में नेवता भोज कराया। इसमें अर्जुन सिंह क्षत्री (बीआरसी) बलौदा, जगजीवन बनर्जी (संकुल समन्वयक), डीपी चंद्रा(प्रधान पाठक) उषा कुर्रे, लक्ष्मी करियारे, सविता कंवर, गरिमा कश्यप, ललिता कश्यप उपस्थित रहीं।

नरियरा के पास पत्थरबाजी, कारों के शीशे तोड़े

जांजगीर/नवप्रदेश। मुलमुला थाना क्षेत्र में नगर पंचायत नरियरा-बनाहिल के पास देर रात बदमाशों ने कार पथराव कर दिया। पथराव में कार के कांच फूट गए। पथराव में शादी से लौट रहे कार सवार लोग बाल-बाल घायल होने से बच गए। बदमाशों ने बाइपास सड़क पर रात 9 बजे से लेकर रात 11 बजे तक कई बार रूक-रूककर पथराव किया। इसमें करीब 8 से 10 कार के ग्लास फूट गए। कुछ कारों के दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बेखौफ बदमाशों के हरकत से क्षेत्र के लोगो में आक्रोश है। दरअसल शनिवार को नरियरा में वैवाहिक कार्यक्रम था। यहां रिसदा, सोनसरी व मुलमुला क्षेत्र के लोग अकलतरा जांजगीर के लोग शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। शादी में शामिल होकर वे कार से घर लौटे। उन्हीं लोगों में शामिल रायगढ़ आबकारी निरीक्षक मनोज राठौर रात 9 बजे कार से ससुराल नरियरा आ रहे थे। वे नरियरा भगत कुंआ के आस पास पहुंचे थे कि अज्ञात बदमाशों उनकी कार पर पत्थर फेंक दिया। पत्थर कार के समाने ग्लास पर आकर पड़ा तो वह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना की सूचना मनोज राठौर सहित अन्य लोगों ने मुलमुला पुलिस को दी। मुलमुला पुलिस मौके पर पहुंची घटना स्थल के आस-पास कोई नहीं था। पुलिस टीम काफी देर तक बदमाशों की तलाश करती रही। पत्थर फेंकने वाले बदमाश इसके बाद भी शांत नहीं हुए ।

रात 10 से 11 बजे के बीच मुलमुला व रिसदा के लोग अपनी कार से घर लौट रहे थे। उन पर भी बदमाशों ने फिर से पत्थर फेंकना शुरू कर दिए।

कटकोना प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव, एक पेड़ मां के नाम

लखनपुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत लखनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकोना में प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कटकोना के सरपंच विमला सिंह मरकाम, सचिव श्री धनेश्वर सिंह यादव, विनोद कुमार गुप्ता छ्ष्ट गुमगरा कला ,शिव व्रत पावले प्रधान पाठक रू्स गुमगरा कला ,राजमुनि , मुन्नी बाई, शकुंतला ,श्रीमती पैकरा,धनेश्वरी, सोनू कुमार ,सुमित्रा , बाबी , किस्मतिया , चांदमणि, शुक्ला राम, रामनारायण सिंह, हरिनंदन ,चंपाराम रजक एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक दिनेश कुमार ,खुशबू रानी एवं भागीरथी कुमार अजय सहित स्कूल के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे शाला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें सरपंच ,पंच ,ग्रामवासी ,शिक्षको के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को स्वागत करते हुए चंदन ,तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया साथ ही सभी बच्चों को पुस्तक व अतिथियों के हाथों से ड्रेस वितरण किया गया ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती विमला सिंह मरकाम ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आने वाले भविष्य हमारे बच्चे हैं और उनके लिए सरकार तरह-तरह की योजना चल रही है चाहे वह निशुल्क पुस्तक हो, निशुल्क ड्रेस हो या मध्यान भोजन जैसी योजना चल रही है सरकारी स्कूल के बच्चे को हर कदम सरकार आगे लाने का काम कर रही है उन्होंने मंच मे उपस्थित अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बच्चों की उपस्थिति 100प्रतिशत होना जरूरी है।

बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 923 परीक्षार्थी हुए शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बी.एस.सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 923 परीक्षार्थियों ने दिलाई। वही 776 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिये जिले में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आज बी.एस.सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई।

इन परीक्षा केंद्रों में कुल 1699 परीक्षार्थियों में से 923 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। वही 776 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिये जिले में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें डॉ. जे. पी. मिश्रा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली में 300 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 149 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 151 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय एस.एन.जी. महाविद्यालय मुंगेली में 300 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 157 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 143 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में 400 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 226 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 174 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जेसीस हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली में 300 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 177 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 123 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नगर पालिका शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली में 250 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 132 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 118 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सुखनंदन महाविद्यालय मुंगेली में 149 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 82 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 67 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जुआ खेलते 2 युवक गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले में जुआ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं मौका देखकर अन्य जुआरी मौके से फरार हो गए। दोनों युवक के पास से 31 हजार कैश, 2 मोटर साइकिल, 2 मोबाइल कीमती 1 लाख 21 हजार रुपए बरामद किया गया है। यह मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, एसपी विवेक शुक्ला को बिर्रा थाना क्षेत्र में हो रही जुआ खेलने की शिकायत मिली थी। मुखबिर से सूचना मिली की सोनादा गांव में जुआ का फड़ लगा है। इस पर उन्होंने बिर्रा थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी दौरान युवक देव कुमार (32), कुशल कुमार (30) पुलिस के गिरफ्त में आ गए। वहीं पुलिस टीम पहुंची तो दूर से ही जुआ खेल रहे कुछ लोगों ने देखा और सभी फरार हो गए।

मौसम | खेती-किसानी के काम में आई तेजी

अच्छी बारिश से खुश किसान, धान की रोपाई शुरू

जशपुर/नवप्रदेश। सप्ताह भर से क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसानों को चिताएं सताने लगी है। किसानों ने खेतों में पानी के लिए कुआं और तालाबों के जरिए पंपों से खेतों तक पानी पहुंचा कर खेती करना शुरू कर दिया था। बड़ी संख्या में क्षेत्र में ऐसे किसान है जिनके पास सिंचाई की सुविधा नहीं है उनके लिए कृषि कार्य पूरी तरह से बारिश पर निर्भर है। मौसम ने करवट बदलते हुए थोड़ी बारिश हुई जिससे किसानों के चेहरे खिले नजर आए।

वहीं दोपहर से झमाझम 1 घण्टे तक हुई बारिश होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। अब खेतों में किसान नजर आने लगे है साथ ही खेतों में पर्याप्त पानी हो जाने से अब किसानों ने रोपा लगाने के लिए व्यवस्था करना शुरू कर दिया है। कई किसानों के धान के पौधे भी तैयार हो चुके है लेकिन बारिश के कारण खेती किसानी कार्य पूरी तरह से थम गया था। किसान अब तेजी से रोपा लगाने लगे है। पिछले कई दिनों से बारिश न होने के कारण तापमान में काफी बढ़ोतरी हो चुकी थी साथ ही उमस से लोग बेहाल थे। बारिश होने के कारण लोगो में काफी राहत मिली है। वहीं यह बारिश धान समेंत अन्य फसलों के लिए संजीवनी साबित हुई है। धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों पर मंहगाई की मार, खाद की कीमत बढ़ी जहां सरकार ने धान की अधिक कीमत देना शुरू किया साथ ही धान बेचने की सीमा बढ़ा दी है। पिछले साल की तुलना में इस साल किसानों को खेतों को जोतने के लिए 200 रुपए अतिरिक्त लग रहा है। किसानों को प्रति घंटा 1000 से 1200 रुपए तक ट्रैक्टर किराया लग रहा है। वहीं धान बीज की कीमत में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ रासायनिक खाद की कीमत भी बढ़ गई है। जिससे किसानों का बजट डगमगा रहा है।वहीं मजदूरों की किल्लत होने से खेती कार्य जल्दी नहीं पूरा हो रहा है।

आधे घंटे झमाझम बारिश से राहत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में अभी खंड बारिश हो रही है। दोपहर बाद गरज-चमक के साथ शहर में आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इससे गर्मी से राहत मिली है। दोपहर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज हुआ। शाम को बारिश होने से तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को बदली छाई रही। मंगलवार और बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिले में अब तक 371.02 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, यह औसत का 19 प्रतिशत अधिक है। तीन दिनों से शहर में बारिश नहीं होने से तापमान बढ़ा हुआ था। हालांकि, आगे भी इसमें कमी नहीं आएगी। इसका मुख्य कारण सुबह तेज धूप निकलने और शाम को बारिश होना है। इस सप्ताह तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। बारिश होने से खेती के काम में तेजी आई है। जुलाई के दूसरे पखवाड़े में भी मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। तापमान 35 डिग्री तक पहुंच सकता है।

■ न्यूज गैलरी

गांजे की तस्करी कर मप्र ले जाते दो गिरफ्तार

सांकरा,जोंक/नवप्रदेश। वाहन चेकिंग कर रहे थे कि बसना की ओर से आरहे कार ग्रेंड विटारा क्र,23-क्क्ग-9019-ष्ट पुलिस को देखकर अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से जारहे ट्रक को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। कार को चेक करने पर उसमें गांजा भरा मिला। इसमें 2 ट्राली बैग एवं 4 प्लास्टिक बोरी में सीलबंद 147 पैकेट टेप /झिल्ली से लिपटा मिला। उसमें गांजा भरा हुआ था। इस संबंध में आरोपी वाहन चालक (1) बाटाकृष्ण सतपथी पिता कृतिबास सतपथी (48) साकिन सोरो, बोरो, बालासोर,ओडिशा, (2)बगल में बैठी अर्चना पति राजेश अहिरवार (23)साकिन मुड़वा जुड़वाखेड़ा नरयावली सागर (म.प्र) से पूछताछ करने पर ओडिशा से खरीदकर मध्य प्रदेश बिक्री करने ले जा रहे थे। आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 151.100 किलो ग्राम गांजा कीमती 15.10.000 रुपए (2)वाहन ग्रेंड विटारा कार क्र,23-क्क्ग-9019-ष्ट कीमती 14,00,000 रुपए (3) नगदी रकम 20,000 रुपए (4) दो नग मोबाइल की कीमती 15000 रुपए कुल जुमला 29,45,000 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सांकरा 20बी नारकोटिक्स एक्ट/,281 ब्वहस् के तहत कार्यवाही की गई।

गुरुर टीआई और तहसीलदार को डिप्टी सीएम शर्मा ने किया सस्पेंड

बालोद/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम व गृह मंत्री विजय शर्मा सोमवार 15 जुलाई को बालोद जिले के दौरे पर थे। जहां उन्होंने मौके पर ही शिकायतों के चलते कड़ी कार्रवाई करते हुए बालोद जिले के गुरूर थाना प्रभारी दिनेश कुर्रे को लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने के मामले में सस्पेंड किया। वहीं देवी के तहसीलदार नीलकंठ जन बंधु को लेनदेन के मामले में सस्पेंड कर दिया। यह शिकायत आज स्थानीय लोगों ने गृह मंत्री के सामने रखी थी। गौरतलब है कि थाना प्रभारी दिनेश कुमार कुर्रे को लेकर काफी सारी शिकायत है गृह मंत्री के सामने रखी गई। वहीं कुछ आरक्षकों के संदर्भ में भी शिकायतें रखी गई है जिनके द्वारा सटोरियों के साथ बैठक करने और लेनदेन संबंधी शिकायतें शामिल हैं। वहीं नक्सल मोर्चे पर गृह मंत्री ने बयान दिया है कि पूरे बस्तर को साफ करके रहेंगे। आज एक दिवसीय दौरे पर गृह मंत्री विजय शर्मा रहे जहां उन्होंने बालोद जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके बाद जिले के सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इसी दौरान पार्षद कुंती सिंह ने अपनी शिकायत और कार्रवाई न किए जाने संबंधित बातों को गृह मंत्री के सामने रखा था।

गुरु पूर्णिमा पर विधायक ने सेंचुवा आश्रम में लिया आशीर्वाद

धमतरी/नवप्रदेश। गुरु पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू सेंचुवा पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया। ओंकार साहू ने कहा कि गुरु के बिना शिष्य अधूरा है। क्योंकि हमेशा शिष्य को ज्ञान का भंडार सिर्फ गुरु से ही मिल सकता है। इसलिए हर कामयाब व्यक्ति के पीछे गुरु का हाथ जरूर होता है।गुरु पूर्णिमा, गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा, गुरु पूजा और कृतज्ञता का दिन है। इस दिन परमेश्वर शिव ने दक्षिणामूर्ति के रूप में ब्रह्मा के चार मानसपुत्रों को वेदों का ज्ञान प्रदान किया था और इसी दिन महाभारत के रचयिता वेद व्यास जी का जन्मदिन भी है। उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। ओंकार साहू नें बताया कि गुरु शिष्य के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ज्ञान प्रदान करने के अलावा, वे मार्गदर्शक के रूप में भी काम करते हैं, शिष्य को उनकी शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन के लिए मार्गदर्शन देते हैं। गुरु शिष्य को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं, आत्मविश्वास पैदा करते हैं और उनमें महत्वपूर्ण सोच कौशल को बढ़ावा देते हैं। अपने समर्पण के माध्यम से गुरु न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि सामाजिक और भावनात्मक विकास का पोषण भी करते हैं। वे एक ऐसा वातावरण बनाते हैं जहां शिष्य आगे बढ़ सकें। एक अच्छे शिक्षक का प्रभाव सम्पूर्ण जीवन तक रहता है। धमतरी विधायक नें कहा गुरु ज्ञान के स्तंभ होते हैं, जो शिष्य को उनकी सफलता प्राप्त करने और समाज में अच्छे योगदान देने के लिए सशक्त बनाते हैं।

शहीद निकेश यादव को यादव समाज ने पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

खैरागढ़/नवप्रदेश। 12 जुलाई 2009 को राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा में एसपी विनोद चौबे के साथ नक्सली मुठभेड़ में नगर के शहीद निकेश यादव को यादव समाज ने श्रद्धाजंलि दी । इस दौरान दाउचौरा में शहीद स्मारक चौक पर स्थापित शहीद निकेश यादव की प्रतिमा के समक्ष यादव समाज द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि देने उसकी शहादत को नमन कर उसकी वीरता को याद किया गया । इस दौरान शहीद निकेश यादव के पिता पूरूषोत्तम यादव, आरती यादव आदि उपस्थित थे।

कोमल ने अपने खेल से प्रदेश को गौरवान्वित किया: मधुसूदन यादव

■ **राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी कोमल श्रीवास का सर्व यादव महासभा ने किया सम्मान**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव के नेतृत्व में सर्व यादव महासभा राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने संस्कारधानी की राष्ट्रीय राइफल शूटर खिलाड़ी कोमल श्रीवास का सम्मान किया। पूर्व सांसद के मोतीपुर स्थित निज निवास में आयोजित एक कार्यक्रम में जिले के झेरिया, कोसरिया एवं ठेठवार यादव समाज के प्रतिनिधियों ने पूर्व सांसद मधुसूदन के साथ शहर की इस होनहार राइफल शूटिंग खिलाड़ी कोमल से भेंट कर उसका सम्मान किया व उसके संघर्ष को जाना। इस प्रतिनिधि मंडल में कोसरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष कंसुराम यादव, शहर अध्यक्ष महेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष राधे लाल यादव सहित सर्व यादव समाज के शीलू राम, कार्तिक राम, दुर्गा, हरिश्चंद्र, विजय, उपेंद्र, रितेश , विनोद (बंटी), नरसिंह, गरीबा राम, सुदेश, अमन, चेतन, पार्षदद्वय राजेश यादव, दुर्गेश यादव उपस्थित थे। पूर्व सांसद मधुसूदन ने प्रतिभावान राइफल शूटर खिलाड़ी कोमल श्रीवास की प्रशंसा करते हुए बताया कि कोमल ने अपने जीवन में बहुत कठिन संघर्ष करके सफलता प्राप्त की है और राजनांदगॉव शहर, जिला एवं पूरे प्रदेश को अपने खेल प्रदर्शन से गौरवान्वित किया है। कोमल ने अपने संघर्ष एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। वह एक साधारण परिवार की लड़की है।

उसके पिता सुरेश श्रीवास वनरक्षक हैं एवं उनकी माता एक गृहिणी हैं। जो जूनी हटरी राजनांदगांव में रहती हैं। कोमल की स्कूली शिक्षा वेसलीयन हिंदी मीडियम स्कूल से हुई है और उन्होंने स्नातक (बी.एस.सी. गणित) की परीक्षा दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव से एवं बी.पी.एड. दुर्ग यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण किया है। कोमल ने एनसीसी की ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षा विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की है, जहां से उनकी रुचि राइफल शूटिंग में उत्पन्न हुई और इस खेल में उन्होंने कई पुरस्कार जीते। साथ ही साथ उन्हें एनसीसी अचीवर अवार्ड नई दिल्ली, स्वामी विवेकानंद अवार्ड, वीरता अवार्ड नई दिल्ली, के साथ-साथ छह बार राइफल शूटिंग की राष्ट्रीय स्पर्धा में चयनित होने का श्रेय भी प्राप्त है।

कोमल केंद्र सरकार के इनकम टैक्स विभाग में मल्टी टास्किंग स्टाफ के रूप में चयनित हुई हैं और वर्तमान में पटना,बिहार राज्य में अपनी सेवाएं दे रही हैं। कोमल ने डॉ. रमन सिंह विधायक राजनांदगॉव, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर स्वर्गीय शोभा सोनी का अभार व्यक्त किया।

जीनियस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया

नगरी/नवप्रदेश। जीनियस पब्लिक स्कूल में डॉक्टर्स डे मनाया गया। इसमें बच्चों ने हिस्सा लिया। जो बच्चे डॉक्टर बनने की इच्छा रखते हैं। वो डाक्टर की वेशभूषा में पहुंचे थे। सभी बच्चों को संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ अस्पताल का भ्रमण कराया गया। इसमें बी एम ओ ने बच्चों को चिकित्सा पद्धति की जानकारियां दी। उन्होंने संस्था के प्राचार्य को बधाइयां दी और कहा निश्चित ही इससे बच्चों का आत्मविश्वास और बढ़ता है। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहन सोनी, एडमिनिस्ट्रेटर संतोष अगलावे, एकेडमिक डायरेक्टर ऐश्वर्या सोनी एवं प्राचार्य नीलचन्द सिंग ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए भावी डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी।

स्कूल का गेट तोड़कर घुसा हाथी

■ **स्कूल परिसर से बाहर निकलने का रास्ता नहीं, वन विभाग व हाथी मित्र दल ने हाथी को नगर से बाहर खदेड़ा**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में एक हाथी रविवार 14 जुलाई को घुस आया। इससे अफरा-तफरी मच गई। हाथी ने पक्की तालाब में स्थित कृष्ण कुंज में लगी जाली को हटा दिया। इसके बाद पास में ही स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के गेट को तोड़ दिया। गेट तोड़ने की घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में नजर आया कि हाथी पहले गेट की ओर बढ़ता है गेट को बंद देख वापस लौटता है। इसके बाद फिर वहीं लौटता है। तभी हाथी पर नजर बनाए हुए व मुनादी के माध्यम से नगरवासियों को सचेत कर रहे वन विभाग व हाथी मित्र दल वाहन के जरिए गेट के सामने स्थित मुख्य मार्ग पर पहुंचते हैं। वाहन में लगे तेज आवाज वाले सायरन को बजाते हैं। सायरन की आवाज से हाथी घबरा जाता है और वहां से भागने के लिए तेज गति के साथ फिर से स्कूल के गेट की ओर बढ़ता है और इस बार गेट को तोड़ते हुए स्कूल के परिसर में प्रवेश कर जाता है। स्कूल परिसर से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिलता है तो वहां से वापस लौट कदमपारा चौक के पास बसे रिहायशी इलाके की ओर बढने लगता है। वन विभाग की टीम व हाथी मित्र दल हाथी को खदेड़ने के प्रयास में लगातार लगे हुए थे। कई घंटों के प्रयास के बाद वन विभाग व हाथी मित्र दल ने हाथी को नगर से बाहर खदेड़ा तो वह नए बस स्टैंड के पीछे मौजूद जंगल में चला गया।

भाजपा सरकार कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर अपमानित कर रहे

■ **जिपं सीईओ सरपंचों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं: तुलिका**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा कि जबसे प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनी है। दंतेवाड़ा जिले में कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है। सरकारी कार्यक्रमों में मान सम्मान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय बीजेपी विधायक के इशारे पर प्रशासन जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने का काम रहा है।

शनिवार को गीदम ब्लॉक के गुमड़ा में पोटा केबिन व स्कूल भवन का प्रशासन के द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया था। इसमें गीदम जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के सभापति मनीराम का अपमान किया गया। उन्हें आमन्त्रित करने के बाद भी उनके बैठने की व्यवस्था नहीं की गई थी। क्योंकि वे कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। साथ ही उद्घाटन शिला पट्टिका पर भी उनका नाम तक नहीं लिखा गया है। जबकि नियमतः मनीराम का नाम लिखा जाना चाहिए, क्योंकि वे जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के सभापति भी हैं। उन्हें आमन्त्रित कर अपमान करना बीजेपी के इशारे पर प्रशासन कर रहा है। दंतेवाड़ा जिले में पूरा प्रशासन विधायक व बीजेपी नेताओं के कहने पर इस तरह के कृत्य कर रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ ने दो दिनों पहले उनसे मिलने गए सरपंचों के साथ दुर्व्यवहार कर अपमान जनक शब्दों का उपयोग किया गया। सरपंचों ने सीईओ से मिलकर पंचायतों में विकास से संबंधित डीएमएफ व मनरेगा की राशि को लेकर चर्चा के लिए गए थे। शालीनता पूर्वक व नियमानुसार अपनी बात कर रहे थे,और पंचायतों में डीएमएफ की राशि से विकास के कार्य करने को कही गई। इस पर जिला पंचायत सीईओ का सरपंचों पर भड़क जाना, दुर्व्यवहार करना अपमान जनक शब्द कहते हुए चेंबर से बाहर कर देना ये आदिवासी सरपंचों को ठेस पहुंचाने वाली बात है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शासन, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल में पहुँचाने का काम करते हैं। एक प्रशासनिक अधिकारी का इस तरह का व्यवहार निंदनीय है। इसकी उच्च स्तरीय शिकायत की जाएगी। इस तरह अपमान जनक व्यवहार बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

साहू समाज ने दस फलदार पौध रोप संरक्षण का लिया संकल्प

■ **अमृत सरोवर तालाब ग्राम - मोदे में 10 दस फलदार पेड़ लगाया,ग्रामीण साहू समाज छिपली ने पौधरोपण किया**

नगरी/नवप्रदेश। रविवार को ग्रामीण साहू समाज मोदे ने अमृत सरोवर तालाब ग्राम - मोदे में 10 दस फलदार पेड़ लगाया। उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इसमें तहसील साहू समाज के सचिव पदुम साहू अंकेक्षक पंकज साहू खीजू राम साहू . गणेश साहू, कुमेश साहू, राजेश साहू, ओमप्रकाश साहू ,खेमराज साहू,परमेश्वर साहू, शिवेन्द साहू,, बृज लाल साहू . समस्त ग्रामीण साहू समाज मोदे के पदाधिकारि गण उपस्थित थे।

तहसील साहू समाज नगरी के तत्वावधान में ग्रामीण साहू समाज छिपली ने पौधरोपण किया। इसमें ग्रामीण अध्यक्ष महेश्वर साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टिकेश कुमार साहू, सचिव विनोद कुमार साहू, कोषाध्यक्ष चेश्वर साहू, गुरू प्रसाद साहू, सहसचिव खेमन लाल साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजय कुमार साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चेतन साहू ने सहयोग किया। इसी तरह तहसील साहू समाज के पदाधिकारियों ने नगरी कर्मा भवन के पास स्थित गौठन, छिपली बांधा तालाब हनुमान मंदिर के पास पेड़ लगाया कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष कंवल राम साहू उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू सचिव पदुम साहू अंकेक्षक अनराज साहू हृदय साहू भुनेश्वर साहू कोषाध्यक्ष गौतम साहू नरोत्तम साहू लक्ष्मण साहू जन्मेजय साहू हेमलता साहू अल्का साहू दिनेश साहू नगरी अध्यक्ष ईश्वर साहू उपाध्यक्ष ज्वाला साहू सचिव शेषनारायण साहू अमृत साहू देउरम साहू लोचन साहू रूपेंद्र साहू सुरेश साहू पेमन साहू धनंजय साहू बिना राम साहू मनोज साहू प्रेमलाल साहू सहित आदि थे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने जेल प्रहरी की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम मारकेल में बीती रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार जेल पहरी को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। रात ज्यादा होने के कारण लगातार बारिश के चलते कोई मृतक को देख नहीं पाया। सुबह लोगों के देखने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। जहां शव को पीएम के लिए मेकाज लेजाया गया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही जेल पुलिस हॉस्पिटल आ पहुंची। जहां शव का पीएम कराने में जुट गई है। नगरनार पुलिस ने बताया कि सुबह जानकारी मिली कि मारकेल के पास एक युवक का शव देखा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर एक क्षतिग्रस्त बाइक भी बरामद किया है।

कलेक्टर, एसपी और डीएफओ ने वाटरशेड के कार्यों का किया निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ वनपरिक्षेत्र अंतर्गत मलैदा के आरक्षित वन कक्ष क्रमांक आरएफ 262 में वाटरशेड मैनेजमेंट कार्यवृत्त अंतर्गत निर्मित मृदा एवं नमी संरक्षण विकास कार्य का कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल , वनमंडलाधिकारी आलोक तिवारी ने जंगलों के बीच पैदल चलकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वनमण्डलाधिकारी तिवारी ने बताया कि यहां कुल 267 हेक्टेयर क्षेत्र को 5 भागों में विभाजित कर चोटी से घाटी (रिज टू वैली) दृष्टिकोण अवधारणा से मृदा एवं नमी संरक्षण कार्य कराया गया है।

पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप और रिक्त पदों पर भर्ती की मांग

■ **छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिकारी -कर्मचारी फेडरेशन का प्रांत स्तरीय बैठक हुई**

भटगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी/ कर्मचारी फेडरेशन का प्रदेश स्तरीय बैठक छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर में हुई। इसमें पंचायत विभाग के करारोपण अधिकारी , पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद/ जिला संवर्ग के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। इसमें फेडरेशन की प्रमुख मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार कर रिक्त तक पद पर भर्ती किया जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। संगठन को अधिक सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने के लिए फेडरेशन का विस्तार ब्लॉक स्तर पर भी करने का निर्णय लिया गया। संभाग स्तरीय बैठक रखने का भी निर्णय लिया गया । फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायती राज के तहत सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी/ पंचायत सचिव / रोजगार सहायक /जिला जनपद संवर्ग के कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए राज्य सरकार व केंद्र सरकार के समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्ती भूमिका निभाते हैं किंतु पंचायत संचनालय के अधीन कार्य करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों का 1965 से अभी तक पदोन्नत नहीं किए गए हैं ,न हीं विभाग में कोई भर्ती अधिनियम है! कई वर्षों तक विभाग में भर्ती नहीं होने से बहुत से पद रिक्त है। छत्तीसगढ़ के सभी विभाग में पदोन्नति का सेटअप है जबकि पंचायत विभाग में कोई सेटअप नहीं है। अन्य राज्य के पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप है। फेडरेशन के एक सूत्रीय मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते हुए रिक्त पद पर भर्ती को सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू, प्रांतीय सचिव टीआर निर्मलकर ,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गजेश यदु महेंद्र साहू , उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा लखेश्वर यादव ,कोषाध्यक्ष यशवंत आदिल, महासचिव अमर धनकर सचिन साहू ,कार्यलयीन सचिव कमल साहू अभिनंदन वैष्णव , प्रवक्ता शंभू साहू नितेश वैष्णव, मीडिया प्रभारी हेमंत साहू श्रवण वर्मा ,फेडरेशन के जिला अध्यक्ष गण प्रफुल्ल यादव रायपुर ,खड़ानंद वर्मा बलोदा बाजार ,प्रवीण कौशिक गौरेला, धरम भारद्वाज कोरबा , डी. आर साहू आदि उपस्थित थे।

राजनीतिक लाभ के लिए ईतवारी बाजार वार्ड का परिसीमन

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिका के वार्डो के नए परिसीमन में दावाआपत्ति के आखिरी दिन कांग्रेस पदाधिकारियों ने शहर के ईतवारीबाजार वार्ड के परिसीमन को निजी फायदे के लिए परिसीमन मे वार्ड के तोड़फोड़ किए जाने पर एसडीएम कार्यालय पहुँच लिखित में आपत्ति दर्ज कराकर नए परिसीमन का विरोध किया है । ईतवारीबाजार वार्ड पार्षद दीपक देवांगन पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन सहित बड़ी संख्या मे एसडीएम कार्यालय पहुँचे कांग्रेस पदाधिकारी और वार्डवासियों ने वार्ड परिसीमन के तहत ईतवारी बाजार और अमलीपारा वार्ड में किए परिसीमन संशोधन के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई ।

शिकायत | समूह अध्यक्ष की हो चुकी है मौत

राशन दुकान संचालक की कलेक्टर से शिकायत

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत रघुपारा में समूह में सदस्य नहीं होते हुए भी उचित मूल्य की दुकान का संचालन किया जा रहा है। इसकी शिकायत आज ग्राम के लोगों ने कलेक्टर से की है।

समूह की शिकायत किए सात महीने से ज्यादा गुजर जाने के बावजूद भी विभागीय अधिकारी संचालक पर कोई कार्यवाही नहीं कर पाए हैं। इसकी शिकायत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भी की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त दुकान का संचालन अन्य समूह को दिया जाना चाहिए। शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत रघूपारा में पिछले कई वर्षों से मिनीमाता महिला समूह द्वारा उचित मूल्य की दुकान संचालित है जिसको स्वयंभू अध्यक्ष द्वारा चलाया जा रहा है। जबकि इस समूह के अध्यक्ष की मृत्यु हो चुकी है और समूह में सदस्य भी नहीं है। इसलिए इस समूह का पंजीयन रद्द करते हुए जय अम्बे महिला समूह को दिलाने की मांग की गई है।

शिकायत के बाद जांच में जनपद पंचायत बोड़ला ने प्रमाणित किया कि मिनीमाता स्वसहायता समूह के नाम से ग्राम पंचायत रघुपारा में शासकीय उचित मुल्य की दुकान को वर्तमान में संचालित कर रहे हैं। चूंकि इस समूह की अध्यक्ष हिरैया बाई की मृत्यु हो जाने के कारण अध्यक्ष पद रिक्त है। वहीं सदस्य प्रर्मिला बाई जय अम्बे स्व सहायता समूह में पंजीकृत सदस्य हैं। अश्वनी, शारदा, बिन्दा, किरण व मनीषा, अमरौतिन माता स्व सहायता समूह रघुपारा में शामिल हैं। मिनिमाता स्व सहायता समूह बिहान योजना के मापदंड को पूर्ण नहीं कर पाने के कारण यह पूर्ण रूप से निष्क्रिय है जिससे की मिनिमाता स्वसहायता समूह छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत मान्य नहीं है। उक्त शिकायत पर कवर्धा कलेक्टर ने 3 दिवस के भीतर कार्यवाही करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया है ।

धमनी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम का आयोजन

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला धमनी संकुल केंद्र किरवई में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। शाला परिसर में अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा फलदार एवं अन्य पौधों का रोपण किया गया। इसमें, आम, नींबू, अमरूद, सीताफल, जामुन, बादाम, कटहल, आंवला, अशोक का पौधा लगाया गया। इसके बाद सभी ने पौधों के संवर्धन एवं संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सुखेन साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमल यादव,शिक्षक महेन्द्र पंत, संकुल समन्वयक सुखेन साहू, प्रभारी प्रधान पाठक प्रीति नायक, पदमनी साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, अनिता राजपूत, उत्तम भारती, पुरुषोत्तम साहू, मीना कुर्रे, संतोषी सेन, वंदना साहू, गीता साहू, प्रेमीन साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य और पालकगण उपस्थित थे।

गरीबी में कमी का असर भारत का सतत विकास लक्ष्य सूचकांक बढ़ा

नई दिल्ली। भारत का सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) स्कोर 2023-24 में बढ़कर 71 हो गया है, जो कि 2020-21 में 66 था। एसडीजी स्कोर बढ़ने की वजह गरीबी में कमी आना, पर्याप्त काम उपलब्ध होना, पर्यावरण के लिए एक्शन और अन्य कारणों में सुधार होना है। नीति आयोग की एसडीजी इंडिया इंडेक्स में यह जानकारी दी गई है।

नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत, जन धन, आयुष्मान भारत - पीएमजेएवाई, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएम-मुद्रा योजना, सौभाग्य और स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाओं से तेज विकास देखने को मिला है।

नीति आयोग इंडेक्स में सभी राज्यों के स्कोर में सुधार देखने को मिला है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2018 से लेकर 2023-24 में सबसे ज्यादा सुधार उत्तर प्रदेश में हुआ है। देश के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राज्य के एसडीजी स्कोर में 25 अंक का इजाफा हुआ है। जम्मू और कश्मीर का स्कोर 21 अंक, उत्तराखंड का स्कोर 19 अंक, सिक्किम का स्कोर 18 अंक, हरियाणा का स्कोर 17 अंक, असम, त्रिपुरा और पंजाब में प्रत्येक का स्कोर 16 अंक, मध्य प्रदेश और ओडिशा में प्रत्येक का स्कोर 15 अंक बढ़ा है।

देश के 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश फ्रंट-रनर कैटेगरी में थे। इसमें 10 नए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हुए हैं, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मणिपुर, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव हैं।

2023-24 में राज्यों का स्कोर 57 से 79 के बीच रहा है। 2018 में यह 42 से 69 के बीच था। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा है कि सरकार की ओर से लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के कारण एसडीजी में तय किए गए 16 गोल में सुधार देखने को मिला है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत केवल सही ट्रैक पर ही नहीं है, बल्कि एसडीजी में तय किए गए अपने लक्ष्य से आगे चल रहा है। सरकार को उम्मीद है कि 2030 से पहले हम लक्ष्य की प्राप्ति कर लेंगे।

म्यूचुअल फंड एनएफओ में जून में आया बंपर 14,370 करोड़ का निवेश

मुंबई। इक्विटी न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के लिए जून का महीना काफी अच्छा रहा। इस दौरान करीब 14,370 करोड़ रुपये का निवेश 11 नई इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में देखने को मिला है।

इससे पहले जुलाई 2021 में चार एनएफओ ने 13,709 करोड़ रुपये जुटाए थे। 2024 की पहली छमाही में म्यूचुअल फंड्स की ओर से 30 एक्टिव इक्विटी स्कीम्स लॉन्च की गई है। पूरे 2023 में इनकी संख्या 51 थी।इस साल की शुरुआत से जून तक एनएफओ में 37,885 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जो कि पिछले पूरे वर्ष की अवधि में 36,657 करोड़ रुपये था। 2022 में कुल 27 एनएफओ लॉन्च हुए थे और इनमें कुल 29,586 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी है। इसके कारण बड़ी संख्या में म्यूचुअल फंड हाउस एनएफओ लेकर आ रहे हैं। मौजूदा समय में करीब सात एक्टिव और पैसिव इक्विटी एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हैं।एक्टिव एनएफओ में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ का एनर्जी अपॉर्चुनिटीज फंड, फैंकलिन टेम्पलटन एमएफ का मल्टीकैप एनएफओ, और एडलवाइस एमएफ का बिजनेस साइकिल फंड शामिल हैं।एनएफओ में सबसे ज्यादा निवेश हाई-रिस्क कैटेगरी जैसे थीमेटिक में हो रहा है। इस पर चिंता जाहिर करते हुए पराग पारेख फाइनेंसियल एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और चेयरमैन, नील पारेख ने सोशल मीडिया पर कहा कि वाह !, नए एनएफओ की संख्या विशेषकर थीमैटिक फंड्स में इजाफा हुआ है। ये काफी डरावना है... सभी को सावधान रहने जरूरत है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में निवेश में लगातार इजाफा हो रहा है। जून में यह आंकड़ा 40,608 करोड़ रुपये पर था। मई में 34,697 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया था। इसमें 9,563 करोड़ रुपये का एनएफओ निवेश था। 2024 की शुरुआत से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 10 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दे चुके हैं।

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से 3.25 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया

मुंबई। विश्व युवा कौशल दिवस पर, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाने पर गर्व है, जिसने अपने विभिन्न कौशल कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे भारत में 325,000 से अधिक युवाओं को जोड़ा है। कौशल विकास और आजीविका संवर्धन बैंक के परिवर्तन कार्यक्रम का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र है, जो सभी सीएसआर पहलों के लिए इसका अम्ब्रेला ब्रांड है। बैंक वर्तमान में विभिन्न राज्यों में कौशल विकास के क्षेत्र में 100 से अधिक परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिसमें आईटी/आईटीईएस, खुदरा, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण और कृषि सहित कई क्षेत्र शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 15 जुलाई 2014 में स्थापित, विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को रोजगार, सभ्य कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के साथ-साथ वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास को आगे बढ़ाने के रणनीतिक महत्व का जश्न मनाता है।

कौशल विकास एक वैश्विक मांग है, और कौशल विकास में निवेश करना महत्वपूर्ण बना हुआ है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 15-24 वर्ष की आयु के युवाओं की संख्या 1.2 बिलियन है। यह जनसांख्यिकी 2030 तक 1.3 बिलियन तक बढ़ने का अनुमान है, जो दुनिया की आबादी का 16 प्रतिशत है। भारत एक अद्वितीय स्थान रखता है, जहाँ कुल आबादी का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा 25 वर्ष से कम आयु का है। हालांकि, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (हस्ष्ष्ट) के हालिया डेटा से पता चलता है कि आईटी, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों में कौशल की कमी है, जो देश के युवाओं को कौशल, अप-स्किल और सही कौशल प्रदान करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आज के गतिशील नौकरी बाजार में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और दक्षताओं से लैस करके इन जरूरतों को पूरा करते हैं। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास निगम , सेक्टर स्किल काउंसिल या अन्य योग्य गैर-सरकारी एजेंसियों से प्रमाणपत्र के साथ आते हैं; और युवाओं को प्रमुख उद्योगों में सफल करियर और उद्यमशीलता के लिए तैयार करने के लिए लक्षित प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर; सेंसेक्स भी चढ़ा

मुंबई। शेयर बाजार में सोमवार को शुरुआती कारोबार में तेजी रही। जहां निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, वहीं सेंसेक्स ने करीब 290 अंक की चढ़ाई की। वैश्विक बाजारों में तेजी से भी शेयर बाजार की मजबूती को बल मिला। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 290.46 अंक चढ़कर 80,809.80 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 95.85 अंक की बढ़त के साथ 24,598 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से एचसीएल के शेयर में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इसके अलावा आईटी और इन्फ्रा से जुड़े शेयरों में तेजी देखी गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85.20 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। दूसरी तरफ विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.55 पर पहुंच गया।

छोटे व्यवसायी प्राइम डे पर अमेज़न पर लॉन्च करेंगे 3,200 से ज़्यादा नए उत्पाद

बैंगलोर। इस प्राइम डे पर छोटे व्यवसाय, अमेज़न.इन पर घर एवं रसोई, फैशन एवं ग्रूमिंग, ज्वेलरी, हस्तनिर्मित उत्पाद, और कई अन्य श्रेणियों में 3200 से ज़्यादा नए उत्पाद लॉन्च कर रहे हैं। बेहोमा, ड्रीम ऑफ ग्लोरी, ओरिका स्पाइसेज़ और अन्य जैसे ब्रांड अमेज़न.इन पर अपने अनूठे उत्पाद प्रदर्शित करेंगे और देश के अलग-अलग हिस्सों में ग्राहकों तक पहुंचेंगे। अमेज़न.इन पर बहु-प्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट में से एक में हज़ारों छोटे व्यवसाय भाग लेंगे, जिसमें पूरे भारत में ग्राहकों को लाखों प्राइम-सक्षम उत्पाद पेश किए जाएंगे।

अमेज़न इंडिया के डायरेक्टर, सेलिंग पार्टनर सर्विसेज, अमित नंदा ने कहा अमेज़न प्राइम डे, भारत में एक बहु-प्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट में से एक है, जो हमें अपने विक्रेताओं और ग्राहकों को बेजोड़ मूल्य प्रदान करने में मदद करता है। हम लगातार 8वें साल इसे भारत में पेश कर रोमांचित हैं, जो हमारे विक्रेताओं, विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यवसायों की शिल्प, रचनात्मकता, उत्पाद नवोन्मेष और उद्यमशीलता की भावना का जश्न मनाता है। इवेंट के दो दिनों के दौरान, विक्रेताओं को न केवल अपने उत्पादों और ब्रांडों की दृश्यता में भारी बढ़ावा मिलेगा, बल्कि वे पूरे भारत में अमेज़न के विशाल ग्राहक आधार तक सीधे पहुंच पाएंगे, जो 100प्रतिशत सेवा योग्य पिन कोड में फैला हुआ है। इस तरह के शॉपिंग इवेंट के माध्यम से, हमारा उद्देश्य है, छोटे और मध्यम व्यवसायों को ई-कॉमर्स की शक्ति को अपनाने और उनकी सफलता के लिए नए रास्ते खोलने में सक्षम बनाना ताकि एक जीवंत ऑनलाइन मार्केटप्लेस को बढ़ावा मिले जो भारत के बड़े आर्थिक विकास में योगदान देता हो। छोटे और मध्यम व्यवसाय प्राइम डे 2024 के लिए तैयार होने के लिए अमेज़न पर उपलब्ध टूल और फीचर के एक मज़बूत सूट का लाभ उठा सकते हैं। एक सुव्यवस्थित स्व-सेवा पंजीकरण प्रक्रिया (एसएसआर 2.0) विक्रेताओं के लिए अमेज़न.इन मार्केटप्लेस पर शुरुआत करना आसान बनाती है, जिसमें बहुभाषी समर्थन, आसान पंजीकरण और इनवॉइसिंग शामिल हैं। विक्रेता प्राइम डे के दौरान ऑप्ट-इन करने और बेहतरीन डील ऑफर करने के लिए सेल इवेंट प्लानर का उपयोग कर सकते हैं। यह टूल इन्वेंट्री प्लानिंग पर डेटा-आधारित रेकोमेंडेशन भी प्रदान करता है, जिससे विक्रेता अपने अवसर और बिक्री को अधिकतम कर सकते हैं। न्यू सेलर सक्सेस सेंटर एक ऑनबोर्डिंग बडी है।

खेल, मनोरंजन

अर्जेंटीना ने रिकॉर्ड 16वीं बार जीता कोपा अमेरिकी कप

मियामी। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में टूर्नामेंट के फाइनल में कोलंबिया पर 1-0 की जीत के साथ अर्जेंटीना ने अपनी कोपा अमेरिका ट्रॉफी का सफलतापूर्वक बचाव किया। अर्जेंटीना 16 बार इस खिताब पर कब्जा जमाने में कामयाब हुआ और उसकी यह लगातार चौथी जीत है।

मैच के दौरान अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी के टखने में चोट लगने के कारण उन्हें मैच के दूसरे हाफ में बाहर होना पड़ा। दर्द और फाइनल मैच का जुड़ाव इतना था कि मेसी जब मैदान से बाहर जा रहे थे तो उनके आंखों में आंसू थे।

निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकी। इसके बाद स्टॉपेज टाइम में भी मुकाबला गोल रहित रहा, लेकिन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर उतरे मार्टिनेज ने अतिरिक्त समय में गोल दाग कर टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही। मार्टिनेज का यह टूर्नामेंट का पांचवां गोल था और वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे रहे।

यह अर्जेंटीना की लगातार तीसरी मेजर टूर्नामेंट ट्रॉफी थी (2021 कोपा अमेरिका, 2022 फीफा विश्व कप) जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली दक्षिण अमेरिकी टीम बन गई। अर्जेंटीना के लिए यह एक विशेष जीत थी, उसकी टीम के दिग्गज एंजेल डि मारिया अब आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और एक यादगार विदाई मिलने से बहुत खुश हैं।मैच के बाद के भावुक डि मारिया ने कहा, मैंने इसका सपना देखा था, मैंने देखा था कि मैं इस तरह से सेवानिवृत्त होऊंगा। मेरे पास बहुत सारी खूबसूरत यादें हैं। मैं इस पीढ़ी का हमेशा आभारी रहूंगा जिसने मुझे वह हासिल कराया जिसकी मुझे इतनी चाहत थी। लियोनेल मेसी ने एक बड़े रिकॉर्ड की ओर एक और कदम बढ़ाया, यह उनका 45वां टीम सम्मान था जिसने उन्हें फुटबॉल में सबसे दिग्गज खिलाड़ी बना दिया। विश्व चैंपियन पूरे टूर्नामेंट में हावी रहे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ईक्वाडोर को हराने से पहले ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। फिर, इस टीम ने सेमीफाइनल में कनाडा को हराया और फाइनल में पहुंचने से पहले 28 मैचों से अपराजित रही कोलंबियाई टीम को हराया।

किसी ने भी नहीं सोचा था कि मैं 36 डेज में ग्रे किरदार निभाऊंगी: नेहा शर्मा

इल्लीगल, शाइनिंग विद द शर्मा जैसी वेब सीरीज के बाद एक्ट्रेस नेहा शर्मा इन दिनों 36 डेज को लेकर सुर्खियों में हैं। सीरीज में वह फराह का किरदार निभा रही हैं। शो में अपनी कास्टिंग पर नेहा ने बात की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी ने भी सोचा था कि मैं एक ग्रे किरदार निभा सकती हूं, इसलिए जब मेकर्स ने 36 डेज के लिए मुझसे बात की, तो मैं एक्टसाइटेड हो उठी। मैंने ओरिजनल बीबीसी शो 35 डेज का थोड़ा सा हिस्सा देखा था, और यह बिल्कुल दिमाग घुमाने वाला था।

उन्होंने कहा, जब उन्होंने मुझे इस फिल्म के लिए चुना, तो मैं इसका हिस्सा बनने के लिए बेताब थी। इस प्रोजेक्ट में शामिल होने का मैं बेसब्री से इंतजार कर रही थी। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि इस शो को लेकर दर्शक कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। उम्मीद करती हूं कि वे इसका आनंद लेंगे।शो में पूरब कोहली, श्रुति सेठ, चंदन रॉय सान्याल, अमृता खानविलकर, शारिब हाशमी, सुशांत दिवगिकर, शेरनाज पटेल, फैजल राशिद, चाहत विग और केनेथ देसाई अहम रोल में हैं। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित, 36 डेज यूके शो 35 डेज का आधिकारिक भारतीय रूपांतरण है। 36 डेज का निर्माण बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। सीरीज सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रही है। बता दें कि, नेहा क्रूक, यमला पगला दीवाना 2, यंगिस्तान, तुम बिन 2, तान्हाजी और जोगीरा सारा रा रा जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

टेनिस पर अब कार्लोस अल्कराज का होगा राज?

लंदन। विम्बल्डन की ग्रास कोर्ट पर स्पेन के कार्लोस अल्कराज अपना खिताब डिफेंड करने में कामयाब रहे। महज 21 साल की उम्र में अल्कराज के आंकड़े और उपलब्धियां देखेंगे तो टेनिस पर अल्कराज के राज का विस्तार होता साफ नजर आएगा। सिर्फ 21 की उम्र में अल्कराज के पिटारे में इतने खिताब आ गए हैं, जो बड़े-बड़े टेनिस सुपरस्टार पूरे करियर में नहीं जीत सके हैं।

कोर्ट पर चीते सी फुर्ती रखने वाले कार्लोस अल्कराज ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया। 21 साल के स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच को रविवार को खेले गए विंबलडन फाइनल में मात देकर दूसरी बार खिताब जीत लिया।

कोर्ट पर जिस तरीके से कार्लोस अल्कराज विरोधी खिलाड़ियों की हर चाल, हर रणनीति का तोड़ निकालते हैं, उसका जवाब दिग्गज खिलाड़ियों के पास भी नहीं होगा। लगातार दो विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच जैसे दिग्गज को मात देना अपने आप में ही उनकी काबिलियत को दर्शाता है। विंबलडन में पिछले साल फाइनल में भी नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कराज आमने-सामने थे। लगभग 5 घंटे तक चले रोमांचक मुकाबले में आखिरकार बाजी अल्कराज के हाथ लगी थी। इस बार भी अल्कराज ने पिछले विंबलडन के फाइनल का नतीजा दोहराते हुए जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से मात दी।

यह अल्कराज के करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले कार्लोस अल्कराज ने 2022 में यूएस ओपन जीता था। पिछले साल उन्होंने विंबलडन जीता और इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब जीता। इसके साथ ही 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के लिए साल 2024 में खिताब का सूखा जारी है।

इन आंकड़ों को देखकर जाहिर है कि अल्कराज में स्टार ही नहीं, बल्कि महान खिलाड़ी के पूरे गुण हैं, जिसे देखकर क्रिकेट जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने उनके बारे में एक बड़ा बयान दिया है। सचिन ने अल्कराज के लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने के बाद इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- अब से टेनिस पर एक ही राज करेगा, वो है अल्कराज।

वेविन ने भारत के टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया

नई दिल्ली। ऑर्बिया बिज़नेस एवं इनोवेटिव पाईपिंग समाधानों और एडवांस्ड वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम्स में ग्लोबल लीडर, वेविन ने भारत के लिए रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है, जिन्होंने हाल ही में देश को टी20 वर्ल्ड कप दिलाया। 60 सालों से ज्यादा समय के अनुभव के साथ वेविन उसी प्रकार परफॉर्मेंस और ड्यूरेबिलिटी के मानक स्थापित करता है, जैसे भारत के कप्तान और हिटमैन रोहित शर्मा करते हैं। वेविन पाईपिंग और वाटर स्टोरेज/मैनेजमेंट के विस्तृत समाधान प्रदान करता है। यह पिछले कुछ सालों से भारत में अपना काफी विस्तार कर चुका है। इसने विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करते हुए उद्योग के लिए मानक स्थापित कर दिए हैं। भारत में कंपनी दो ब्रांड्स, वेविन और वेक्टस पाईप्स का संचालन करती है और अपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादों द्वारा देश में ड्रेनेज और प्लम्बिंग की समस्याओं का समाधान करती है। कंपनी के पास शोध एवं विकास का दशकों पुराना इतिहास है।

बैड न्यूज का नया गाना मेरे महबूब मेरे सनम रिलीज

फिल्म बैड न्यूज का ट्रेलर और पिछले रिलीज हुए गानों को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है. अब मेकर्स ने फिल्म का अगला गाना मेरे महबूब मेरे सनम रिलीज कर दिया गया है. इस गाने को सुनकर फैंस 90 का दशक के दौर में जा सकते हैं और इस गाने को रीमेक कर दिया गया है. जिसे शाहरुख खान, जूही चावला और सोनाली बेंद्रे पर फिल्माया गया था. फिल्म बैड न्यूज के इस गाने को रीमेक किया गया है लेकिन इसे गाया उदित नारायण और अल्का यागनिक ने ही है।

फिल्म बैड न्यूज का ये रोमांटिक गाना सिनेमाघरों में सुना जाएगा तो काफी मजा आने वाला है. विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की इस फिल्म का इंतजार मूवी लवर्स को काफी समय से है और अब ये इंतजार बस कुछ दिनों में खत्म ही होने वाला है।

विक्की कौशल ने फिल्म बैड न्यूज के नया गाना मेरे महबूब मेरे सनम की झलक शेयर की है. इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, महबूब वर्सेज सनम जस्ट गॉट रील. मेरे महबूब मेरे सनम गाना रिलीज हो गया। फिल्म इस सिनेमा में आ रही है।

फिल्म बैड न्यूज का गाना मेरे महबूब मेरे सनम 90 का दशक के गाने का रीमेक है. इस गाने को ज्यादातर म्यूजिक पुराने गाने से रखा गया है जिसके म्यूजिक डायरेक्टर अनु मलिक ही थे. गाने का रीमेक म्यूजिक लिजो जॉर्ज-डीजे चेतस ने रखा है. गाने में जो शब्द जोड़े गए हैं उसे लिजो जॉर्ज ने लिखे हैं।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर बिपिन मांझी ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में फागूराम ग्राम माहका द्वारा पेंशन राशी प्रदाय करने और वनाधिकार पट्टा प्रदाय करने, विष्णु मानिकपुरी ग्राम बेनूर द्वारा वनाधिकार पट्टा प्रदाय करने, सोनारूराम सलाम ग्राम मोहंदी द्वारा सर्प दंश मृत्यू हेतु आवेदन, सरपंच ग्राम पंचायत पालकी द्वारा पुराने स्टापडेम का जिर्णोद्धार करने और स्टापडेम बनवाने, राजकुमार इब्वादी द्वारा जमीन बिक्री हेतु अनुमती प्रदान करने, संजय विश्वकर्मा चिलहाटी और श्रीमती जानकी दुग्गा ग्राम गोर्रा द्वारा मजदूरी भुगतान करने और श्रीमती मनीषा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दंडवन द्वारा २३ महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर मांझी ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

युवक से डेढ़ लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में जांजगीर जिले के एक युवक के साथ ठगी की वारदात हो गई है। आरोपी ने युवक को एनटीपीसी में जूनियर इंजीनियर के पद पर नौकरी लगने के बहाने डेढ़ लाख वसूल लिए। फिर अपना मोबाइल बंद कर घर से फरार हो गया। पूरा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। मनीष कुमार ने शनिवार को राजेंद्र नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। जिसमें पुलिस को बताया कि वह बलौदा थाना जांजगीर का रहने वाला है। उसकी मुलाकात जनवरी 2024 में सरायपाली के दामोदर प्रधान से हुई थी। दोनों न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के एक होटल पर मिले। दामोदर ने उसे एनटीपीसी में जूनियर इंजीनियर के पद पर नौकरी लगने का झांसा दिया। इसके एवज में उसने 3 लाख रुपए मांगे। मनीष, आरोपी के झांसे में आ गया। उसने 14 जनवरी 2024 को 1 लाख रुपए दिए। फिर फरवरी में 50 हजार और दे दिए। आरोपी डेढ़ लाख रुपए लेकर नौकरी की बात पर टालमटोल करने लगा। आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया और घर से भी फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

कार पलटने से 10 घायल

बिलासपुर-रायपुर/नवप्रदेश। सकरी क्षेत्र के दलदलिहापारा में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर पलट गई। हादसे में कार सवार पांच बच्चों समेत 10 लोग घायल हो गए। किसी ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। इस पर डायल 112 की टीम सात मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई। टीम ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। एएसपी अर्चना झा ने बताया कि शनिवार की रात सकरी के दलदलिहापारा में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई। इसके बाद कार पलट गई। कार में पांच बच्चे, महिलाएं समेत 10 लोग सवार थे। सभी वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसे के बाद कार लाक हो गया था। घायल लोग कार में ही फंसे थे। किसी ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। इस पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। वाहन में तैनात आरक्षक सत्यार्थ शर्मा ने किसी तरह घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने घायल की स्थिति स्थिर बताई है।

वर्दी की आड़ में गांजा तस्करी : गिरफ्तार

दुर्ग-रायपुर/नवप्रदेश। गांजा तस्करी मामले में दुर्ग पुलिस ने ओडिशा पुलिस के एएसआई समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 20 किग्रा गांजा बरामद किया है। आरोपी ओडिशा से लोडिंग वाहन में गांजा छिपाकर दुर्ग पहुंचे थे। इस बीच सूचना मिलने पर गाड़ी का अहिवारा तक पीछा किया और आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 5-5 किग्रा के 4 पैकेट बरामद किए हैं, जिसकी मार्केट में कीमत करीब 2 लाख रुपए आंकी गई है। थाना प्रभारी जेआर कुर्रे ने बताया कि थाना पुलिस ने एसीसीयू की मदद से ओडिशा के बौध जिले के रहने वाले रविंद्र भुक्ता (50 वर्ष) और गगन आनंद मेहर (42 वर्ष) को पकड़ा है। कर्मचारी से 80 लाख की ठगी, मुनाफे के लालच में गंवा बैठा पैसा दोनों आरोपियों में गगन आनंद ओडिशा पुलिस में सहायक उपनिरीक्षक है। गगन ही पुलिस का रौब दिखाकर ड्राइवर के केबिन में गांजे की खेप को रखकर लाया था। जबकि गाड़ी उसका साथी रविंद्र भुक्ता चलाकर लाया था। दोनों के संबंध में मुखबिर से सूचना मिली थी कि वे गाड़ी (ओडी 17 एए 5980) से कुम्हारी से भिलाई की ओर आ रहे हैं। इसके चलते स्टेशन चौक कुम्हारी में नाकेबंदी कर दी गई, लेकिन आरोपी कुम्हारी से अहिवारा रोड की ओर निकल गए। इस पर तुरंत एक टीम गाड़ी के पीछे लग गई। अहिवारा रोड पर महेश इस्पात के पास वाहन को पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीए एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया।

सीएम साय से एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शर्मा ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से यहाँ उनके निवास कार्यालय में एसबीआई के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ और बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

मुख्यमंत्री साय ने शर्मा से छत्तीसगढ़ में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने में बैंकों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर इलाकों खासकर गावों तक बैंक शाखाओं का और अधिक विस्तार हो ताकि दूरस्थ क्षेत्र के अधिक से अधिक ग्रामीण-जन बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा बन सकें। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री साय ने राज्य में वित्तीय समावेशन बढ़ाने और ग्रामीणों को बैंकिंग साक्षरता से जोड़ने पर बल दिया। मुख्यमंत्री को शर्मा ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा इस दिशा में उठाये जा रहे कदमों और आगे की कार्ययोजना के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक रायपुर राकेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने एचडीएफसी बैंक की नई शाखा का किया उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राजधानी रायपुर के शंकर नगर में एचडीएफसी बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया। उन्होंने बैंक के अधिकारियों और खाताधारकों को बधाई देते हुए कहा कि एचडीएफसी बैंक ने कम समय में ही अपनी सेवाओं से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल की है। किसी संस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन में टीम-वर्क की अहम भूमिका होती है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि एचडीएफसी बैंक के अधिकारी और कर्मचारी अपनी बेहतर टीम-वर्क से रायपुरवासियों को अच्छी सेवाएं प्रदान करेंगे। उप मुख्यमंत्री साव ने विश्वास जताया कि एचडीएफसी बैंक से बैंकिंग सेवाओं की जरूरत वाली योजनाओं में राज्य सरकार और हितग्राहियों को पूर्ण सहयोग मिलेगा। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख इकबाल सिंह ने उद्घाटन कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक के पिछले 30 वर्षों के सफर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शंकर नगर की यह नई शाखा छत्तीसगढ़ में बैंक की 204वीं और रायपुर शहर की 30वीं शाखा है। बैंक के सर्किल प्रमुख दीपक अग्रवाल, विकास गोयल, सुबीर बनर्जी और शाखा प्रबंधक रवीश शाह भी उद्घाटन के मौके पर मौजूद थे।

प्रदेश में मानसून पूरी तरह से एक्टिव

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मौसम सुहाना हो चुका है। आज प्रदेश के कई जिलों में बारिश के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार, एक दो स्थानों पर वज्रपात की संभावना भी है। प्रदेश में दक्षिण और उत्तर छत्तीसगढ़ में ज्यादा बारिश हो रही है। मध्य में अभी भी बारिश का इंतजार है। वहीं विभाग ने बिलासपुर, रायपुर और बस्तर संभाग के लिए आज यलो अलर्ट जारी किया गया है। बीते रविवार के प्रदेश की राजधानी और बिलासपुर में झमाझम बारिश हुई है। जिससे लोगों को गर्मी और उमस से थोड़ी राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी 4 दिनों तक मानसून की एक्टिविटी बढ़ेगी। प्रदेश में आज भी अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं पिछले 48 घंटे के दौरान कुसमी, अंबिकापुर और कुनकुरी में 90 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। साथ ही छुरा, रामानुजगंज में 70, बलोदा बाजार, बैकुंठपुर में 60, मनोरा, मरवाही, मनेंद्रगढ़, पाटन में 40 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं, शनिवार को कोरबा जिले के हसदेव बैराज का एक गेट खेतों में पानी की कमी पूरी करने के लिए खोला गया है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 257.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 248.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 15 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 410.7 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 135.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 196.5 मिमी, बलरामपुर में 335.1 मिमी, जशपुर में 239.4 मिमी, कोरिया में 242.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 198.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। रायपुर जिले में 218.1 मिमी, बलौदाबाजार में 278.5 मिमी, गरियाबंद में 293.8 मिमी, महासमुंद में 203.8 मिमी, धमतरी में 231.6 मिमी, बिलासपुर में 322.8 मिमी, मुंगेली में 308.0 मिमी, रायगढ़ में 322.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 177.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 280.4 मिमी, सक्ती में 248.0 कोरबा में 380.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 318.4 मिमी, दुर्ग में 160.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 240.8 मिमी, राजनांदगांव में 198.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 221.4 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 178.4 मिमी, बालोद में 226.6 मिमी, बेमेतरा में 153.8 मिमी, बस्तर में 298.1 मिमी, कोण्डागांव में 231.3 मिमी, कांकेर में 235.7 मिमी, नारायणपुर में 290.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 294.3 मिमी और सुकमा जिले में 409.5 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

जिला चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की जीएसटी पर कार्यशाला आयोजित

कोरबा/नवप्रदेश। जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए चेम्बर भवन डीडीएम रोड कोरबा में जीएसटी कार्यशाला आयोजित की गयी। जीएसटी अधिकारी दीपक गिरी संयुक्त आयुक्त स्टेट जीएसटी बिलासपुर संभाग, आलोक कुमार सिंह प्रभारी उपायुक्त वृत-2, मनहरन लाल निर्मलकर सहायक आयुक्त, श्रुति सोनी सहायक आयुक्त एवं कीर्तिका राज अतिरिक्त सहायक आयुक्त बैठक में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम दीपक गिरी का पुष्प गुच्छ से स्वागत जिला चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष योगेश जैन एवं सुरेन्द्र जैन द्वारा किया गया।

योगेश जैन ने कहा कि कोरबा में स्टेट जीएसटी के अधिकारियों का रवैया काफी सहयोगात्मक रहता है। कुछ समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए श्री जैन ने कहा कि अपील करने के लिए बिलासपुर जाना पड़ता है, उसको कोरबा में ही अपील कर सके ऐसी सुविधा दिया जाना चाहिए। डिप्टी कमिश्नर के अवकाश अवधि के दौरान केस को बिलासपुर जाकर कराना पड़ता है, उसे कैंप लगाकर कोरबा में ही किया जाये। तत्पश्चात दीपक गिरी ने अपने संबोधन में व्यापारियों से कहा कि कोरबा से हमारे अधिकारियों के बारे में कोई शिकायत नहीं आती है। सभी व्यापारी समय पर अपना जीएसटी का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है लेकिन कोरबा में कम हो रहा है, कोरबा में व्यापार कमजोर हो रहा है क्या ? ई वे बिल की जांच के लिए कोरबा में कोई टीम नहीं है। रायगढ़ एवं बिलासपुर में टीम जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि अभी आलोक कुमार सिंह को कोरबा का प्रभारी उपायुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है और वह कोरबा में कैंप लगाकर केस का निपटारा करेंगे। योगेश जैन ने व्यापारियों से अपने समस्याओं को लेकर जो जिज्ञासा है उसको रखने के लिए कहा तो अधिकांश व्यापारियों ने ई वे बिल के विषय पर सवाल किए। सभी व्यापारियों का यह मत था कि जिले के अंदर ई वे बिल की अनिवार्यता को खत्म करना चाहिए ।

सीएम के निर्देश पर किसानों को सुगमता से मिल रहा है खाद-बीज

किसानों को अब तक 8.61 लाख मीट्रिक टन खाद और 7.85 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश के किसानों को उनकी मांग के अनुरूप सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश के किसानों को अब तक 8.61 लाख मीट्रिक टन खाद जो लक्ष्य का 63 प्रतिशत वितरित हो चुका है। इसी प्रकार किसानों को 7.85 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 80 प्रतिशत है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में मानसून की बौछारों के साथ शुरू हुए खेती-किसानी में बोनी का रकबा भी निरंतर बढ़ते जा रहा है। राज्य में अब तक 23.02 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 08 जुलाई 2024 की स्थिति में प्रदेश में अब तक 200.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1236 मिमी है। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष खरीफ 2024 के लिए प्रदेश में 9.78 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 9.04 लाख क्विटल बीज का भंडारण कर अब तक 7.85 लाख क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 80 प्रतिशत है।

इसी प्रकार प्रदेश में इस खरीफ सीजन में 13.68 लाख मेट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 12.80 लाख मेट्रिक टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरूद्ध 8.61 लाख मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 63 प्रतिशत है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश के किसानों को सुगमता से उनकी मांग के अनुरूप खाद-बीज सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

टास्क फोर्स की बैठक 16 को

नारायणपुर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार शिशु संरक्षण माह 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जाएगा, जिस हेतु कलेक्टर बिपिन मांझी की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिला स्तर पर टास्क फोर्स की बैठक 16 जुलाई दिन मंगलवार को दोपहर 01 बजे से कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित किया गया है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग

कोरबा/नवप्रदेश। बीती रात कोरबा के मध्य मुख्य मार्ग में रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने संचालित प्रतीष्ठित दुकान डिलाइट क्लॉथ में गत रात्रि लगभग 10:20 बजे आग लगने की घटना घटित हो गई। बताया जा रहा हैं की जिस वक्त यहां आग लगी, दुकान बंद हो चुकी थी और संचालक सहित कर्मचारी घर जा चुके थे।

एकाएक आग लगने की सूचना फैलते ही आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गई और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। कोतवाली पुलिस और दमकल वाहन भी पहुंच आग बुझाने का प्रयास करने लगे। जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान के ऊपरी मंजिल से लगी है। दुकान के सामने से हाई टेंशन तार गुजरी हुई है और यहां पेड़ की डालियां भी लटकी हैं। ऐसी चर्चा है कि तार में आपस में शॉर्ट सर्किट होने से उत्पन्न चिंगारी के संपर्क में दुकान की सजावट के लिए उपयोग में लगाई गई ज्वलनशील सामग्री का संपर्क होने से आग बढ़ गई और दुकान के अंदर तक फैल गई है। बड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया।

कोरबा पुलिस इंटरसेप्टर वाहन से कर रही निगरानी

कोरबा/नवप्रदेश। जिले की सड़कों पर बेलगाम वाहन दौड़ा कर खुद और दूसरों की जान आफत में डालने वालों की अब खैर नहीं होगी। ऐसे लोग अपराध करके भागने से बच नहीं पाएंगे बल्कि उन पर सीधी और पैनी नजर रहेगी। ऐसा संभव हुआ है जिला पुलिस को मिले इंटरसेप्टर वाहन के कारण । बढ़ते सड़क हादसों और अपराधों के मद्देनजर प्रदेश के 15 जिलों के लिए पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा राजधानी रायपुर में हरी झंडी दिखाकर इंटरसेप्टर वाहनों को रवाना किया गया।

कोरबा जिला भी सड़क हादसों के मामले में स्पॉटेड है। यहां के कुछ इलाकों की सड़कों को ब्लैक स्पॉट में चिन्हित किया गया है जहां हादसे काफी ज्यादा होते हैं। ऐसी सड़कों पर

दौड़ते लापरवाह वाहन चालकों पर इस वाहन से निगरानी रखी जाएगी और कार्रवाई होगी।

इस संबंध में यातायात प्रभारी एसआई गोवर्धन मांझी ने बताया कि इंटरसेप्टर वाहन एक हाई टेक्नोलॉजी से लैस गाड़ी है। ट्रैफिक पुलिस इंटरसेप्टर वाहन का इस्तेमाल करती है। कैमरा और जीपीएस से यह लैस है। इंटरसेप्टर गाड़ी में 360 डिग्री में घूमने वाला कैमरा होता है जो वाहनों की गति को नियंत्रित करने का काम करती है। तेज रफ्तार वाहनों की गति माप लेती है। इंटरसेप्टर में लगे कैमरे नंबर प्लेट की फोटो ले लती है। चंद सेकेंड में गाड़ी के नंबर प्लेट की प्रिंट निकाल देती है। बिना गाड़ी को रोके उसका चालान काट देती है। सड़क दुर्घटना को रोकने में यह कारगर साबित होती है। दुर्घटना के वक्त मदद के लिए भी तैयार रहती है। इंटरसेप्टर वाहन में ट्रैफिक विभाग का पूरा डेटा मौजूद रहता है और इस डेटा की मदद से गाड़ी मालिक को संदेश भेजा जाता है। इसी तरह यह बिना हेलमेट वालों को ट्रैक कर लेती है। सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों की भी फोटो खींच लेती है। यह गाड़ी जुर्माने की प्रक्रिया को आसान बनाती है। क्राइम कंट्रोल करने में भी इंटरसेप्टर वाहन से मदद मिलती है।

दोंदेकला में अवैध पत्थर खनन कलेक्टर से की गई शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर से लगे विधानसभा इलाके के ग्राम मटिया दोंदेकला में जमकर अवैध पत्थर का उत्खनन हो रहा है। इसे लेकर रायपुर कलेक्टर से शिकायत की गई है।

धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने कलेक्टर रायपुर से मुलाकात कर कहा है कि, मटिया- दोन्देकला क्षेत्र के 5 एकड़ से अधिक एरिया में पत्थर का अवैध उत्तखनन चल रहा है। करोड़ों रुपयों के पत्थर अभी तक निकाले जा चुके हैं। आखिर करोड़ रुपये का पत्थर किस क्रेशर को बेचा गया है। इनकी जांच की मांग की गई है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में बंजारे ने कहा है कि, सरकार, रेत-पत्थर माफिया, भूमाफियाओं को पनाह दे रही है। स्थानीय मीडिया, अखबार प्रतिनिधि और स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रतिदिन रेत माफियाओं एवं पत्थर माफियाओं के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। लेकिन बड़े नेताओं के शीर्ष स्तर के राजनैतिक संरक्षण के चलते उक्त माफियाओं पर कार्यवाही करने खनिज विभाग की हिम्मत नहीं हो रही है।

कोशिशें लाई रंग, छत्तीसगढ़ में मलेरिया के टूटे डंक

राज्य में पॉजिविटी रेट 4.60 से घटकर अब 0.51 प्रतिशत

रायपुर । घने जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों वाले बस्तर संभाग में मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम हमेशा से एक कड़ी चुनौती रही है, लेकिन इसके बावजूद हालात तेजी से बदले भी हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बारिश के मौसम को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों से बस्तर सहित पूरे राज्य में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस बारिश के

दौरान मलेरिया उन्मूलन की दिशा में प्रयासों को तेज करने के मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल बीजापुर जिले के दौरे पर हैं।

छत्तीसगढ़ के मलेरिया के कुल मामलों में से 61.99 फीसदी दंतेवाड़ा, बीजापुर, और नारायणपुर से आते हैं। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता और मुख्यमंत्री के निर्देशन में किए गए कार्यों से मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है। बस्तर संभाग में मलेरिया के मामलों में 50 फीसदी की कमी आई है। मलेरिया के वार्षिक परजीवी सूचकांक दर के अनुसार, 2018 में छत्तीसगढ़ में मलेरिया की दर 2.63 फीसदी थी जो 2023 में घटकर 0.99 फीसदी रह गई है। इसी तरह बस्तर में यह दर 16.49 फीसदी से घटकर 7.78 फीसदी रह गई है। मलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 2020 से 2023 के दौरान, पहले से नौंवे चरण तक मलेरिया धनात्मक दर 4.60 फीसदी से घटकर 0.51 फीसदी हो चुकी है। इस अभियान का दसवां चरण भी 5 जुलाई 2024 को समाप्त हुआ है। इस अभियान के तहत राज्य में 22 जिलों में 16.97 लाख कीटनाशक युक्त मच्छरदानियों का वितरण भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने 2024 की पहली छमाही में मलेरिया के मामलों की रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बस्तर जिले में 1660 केस, बीजापुर में 4441, दंतेवाड़ा में 1640, कांकेर में 259, कोंडागांव जिले में 701, नारायणपुर जिले में 1509 और सुकमा में 1144 केस दर्ज किए गए हैं। इस प्रकार, स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों में मलेरिया के मामलों की निगरानी बढ़ाने और उपचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, राज्य सरकार ने जनता से अपील की है कि मलेरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और समय पर उपचार करवाएं। मलेरिया के मामलों में आई यह कमी सरकार की सतर्कता और जनता की जागरूकता का परिणाम है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22